संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, बुधवार, 06 मार्च 2024 | ₹2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



मंगलवार को सबसे पहले सिकंदराबाद के श्री उज्जयिनी महाकाली मंदिर में पूजा-अर्चना की।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 18 अंकः 64 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## अवमाननाः हरियाणा के मुख्य सचिव व गृह सचिव को नोटिस


**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्रामः** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने प्रदेश के पांच न्यायिक अधिकारियों की अवमानना याचिका पर हरियाणा के मुख्य सचिव सहित दो अधिकारियों को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने दोनों अधिकारियों से 21 मार्च तक जवाब मांगा है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गुरुग्राम मनोज कुमार राणा और अन्य अधिकारियों ने नियुक्तियों को लेकर हाई कोर्ट के 20 दिसंबर के आदेश का पालन न करने पर अवमानमा याचिका दायर की है। इस मामले में जस्टिस राजबीर सहरावत की बेंच ने राज्य के मुख्य सचिव संजीव कौशल और गृह एवं न्याय विभाग के सचिव टीवीएसएन प्रसाद को नोटिस जारी कर 21 मार्च तक जवाब मांगा है। अपनी याचिका में अधिकारियों ने हाई कोर्ट के 20 दिसंबर के आदेश की जान-बूझकर अवज्ञा करने का आरोप लगाया है।

कोर्ट ने कहा कि न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति पर सिफारिशें राज्य सरकार के लिए बाध्यकारी हैं। साथ ही निर्देश दिया कि जिन 13 अधिकारियों को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीशों (एडीजे) के रूप में नियुक्ति के लिए सिफारिश की गई थी, उनकी नियुक्ति दो सप्ताह के भीतर की जाए। विचाराधीन आदेश उन याचिकाओं पर आया, जिनमें हाई कोर्ट की सिफारिशों को स्वीकार नहीं करने के सरकार के कदम को चुनौती दी गई थी। हाई कोर्ट से फिर से नाम भेजने के लिए कहा गया था। सरकार का विचार था कि केंद्र से प्राप्त कानूनी राय के अनुसार हाई कोर्ट ने 30 नवंबर 2021 के एक प्रस्ताव के माध्यम से इन रिक्तियों को भरने के लिए मानदंड में संशोधन किया है। नियमों में संशोधन के लिए परामर्श की आवश्यकता अनिवार्य है। इसमें परामर्श नहीं हुआ था, इसलिए सरकार उच्च चयन समिति की सिफारिशों को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं थी।


**फरवरी 2023 में एडीजे के लिए 13 नामों की थी सिफारिशः** फरवरी 2023 में एडीजे के रूप में नियुक्ति के लिए हाई कोर्ट ने 13 नामों की सिफारिश की गई थी। सरकार ने नामों को अधिसूचित नहीं किया। इसे लेकर 6 सितंबर, 2023 को कुछ न्यायिक अधिकारियों ने न्यायिक पक्ष में हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और याचिकाएं दायर की गईं। इस पर 20 दिसंबर को दो सप्ताह के भीतर अनुशंसित अधिकारियों की नियुक्ति के निर्देश के साथ निस्तारण किया गया था। याचिका के अनुसार, सरकार के साथ-साथ कुछ असफल उम्मीदवारों ने हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। 13 फरवरी, 2024 को उपरोक्त सभी याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी गईं, लेकिन उसके बाद भी नियुक्तियों को अधिसूचित नहीं किया गया है।

### आदर्श विचार



"मनुष्य को जीवन की चुनौतियों से भागना नहीं चाहिए।"
-भागवद्

### मन की बात



"सत्य को हजार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"
-स्वामी विवेकानंद

### तीसरी आंख




## 'परिवारवादियों ने देश को बर्बाद किया'

= उन्होंने जमीन-आसमान बेचकर कोठियां बनवाईं, मैंने घर भी नहीं बनवायाः पीएम

**साधा निशाना**

8 सबसे पहले सिकंदराबाद के श्री उज्जयिनी महाकाली मंदिर में पूजा-अर्चना की



**टीम एक्शन इंडिया**

**हैदराबाद/भुवनेश्वरः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 घंटे के अंदर एक बार फिर तेलंगाना पहुंचे। उन्होंने मंगलवार को सबसे पहले सिकंदराबाद के श्री उज्जयिनी महाकाली मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद उन्होंने संगारेड्डी में 7200 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का इनॉगरेशन किया। पीएम मोदी ने यहां रैली को संबोधित करते हुए एक बार फिर परिवारवाद को लेकर विपक्ष पर निशाना साधा। पीएम ने कहा- पता है ये लोग मुझे गाली क्यों दे रहे हैं? ये मोदी उनकी आंखों में चुभता क्यों है? उसका कारण है- मैं उनके सैकड़ों हजारों रुपए के घोटालों की पोल खोल रहा हूं। पीएम ने कहा- मैं इनके परिवार के खिलाफ परिवारवाद के खिलाफ बोल रहा हूं। व्यक्तिगत आरोप नहीं लगाया। वो लोग मेरी बातों का जवाब नहीं देते हैं, वो कहने लगते हैं कि मोदी का परिवार ही नहीं है। अगर आपके पास परिवार है तो आपको चोरी करने की छूट है, सत्ता पर कब्जा करने की छूट है? मोदी बोले- विपक्ष के लोगों ने सत्ता में रहते हुए भ्रष्टाचार के लिए जमीन-आसमान बेच दिए और अपनी कोठियां बनवाईं। मैंने आज तक अपना घर भी नहीं बनवाया। मैं गुजरात का मुख्यमंत्री और अब देश का प्रधानमंत्री रहते हुए अब तब 150 करोड़ के गिफ्ट नीलाम करवाकर जनता की सेवा में लगा दिए।

**मोदी जो कहता है, वो करके दिखाता हैः** प्रधानमंत्री ने कहा- कल भी मैं तेलंगाना में थ और आज भी आया हूं। इन दो दिनों में 63 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ। आप भी जानते हैं कि मोदी जो कहता है, वो करके दिखाता है। मैनें कहा था- भारत को पूरे विश्व में एक नई ऊंचाई पर ले जाएंगे। आज आप देख रहे हैं कि कैसे भारत पूरे विश्व में आशा की किरण बनकर नई ऊंचाई छू रहा है। मोदी ने कहा- हमने जम्मू कश्मीर से आर्टिकल 370 के अंत की बात कही थी। ये वादा बीजेपी ने पूरा करके दिखाया। हमने कहा था कि हम सब मिलकर अयोध्या के भव्य मंदिर में भगवान राम का स्वागत करेंगे।

### मेरे लिए देश का हर परिवार सब कुछ हैः मोदी

**मोदी** ने कहा- मैंने एक ही परिवार के 50-50 लोग पदों पर विराजमान देखे हैं। ये कहते हैं कि मोदी के साथ हमारी विचारधारा की लड़ाई है। ये विचारधारा की लड़ाई है। वो कहते हैं फैमिली फर्स्ट, मोदी कहता है कि नेशन फर्स्ट। ये है विचारधारा की लड़ाई। प्रधानमंत्री ने कहा- उनके लिए उनका परिवार ही सब कुछ है। मेरे लिए देश का हर परिवार सब कुछ है। इन्होंने अपने परिवार के हितों के लिए देशहित को बलि चढ़ा दिया। मोदी ने देशहित के लिए खुद को खपा दिया है।

### परिवारवादियों ने जमीन-आसमान बेचे, कोठियां-महल बनवाए

**पीएम** ने कहा कि उन्होंने काला धन ठिकाने लगाने के लिए विदेशी बैंकों में अपने खाते खोले। मोदी है, जिसने यहां करोड़ों गरीब भाई-बहनों के जनधन खाते खुलवाए। ये फर्क है। परिवारवादियों ने अपने परिवार के लिए कोठियां-महल-शीशमहल बनवाए। मोदी ने अपने लिए एक घर तक नहीं बनाया। मोदी देश के गरीबों के पक्के घर बनवा रहा है। अब तक 4 करोड़ घर बन चुके हैं। परिवारवादियों ने देश की खदानें, महंगी जमीनें और आकाश तक बेचा।

## संदेशखाली मामले की जांच करेगी सीबीआईः हाईकोर्ट



**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल के बहुचर्चित संदेशखाली हिंसा मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट ने महत्वपूर्ण आदेश दिया है। मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम ने ईडी अधिकारियों पर हमला मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी है। उन्होंने आदेश दिया है कि मामले की जांच सीबीआई करेगी और आज मंगलवार शाम तक शेख शाहजहां को सीबीआई के हवाले करने को कहा है। सारे दस्तावेज भी सीबीआई के हवाले करने का निर्देश हाई कोर्ट ने दिया है। बनगांव और नजात थाने में दर्ज तीन प्राथमिकी की जांच सीबीआई करेगी जो पूरी तरह से ईडी अधिकारियों पर हमला मामले से संबंधित है। दरअसल, पांच जनवरी को राशन वितरण भ्रष्टाचार के मामले में ईडी की टीम शेख शाहजहां के घर छापेमारी करने पहुंची थी, जहां एकत्रित हुए हजारों लोगों ने केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों पर हमला कर दिया था।केंद्रीय एजेंसी ने इस मामले में शाहजहां को मुख्य आरोपित बनाकर दावा किया था कि उसी के कहने पर लोगों ने हमले किए थे। उसके बाद से शाहजहां फरार हो गया था। आखिरकार 55 दिनों बाद पश्चिम बंगाल पुलिस ने कलकत्ता हाई कोर्ट के सख्त रुख अख्तियार करने के बाद उसे गिरफ्तार किया था।

**ममता को झटका**

8 शेख शाहजहां को सारे दस्तावेज के साथ केंद्रीय एजेंसी के हवाले करने का निर्देशः हाईकोर्ट

## 'मोदी की गारंटी के संकल्प के साथ एक श्रेष्ठ भारत का हो रहा निर्माण'



**टीम एक्शन इंडिया**

**उत्तरकाशीः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि मोदी की गारंटी के संकल्प के साथ एक श्रेष्ठ भारत का निर्माण हम सबको करना होगा। आज हम विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। जल्द ही हमारा स्थान तीसरे नंबर पर होने जा रहा है। मुख्यमंत्री मंगलवार को यमुनोत्री विधानसभा के बड़कोट में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। टिहरी गढ़वाल से लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी घोषित होने के बाद बड़कोट में आयोजित जनसभा से लोकसभा चुनाव का प्रचार शुरू करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि आज मोदी जी गांव, गरीब, किसान, वंचित सभी की चिंता कर रहे हैं। उन्होंने केंद्र सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि उज्ज्वला योजना हमारे पहाड़.की महिलाओं के आंखों को धुएं से मुक्ति दिला रही है। आज हमारी बहनें, माताएं घरों में गैस चूल्हे पर आराम से भोजन बना रही हैं। यह भी मोदी जी के कारण ही सम्भव हो पाया है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री अंत्योदय योजना के अंतर्गत हर गरीब को राशन मिल रहा है। आज हर गरीब का अपना पक्का मकान बन रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाखों की संख्या में गरीब लाभान्वित हो रहे हैं। जन-धन योजना से करोड़ों लोगों के बैंक खाते खुल चुके हैं, जिससे केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक व्यक्ति के खाते में जा रहा है, किसान सम्मान योजना प्रत्येक परिवार को प्रदान की जा रही है।

**एक भारत...**

8 मोदी के गरीब जनकल्याणकारी योजनाओं से आम जनमानस हो रहा लाभान्वित

## त्रिपुरा सरकार ने कर्मचारियों का बढ़ाया 5 फीसदी महंगाई भत्ता

**टीम एक्शन इंडिया**

**अगरतलाः** त्रिपुरा की प्रो. डॉ. मानिक साहा सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारियों को मिल रहे महंगाई भत्ते में पांच फीसदी का आज इजाफा किया गया है। इस आशय की घोषणा मुख्यमंत्री डॉ. साहा ने त्रिपुरा विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन आज सदन को संबोधित करते हुए की। उन्होंने कहा कि त्रिपुरा सरकार अपने कर्मचारियों के कल्याण के प्रति प्रतिबद्ध है। बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता कर्मचारियों को बीते 1 जनवरी से दिया जाएगा। राज्य सरकार का इस पर 500 करोड़ रुपए का अतिरिक्त खर्च होगा।

## सीडीएस ने 'विजन 2047' के लिए रक्षा क्षेत्र में 'आत्मनिर्भर' होने पर जोर दिया

### दो दिवसीय विचार मंथन सत्र में स्वदेशीकरण प्रक्रिया में तेजी लाने पर हुई खास चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने भारत के विजन 2047 के अनुरूप रक्षा विनिर्माण और उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने पर जोर दिया है। उन्होंने दो दिवसीय विचार-मंथन सत्र के आखिरी दिन रक्षा क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में सरकार, सेवाओं, अनुसंधान एवं विकास और रक्षा उत्पादन पारिस्थितिकी तंत्र के बीच प्रयासों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स के सहयोग से मुख्यालय इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ की ओर से सैन्य मामलों के विभाग के तत्वावधान में आयोजित पहले दो दिवसीय विचार मंथन सत्र ह्यस्वदेशीकरण को प्रोत्साहनह्ण का मंगलवार को समापन हुआ। विचार मंथन के दौरान स्वदेशीकरण प्रक्रिया में तेजी लाने और भारतीय रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ाने के उद्देश्य से नीतिगत सुधार के लिए बहुत ही उपयोगी परिणाम सामने आए। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने अपने संबोधन में रक्षा सुधारों में चल रही परिवर्तनकारी प्रक्रिया को रेखांकित किया। विचार मंथन सत्र में रक्षा मंत्रालय, डीएमए, सेवा मुख्यालय, भारतीय तट रक्षक, डीआरडीओ, रक्षा उत्पादन विभाग, डीजीक्यूए, शिक्षा, उद्योग भागीदारों और त्रि-सेवाओं की क्षेत्रीय इकाइयों के प्रमुख हितधारकों ने सक्रिय भागीदारी की।



**प्रकाश डाला**

8 अनुसंधान एवं विकास और रक्षा उत्पादन पारिस्थितिकी तंत्र के बीच प्रयासों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

## हिप्र के अयोग्य घोषित 6 विधायकों ने सुप्रीम कोर्ट का किया रुख

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** हिमाचल प्रदेश विधानसभा से अयोग्य करार हुए कांग्रेस के छह विधायकों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इन विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष द्वारा अयोग्य ठहराने के फैसले को चुनौती दी है। कांग्रेस के बागी सुधीर शर्मा, राजिंदर राणा, इंद्र दत्त लखनपाल, रवि ठाकुर, देवेंद्र भुट्टो और चैतन्य शर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। कांग्रेस के छह बागी विधायकों ने स्पीकर के फैसले को गलत ठहराते हुए इसे रद्द करने की मांग की है।

## सीएम ने 64 अभ्यर्थियों को दिए नियुक्ति पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादूनः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को राजपुर रोड स्थित होटल में उद्योग विभाग की ओर से आयोजित उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स सम्मिट-2023 में हुए निवेश प्रस्तावों की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में 11 परियोजनाओं का शिलान्यास करने के साथ उद्योग विभाग के 64 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

**उत्तराखंड में बना व्यापार, विकास और विश्वास का वातावरणः** मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि आज ग्राउंडिंग सेरेमनी के तहत 27 हजार करोड़ की परियोजनाओं की ग्राउंडिंग की जा रही है। इस प्रकार अब तक 71 हजार करोड़ की परियोजनाओं की ग्राउंडिंग की जा चुकी है। उन्होंने उद्यमियों से कहा कि आप हमारे ब्रांड एम्बेसडर ही नहीं, बल्कि उससे भी बढ़ कर भूमिका आप लोगों ने निभाई है। इससे प्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के सपने साकार हो रहे हैं। इसी का प्रतिफल है कि उत्तराखंड में व्यापार, विकास और विश्वास का नया माहौल बना है।



**उत्तराखंड ग्रांड चैलेंज 2022-23 के विजेता हुए पुरस्कृतः** इस मौके पर मुख्यमंत्री ने स्टार्टअप उत्तराखंड ग्रांड चैलेंज 2022-23 के विजेताओं यथा साक्षी एंड ग्रुप, अंकुश गर्ग, सौम्यदीप एंड अभि, लव शर्मा, मयंक बिष्ट, अरुण शर्मा, तेजस एंड वंश, समृद्धि एंड ग्रुप, समृद्धि एंड शिव साक्षी तथा कुलदीप बिष्ट को पुरस्कृत किया।

## 'कर्नाटक विधानसभा में लगे पाकिस्तान के समर्थन में नारे'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** कर्नाटक के गृहमंत्री जी. परमेश्वर ने स्वीकार किया है कि 27 फरवरी को राज्यसभा चुनाव के नतीजे के बाद राज्य विधानसभा में पाकिस्तान के समर्थन में नारे लगाए गए थे। फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला की रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए परमेश्वर ने कहा कि रिपोर्ट से पुष्टि हुई है कि पाकिस्तान के समर्थन में नारे लगाए गए हैं। लोगों ने दो बार नारे लगाए हैं लेकिन प्रयोगशाला की रिपोर्ट में यह नहीं बताया गया कि नारे किसने लगाए हैं। तीन लोगों की मामले में पहचान की गई है और उन्हें गिरफ्तार किया गया है।

**स्वीकारी**

8 रिपोर्ट में यह नहीं बताया गया कि नारे किसने लगाए हैं। तीन लोगों की मामले में पहचान की गई है

**विकासात्मक** नेरवा में बहुमंजिला बस अड्डा निर्मित करने, दुग्ध शीतन केन्द्र स्थापित करने, नेरवा और कुपवी में मिनी सचिवालय स्थापित करने करने की घोषणा की

## सीएम सुक्खू ने नेरवा में विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास किए

**चमन शर्मा**

**शिमलाः** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को शिमला जिला के चौपाल के नेरवा में 73.43 करोड़ रुपये की विभिन्न योजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास करने के उपरान्त एक विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार नवीन योजनाओं के माध्यम से राज्य के जन-जन के जीवन स्तर में सुधार के लिए कार्यरत है।

मुख्यमंत्री ने 5.10 करोड़ रुपये की लागत से कनाहल से बजाथल, 5.14 करोड़ रुपये की लागत से सैंज से डाक सराड़, 6.83 करोड़ रुपये की लागत से तराहं से बनाह, 6.89 करोड़ रुपये की लागत से पबास से मशरौंह, 4.01 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित ननहार से मलकौत मार्ग वाया कुफ्टू कलून हरिजन बस्ती सडक तथा नानू कुठाड़ बासाधार गियान कोट मार्ग पर 2.95 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित पुल का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने न्योटी छावनी बावी मार्ग पर न्योटी में शालू खड्ड पर 4.36 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले 60 मीटर लम्बे प्रीस्ट्रैस्ड डबल लेन पुल का शिलान्यास किया। उन्होंने 30.46 करोड़ रुपये की लागत से खिडकी से चौपाल मार्ग को चौड़ा करने एवं सुदृढ़ीकरण कार्य की आधारशिला भी रखी। उन्होंने 7.68 करोड़ रुपये की लागत से देहा कठोरी पुंडर घलाना मार्ग के स्तरोन्नयन कार्य का शिलान्यास भी किया। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार जन हितैषी सोच के साथ न केवल योजनाओं को धरातल पर उतार रही है अपितु चुनाव पूर्व लोगों के साथ किए गए वायदों को कठिन वित्तीय स्थिति के बावजूद भी पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने गत दिवस प्रदेश की 18 वर्ष से अधिक आयुवर्ग की महिलाओं को इन्दिरा गांधी प्यारी बहना सुख.सम्मान निधि योजना के तहत 1500 रुपये मासिक प्रदान करने की घोषणा कर अपनी पांचवी गांरटी पूरी की है।



**विकास कार्य**

8 प्रदेश सरकार नवीन योजनाओं के माध्यम से राज्य के जन-जन के जीवन स्तर में सुधार के लिए कार्यरत है।

## हाई कोर्ट का सुक्खू सरकार को बड़ा झटका

**चमन शर्मा**

**शिमलाः** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने हिमाचल प्रदेश वाटर सेस अधिनियम के प्रावधानों को असंवैधानिक ठहराते हुए इसे खारिज कर दिया है। हाईकोर्ट के समक्ष विद्युत उत्पादन से जुड़े भारत सरकार के उपक्रमों और निजी विद्युत कंपनियों ने याचिकाएं दायर की थी। न्यायाधीश न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान और न्यायाधीश न्यायमूर्ति सत्येन वैद्य की खंडपीठ ने 39 याचिकाकर्ता कंपनियों की याचिकाओं को स्वीकारते हुए अधिनियम के प्रावधानों को खारिज कर दिया। अदालत ने प्रदेश सरकार को उक्त अधिनियम के रद्द किए गए प्रावधानों के तहत उगाही गई राशि को चार सप्ताह के भीतर वापिस करने के आदेश भी दिए हैं। अदालत ने कानून को निरस्त करते हुए इसके तहत बनाए गए नियमों को भी रद्द कर दिया है। हाई कोर्ट ने कहा कि भारतीय संविधान के तहत प्रदेश सरकार इस तरह के कानून बनाने की शक्तियां नहीं रखती। एनटीपीसी, बीबीएमबी, एनएचपीसी और एसजेवीएनएल ने दलील दी थी कि प्रदेश सरकार संविधान द्वारा प्रदत्त शक्तियों के तहत उस पानी पर टैक्स नहीं लगा सकती जिसका उपयोग विद्युत उत्पादन के लिए किया जाना हो। प्रदेश सरकार केवल उत्पादित बिजली पर ही ट ै क स ा अथवा सेस लगाने की शक्तियां रखती है। केंद्र और राज्य सरकार के साथ अनुबंध के आधार पर कंपनियां राज्य को 12 से 13 फ ीसदी बिजली मुफ्त देती हैं। इस स्थिति में हिमाचल प्रदेश वाटर सेस अधिनियम के तहत कंपनियों से सेस वसूलने का प्रावधान संविधान के अनुरूप नहीं है।

**खारिज**

8 हिमाचल प्रदेश वाटर सेस अधिनियम के प्रावधानों को असंवैधानिक ठहराते हुए इसे खारिज कर दिया

# पैसे देकर कहीं 'जहर' तो नहीं खा रहे: गैस, शुगर और बीपी की नकली दवाइयों की खेप बरामद




**टीम एक्शन इंडिया**

**साहिबाबाद :** औषधी विभाग (ड्रग्स) अधिकारियों ने क्राइम ब्रांच व साहिबाबाद थाना पुलिस के साथ मिलकर राजेंद्र नगर औद्योगिक क्षेत्र व न्यू डिफेंस कॉलोनी भोपुरा में दो जगह पर सर्वे (रेड) किया। दोनों जगहों से 1.10 करोड़ रुपये कीमत की गैस, शुगर व बीपी की नकली दवाइयों की खेप पकड़ी। मौके से कच्चा माल, मशीन, दवाइयां बरामद हुईं। टीम ने 14 सैंपल जांच के लिए भी भेजे हैं। टीम ने साहिबाबाद थाने में नकली दवा बनाने, बेचने व धोखाधड़ी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया। कंपनी संचालक विजय चौहान को गिरफ्तार किया। औषधी विभाग गाजियाबाद के ड्रग्स इंस्पेक्टर आशुतोष शर्मा ने बताया कि साहिबाबाद क्षेत्र में नकली दवाइयां बनाने का इनपुट मिला था। टीम नकली दवाई बनाने वालों पर नजर बनाई हुई थी। विभागीय अधिकारियों ने क्राइम ब्रांच व साहिबाबाद थाना पुलिस टीम को साथ लेकर सोमवार को राजेद्र नगर औद्योगिक क्षेत्र प्लॉट नंबर 77 व न्यू डिफेंस कॉलोनी भोपुरा के प्लॉट संख्या ए/8 पर सर्वे किया। राजेंद्र नगर से नामी ब्रांड कंपनी की पेंडी दवाई, ओमेज डीएसआर व पेंडी के कैप्सूल खाली खोखे, पैकेजिंग मेटेरियल व उपकरण, हाईटेक बिलस्टर पैकेजिंग मशीन, हाईटेक कैप्सूल शैल एमबोसिंग मशीन, इंकजेट प्रिटिंग मशीन बरामद हुई। इसकी कीमत करीब 60 लाख रुपये है।

जबकि न्यू डिफेंस कॉलोनी साइट से ग्लोकॉनॉर्म जी2 व जी1, टेल्मा एच, टेल्मा एम, पेंटोसिड डीएसआर, ओमेज डीएसआर, मॉबीजॉक्स, कच्चा माल, पैकेजिंग मेटेरियल व मशीन, वजन मशीन आदि बरामद हुए।

## सीमा की बढ़ीं मुश्किलें: पाक से आया 6 करोड़ का नोटिस



**टीम एक्शन इंडिया**

**रबूपुरा।** अपने चार बच्चों के साथ पाकिस्तान से भारत के उत्तर प्रदेश में आकर बसी सीमा हैदर के लिए पाकिस्तान से नोटिस आया है। यह नोटिस किसी और ने नहीं सीमा के पहले पति गुलाम हैदर ने भेजा है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो के अनुसार सीमा हैदर के पाकिस्तानी पति गुलाम हैदर ने सीमा व सचिन के नाम तीन-तीन करोड़ रुपये का नोटिस भेजा है।

**गुलाम हैदर सार्वजनिक माफी की भी की मांग**

सिर्फ यही नहीं गुलाम हैदर ने इसके अलावा दोनों को सार्वजनिक तौर पर माफी मांगने के लिए भी कहा गया है। चर्चा है कि सीमा के वकील एपी सिंह को भी पांच करोड़ रुपये का नोटिस भेजा गया है। हालांकि नोटिस के बारे में सीमा हैदर का कहना है कि पब्लिसिटी पाने के लिए एक वकील उनके पास नोटिस भेज रहा है। जिसका एक वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित है।

## नौकरानी ने फंदा लगाकर दी जान: दूसरे ने खुद को मारी गोली

**साहिबाबाद:** इंदिरापुरम के मकनपुर में व्यापारी के घर में घरेलू सहायिका 17 वर्षीय मोहिनी (फुल टाइम मेड कम केयर टेकर) ने सोमवार शाम को पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। वारदात के समय व्यापारी दंपती विजयनगर अपनी दुकान पर गए हुए थे। घर पर तीन बच्चे थे। पड़ोसी ने व्यापारी को शाम छह बजे घटना की जानकारी दी। घर पहुंचने पर व्यापारी की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को घटना स्थल के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। मोहिनी मूल रूप से एटा की रहने वाली थीं। वर्तमान में मकनपुर में ही परिवार के साथ किराये के मकान में रह रही थी। उधर, टीला मोड़ थाना क्षेत्र में 21 वर्षीय कैफ पुत्र हनीफ निवासी मोहल्ला तीरगारान फरुखनगर ने सोमवार रात आत्महत्या कर ली।

मौत का कारण कैफ का खुद को गोली मारना आया है। कैफ शादी समारोह में डेकोरेशन का काम करता था।

## बाइक पर जा रहे दो बच्चे को सांड़ ने मारी टक्कर

**नोएडा।** शहर में घूम रहे बेसहारा पशु लोगों के लिए काल साबित हो रहे हैं। कोतवाली सेक्टर-113 क्षेत्र के पर्थला गांव के सब्जी मंडी के पास बाइक पर सवार होकर जा रहे दो बच्चों को एक सांड ने टक्कर मार दी। इस घटना में एक बच्चे की मौत हो गई है, जबकि दूसरे की हालत अत्यंत नाजुक बनी हुई है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सर्वेश कुमार सिंह ने बताया कि कृष (15 वर्ष) निवासी ग्राम पर्थला अपने एक साथी के साथ बाइक पर बैठकर सोमवार शाम पर्थला सब्जी मंडी के पास से गुजर रहे थे।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, उत्तर रेलवे, कश्मीरी गेट, दिल्ली–6 निम्नलिखित कार्य के लिए दो पैकेट प्रणाली के अंतर्गत ई–निविदा आमंत्रित करते हैं :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम व स्थान | मुरादाबाद मण्डल के उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण/मुरादाबाद के अधिकार क्षेत्र में चन्दौसी यार्ड में चन्दौसी अलीगढ़ सेक्शन में कि.मी. 69/13–14 पर समपार फाटक संख्या 36–बी के स्थान पर (स्पैन 1x60 मी. को स्ट्रीम स्टील गर्डर) के सड़क उपरी पुल का निर्माण एवं अन्य सम्बन्धित कार्य करने हेतु। |
| 2. | अनुमानित/निदेशात्मक परियोजना लागत | रुपये 2106.86 लाख |
| 3. | कार्य पूरा करने की अवधि | 12 माह |
| 4. | जमा की जाने वाली जमानती राशि | रुपये 12,02,900.00 |
| 5 | विस्तृत ई–निविदा सूचना तथा निविदा दस्तावेज | उपर्युक्त निविदा दस्तावेज आई आर ई पी एस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर 06.03.2024 से 28.03.2024 के बीच 11:30 बजे तक उपलब्ध होगी। |
| 6 | ई–निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खुलने की तिथि और समय | निविदा 11.30 बजे दिनांक 14.03.2024 से 28.03.2024 तक आई आर ई पी एस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती है तथा उसको बाद केवल तकनीकी सह वाणिज्यिक बिडों को 11:30 बजे दिनांक 28.03.2024 को खोला जाएगा। |
| 7 | निविदा खुलने की तिथि और समय | 28.03.2024 को 11:30 बजे खोली जायेगी। पात्र निविदाकर्ताओं की वित्तीय बोली तदनुसार खोली जायेगी जिसकी समय और तिथि की सूचना बाद में दी जायेगी। |

Tender Notice No.74-W-4-1-471-WA-MB Dated:-05.03.2024 703/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर मध्य रेलवे**

No.: DYCE-II-GSU-PRYJ-04-2024 दिनांक: 01.03.2024

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियन्ता-II/जी.एस.यू./प्रयागराज, उत्तर मध्य रेलवे के अधीन निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु ई-निविदायें आमंत्रित करते हैं (द्वारा खुली निविदा-डबल पैकेट प्रणाली एवं संयुक्त आम/संघ/स्वा०ओ०प्र०स०, अनुमोदित) समाप्ति की तिथि/समय, 10.04.2024 15:00 बजे तक। बोली लगाने वाले अपने मूल/संशोधित बिड्स समाप्ति तिथि एवं समय तक मात्र जमा कर सकते है। इस निविदा के लिए मैनुअल ऑफर की अनुमति नहीं है और प्राप्त किसी ऐसे मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा।

**कार्य का विवरण:** उप मुख्य अभियन्ता-II/जी.एस.यू./प्रयागराज के अन्तर्गत प्रयागराज मंडल के 03 स्टेशन अछल्दा, फफूंद और पफूंद स्टेशन पर कूल शेड के प्रावधान के संबंध में पी-वे कार्य।

**अनुमानित लागत:** ₹ 4.96 करोड़, **धरोहर धनराशि:** ₹ 3,98,800/-, **निविदा फार्म का मूल्य:** ₹ 0.00, **खुलने की तिथि:** 10.04.2024 15:00, **कार्य समापन अवधि:** 12 महीने, **पात्रता मानदंड के लिए कार्य की समान प्रकृति की परिभाषा:** पी0 वे0 कार्य।

**नोट:-** पूर्ण विवरण और निविदा जमा करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की https://www.ireps.gov.in वेबसाइट देखें।

**नोट:-** (1) उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) https://www.ireps.gov.in पर निर्धारित तिथि तक 15:00 बजे तक उपलब्ध रहेगा। (2) उपरोक्त सभी निविदाओं में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप से बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु टेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको I.T.Act-2000 के अन्तर्गत CCA द्वारा जारी Class-III, Digital हस्ताक्षर प्रमाण-पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। (3) निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेंशियल रेट पेज पर ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म/लेटरहेड पर यदि संलग्न हैं तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। (4) संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिये। (5) किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 373/24(A)

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR

**भारतीय रेल**

**"सार्वजनिक अधिसूचना"**

उत्तर रेलवे के नीचे उल्लिखित खंड के पूर्ण खंड पर स्थित रेलवे लाइनों और परिसर के सभी उपयोगकर्ताओं को नोटिस दिया जाता है कि 25000 वोल्ट, 50 हर्ट्ज, एसी ओवरहेड ट्रैक्शन तारों को खंड के सामने निर्दिष्ट तिथि पर या उसके बाद सक्रिय किया जाएगा। उसी तारीख से ओवरहेड ट्रैक्शन लाइन को हर समय चालू माना जाएगा और कोई भी अनधिकृत व्यक्ति उक्त ओवरहेड लाइन के करीब नहीं आएगा या काम नहीं करेगा।

| अनुभाग | दिनांक |
|---|---|
| "दिल्ली डिवीजन के अंतर्गत डोभ स्थान संख्या 07/10ए(एन) (सीएच: 7/612) से हांसी स्थान संख्या 70/7 (सीएच: 70/200) के बीच डोभ, हांसी में एसपी, सोरखी और मोखरा में एसएसपी के साथ, 25 केवी, 50 हर्ट्ज सिंगल फेज एसी नव विद्युतीकृत मुख्य लाइन का ऊर्जीकरण, जिसमें मोखरा मदीना, माहेम, मुंढाल कलां और गढ़ी यार्ड शामिल हैं, हांसी और डोभ यार्ड लाइनों में संशोधन, संबंधित टर्नआउट और एक्स–ओवर मुख्य लाइन, डोभ से हांसी के बीच सहायक ट्रांसफार्मर का ऊर्जाकरण। | 05.03.2024 |

**एसी 25 केवी ट्रैक्शन का परिचय**

**"सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए चेतावनी"**

जनता की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि 25 केवी एसी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन की शुरुआत के संबंध में– "दिल्ली डिवीजन के अंतर्गत डोभ स्थान संख्या 07/10ए(एन) (सीएच: 7/612) से हांसी स्थान संख्या 70/7 (सीएच: 70/200) के बीच डोभ, हांसी में एसपी, सोरखी और मोखरा में एसएसपी के साथ, 25 केवी, 50 हर्ट्ज सिंगल फेज एसी नव विद्युतीकृत मुख्य लाइन का ऊर्जीकरण, जिसमें मोखरा मदीना, माहेम, मुंढाल कलां और गढ़ी यार्ड शामिल हैं, हांसी और डोभ यार्ड लाइनों में संशोधन, संबंधित टर्नआउट और एक्स–ओवर मुख्य लाइन, डोभ से हांसी के बीच सहायक ट्रांसफार्मर का ऊर्जाकरण।। 4.78 मीटर की स्पष्ट अधिकतम ऊंचाई के साथ सभी लेवल क्रॉसिंगों पर ऊंचाई गेज लगाए गए हैं और संपर्क तार सड़क के स्तर से न्यूनतम 5.5 मीटर की ऊंचाई पर होंगे, ताकि अत्यधिक ऊंचाई वाले भार को संपर्क में आने या लाइव ट्रैक्शन के खतरनाक निकटता से रोका जा सके।

जनता को सूचित किया जाता है कि वे वाहनों को लोड करने के उद्देश्य से ऊपर निर्दिष्ट ऊंचाई का पालन करें और यह देखें कि सड़क वाहनों में ले जाया गया भार किसी भी परिस्थिति में ऊंचाई गेज का उल्लंघन नहीं करता है।

अत्यधिक ऊंचाई के भार के खतरे इस प्रकार है:–

i) ऊंचाई गेज के लिए खतरा और परिणामस्वरूप सड़क के साथ–साथ रेलवे लाइन में भी रुकावट।

ii) ले जाई गई सामग्री या उपकरण या स्वयं वाहन को खतरा।

iii) कंडक्टरों के संपर्क या खतरनाक निकटता के कारण आग का खतरा और जीवन का जोखिम।

उप. मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण
उत्तर रेलवे, चौथी मंजिल
डीआरएम कार्यालय, नई दिल्ली

704/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर मध्य रेलवे**

संख्या: म.रे.प्र./वा(आगरा)/खा.प./ई-नीलामी/24 दिनांक: 29.02.2024

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिये वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उ.म.रे.-आगरा द्वारा आगरा मण्डल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों के प्लेटफार्म पर 08 खानपान स्टॉल को लगाने एवं **पाँच वर्ष** तक संचालन हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है।

Category: Catering Stalls — Auction Catalogue No.: AGRA-CATG-24-8

| NAME OF STATION | CATEGORY | Station Code | Total No. of Stalls |
|---|---|---|---|
| राजा की मण्डी | A | RKM | 02 |
| मंडावर महुआ रोड | D | MURD | 02 |
| नदबई | D | NBI | 02 |
| भांडई | E | BHA | 01 |
| फतेहपुर सीकरी | E | FTS | 01 |

Auction Starting Time: Date 18.03.2024 Time 11.00 Hrs.

नोट:- इच्छुक बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे ई-नीलामी सम्बन्धित अधिक जानकारी एवं निविदा हेतु IREPS website (www.ireps.gov.in) के e-Auction Leasing Module पर जाकर बोली लगा सकते हैं। 365/24(A)

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR

**उत्तर रेलवे**

निविदा सूचना क्रमांक 83235068C/सीनेकनाम-2 दिनांक: 05.03.2024

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र.सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 83235068C | ओसीटी मशीन (संलग्न विनिर्देश के अनुसार) | 1 | 28.03.2024 |
| 02 | 83235086A | एण्ड अंत इकोकार्डियोग्राफी मशीन (संलग्न विनिर्देश के अनुसार) (कंपनी को निदा की गई इकोकार्डियोग्राफी मशीन (वानी 33 फिलिप्स) को वापस खरीदने के लिए रेट पेज पर डिस्काउंट कॉलम तहत प्रतिशत की छूट प्रस्तुत करनी चाहिए। | 1 | 28.03.2024 |

निविदा शर्तें:- 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी। 697/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

टेंडर नोटिस सं. सर्जरी आइटम दिनांक 04.03.2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 82248874A | एडवांस हेमोस्टेसिस 36 सेमी यूएसएफडीए/बीआईएस के साथ हार्मोनिक एसी 1000 स्वीकृत | 90 | 28.03.2024 |

निविदा शर्तें–1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

694/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **तुषार पुत्र गेस्टो बिहारी निवासी बी-2/331, जे.जे. कॉलोनी, मदनपुर खादर, नई दिल्ली** ने केस एफआईआर नं. **94/2023, दिनांक 29.01.2023 अन्तर्गत धारा 325/341/506/34 आईपीसी के तहत् थाना कालिंदी कुंज, जिला दक्षिण-पूर्व, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **तुषार** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **तुषार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस एफआईआर नं. **94/2023, दिनांक 29.01.2023 अन्तर्गत धारा 325/341/506/34 आईपीसी के तहत् थाना कालिंदी कुंज, जिला दक्षिण-पूर्व, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **तुषार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 23.04.2024 को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
**श्री हिमांशु तंवर**
महानगर दण्डाधिकारी-10
दक्षिण-पूर्व जिला, कमरा नं. 307,
तीसरी मंजिल, साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/2412/SE/2024
(Court Matter)

**गुमशुदा की तलाश**


तरुण पुष्करणा

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नाम **तरुण पुष्करणा, पुत्र स्व. राजेश शर्मा,** पता मकान नं. 1/5738, गली नं. 16, बलबीर नगर, शाहदरा, दिल्ली जो 15.02.2024 को अपने घर से गुमशुदा है। इस संदर्भ में **डीडी नं. 54ए दिनांक 15.02.2024** थाना शाहदरा, दिल्ली में दर्ज है।

गुमशुदा व्यक्ति का ब्यौरा इस प्रकार है :

नाम : तरुण पुष्करणा, **पिता का नाम :** स्व. राजेश शर्मा, उम्र : 31 साल, **कद :** 5 फुट 8 इंच, **रंग :** गोरा, **शरीर :** सामान्य, **चेहरा:** गोल, **पहनावा :** जिसने काले रंग का लोअर ब्लू रंग का हुड लाल रंग का चेक शर्ट और पैरो में ग्रे रंग का सैंडल पहने हुए है। **पहचान चिन्ह:** दाहिने हाथ पर "LUCKY" टैटू है। अगर किसी व्यक्ति को इस बारे में कोई जानकारी/सूचना मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

वेबसाइट : http://cbi.nic.in
ई–मेल : dio@cbi.gov.in
फैक्स : 011-24368639
फोन : 011-24368638, 24368641

थानाध्यक्ष
थाना : शाहदरा, दिल्ली
फोन: 8595833162, 8218585173

DP/1961/SHD/2024

**पहचान की अपील**



एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति का शव जिसका **नाम:** नामालूम, **पुत्र:** नामालूम, **पता:** नामालूम, जिसकी **उम्र:**लगभग 50 साल, **कद:** 5'5", **रंग:** गोरा, **शरीर:** साधारण, **चेहरा**-गोल, **बाल**-काले छोटे, **पहनावा**-काले रंग की जर्सी और काले रंग की पजामा पहने हुए है । जो दिनांक 29.02.2024 को दिल्ली मेट्रो स्टेशन गेट नंबर 03, दरियागंज, दिल्ली में मृत पाया गया । इसके मृत शरीर को पहचान के लिए एमएएमसी अस्पताल मोर्चरी, दिल्ली में 72 घंटे के लिए सुरक्षित रखा गया है । इस संदर्भ में डीडी सं. **66A दिनांक 29.02.2024 को पुलिस थाना दरियागंज, दिल्ली में** दर्ज है ।

स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस मृत व्यक्ति का कोई भी सुराग नहीं मिल पाया है । अगर किसी को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें ।

थानाध्यक्ष
पुलिस थाना दरियागंज, दिल्ली
Ph. : 011-23279331, 23274683, 8750870421

DP/2671/CD/2024

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सावन दिवाकर, पुत्र: सुरेश दिवाकर, पता: म.नं. 45/5, गली नं. 14, आजाद नगर, कृष्णा नगर, दिल्ली** ने **FIR No. 353/2019, U/s 394/34 IPC, पुलिस थाना जगतपुरी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सावन दिवाकर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप मे दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सावन दिवाकर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 353/2019, U/s 394/34 IPC, पुलिस थाना जगतपुरी, दिल्ली** के अभियुक्त **सावन दिवाकर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.04.2024** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री आयुषी सक्सैना
महानगर दण्डाधिकारी–05
शाहदरा, कमरा नं. 48
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/2684/SHD/2024

# क्लासीफाइड

## Change of Name

**It** is for general information that I, Vibhuti Grover D/o Har Parshad Grover R/o House No-2010/18, Near Bank of Baroda, Mohalla Rampura, Hisar, Haryana-125001, declare that name of my father has been wrongly written as Harprashad Grover in my PAN Card AUTPV2318R, as Harparshad Suryavanshi in my Passport T7041988, Secondary School Marks Statement, Senior School Certificate & Marks Statement and Bachelor of Commerce Semester-01, 02, 03 & 04, Driving License HR-2020130146973 and as Har Prashad Grover in my Bachelor of Commerce Semester-05 & 06. The actual name of my father is Har Parshad Grover, which may be amended accordingly.

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## Change of Name

**I** Bunty Alias Bunty Nayyar S/o Om Parkash R/o House No.-376/6, Chameli Market, Rohtak, Rohtak, Haryana- 124001, have changed my name to Deepak Nayyer

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।


# एक्शन इंडिया

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्पलेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।

# 'लोस चुनाव बाद महिलाओं को मिलेंगे 1000 रुपये'

## स्कीम पर काम कर रहे हैं, जल्द ही योजना के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो जाएगाः केजरीवाल, वह जो भी कर पा

**जानकारी**

8 सीएम ने बताया कि महिलाओं को महीने में 1000 रुपये मिलने की स्कीम का रजिस्ट्रेशन कब शुरू होगा





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** आप के मुखिया और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को महिलाओं से लोकसभा चुनाव के लिए आशीर्वाद मांगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बताया कि महिलाओं को महीने में 1000 रुपये मिलने की स्कीम का रजिस्ट्रेशन कब शुरू होगा।

**इन लोगों को मिलेगा 1000 रुपयेः** बता दें कि सोमवार को 2024-25 के लिए दिल्ली विधानसभा में अरविंद केजरीवाल सरकार का बजट पेश किया गया था। बजट में वित्त मंत्री आतिशी ने महिलाओं के लिए नई स्कीम का एलान किया। इस स्कीम के तहत 18 साल से अधिक उम्र की गैर आयकर दाता महिलाओं को हर महीने 1000 रुपये मिलेगा। खास बात है कि इस साल अप्रैल-मई के महीने में लोकसभा चुनाव होने हैं। दिल्ली में लोकसभा के सात सीटें हैं। अरविंद केजरीवाल सरकार की इस स्कीम से दिल्ली में लगभग 50 लाख महिलाओं को फायदा होगा। यह स्कीम लोकसभा चुनाव के बाद लागू होगी।

**एक्स पर केजरीवाल ने किया पोस्टः** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लंबी पोस्ट करके कहा कि सोमवार को मुख्य मंत्री महिला सम्मान योजना की घोषणा के बाद उन्हें महिलाओं की तरफ से कई सारे फोन कॉल आ रहे हैं और वे इस स्कीम के रजिस्ट्रेशन के बारे में पूछ रही हैं। अरविंद केजरीवाल ने बताया कि स्कीम पर काम कर रहे हैं, जल्द ही योजना के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि वह जो भी कर पा रहे हैं, वह महिलाओं के आशीर्वाद और प्रार्थनाओं के कारण है। मेरे विरोधियों ने मुझे कुचलने में कोई कसर नहीं छोड़ी है, लेकिन आपका आशीर्वाद उनकी सभी साजिशों को विफल कर रहा है। कल से मुझे मेरी दिल्ली की माताओं और बहनों के ढेरों फोन आ रहे हैं। खूब आशीर्वाद दे रहीं हैं और पूछ रहीं हैं कि महिला सम्मान योजना में कैसे रजिस्टर करना है। मैं सभी माताओं बहनों को कहना चाहता हूँ कि आज मैं जो कुछ कर पा रहा हूँ, ये केवल आपके आशीर्वाद और प्रार्थनाओं का नतीजा है।

### महिलाओं से केजरीवाल की खास अपील

**मुख्यमंत्री** ने आगे लिखा कि मेरे विरोधियों ने तो मुझे कुचलने में कोई कसर नहीं छोड़ी पर आपका आशीर्वाद उनके सभी षड्यंत्रों को असफल कर रहा है। मैं तमाम बहनों और माताओं से हाथ जोड़कर विनती है, मैं आपके और आपके परिवार के लिए जो भी अच्छा काम करना चाहता हूँ, ये लोग छल्लू और केंद्र सरकार के जरिये मुझे रोकते हैं। महिलाओं से अपील करते हुए अरविंद केजरीवाल ने आगे कहा कि अगले महीने चुनाव हैं। इस चुनाव में आप सब मुझे आशीर्वाद दें, अपने घर के सभी लोगों से भी कहें। इस चुनाव में मेरे हाथ मजबूत करें ताकि आपका भाई और बेटा आपकी खूब सेवा कर सके और आपके परिवार का ख़्याल रख सके।

हुआ हूँ। जल्दी इस योजना का रजिस्ट्रेशन भी चालू करेंगे। पर अपनी


# सांसद बनने के बाद क्षेत्र में पटरी पर बैठकर जनता का काम करूंगाः खंडेलवाल

## कहा-घर घर पहुंचेगी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** चांदनी चौक लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी और कारोबारी नेता प्रवीन खंडेलवाल ने मंगलवार को चांदनी चौक लोकसभा संसदीय क्षेत्र में जन-संपर्क अभियान के दौरान एक बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि सांसद बनने के बाद वो पटरी पर बैठ कर जन-चौपाल लगाकर क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का समाधान करेंगे। खंडेलवाल ने कहा कि वो किसी बंद कमरे में नहीं बैठेंगे। यह परंपरा उनको अपने परिवार से विरासत में मिली है। प्रवीण खंडेलवाल ने अपने जन-संपर्क अभियान के दौरान राजधानी दिल्ली के प्राचीन जैन मंदिर लाल मंदिर में जैन मुनि राष्ट्र संत परंपराचारी श्री 108 प्रज्ञ-सागर मुनिराज जी का आशीर्वाद प्राप्त किया और जैन मंदिर में पूजा अर्चना की। इससे पूर्व खंडेलवाल ने भाजपा के चांदनी चौक ज़िला अध्यक्ष कुलदीप सिंह की अध्यक्षता में हुए एक कार्यकर्ता सम्मेलन में स्पष्ट रूप से कहा कि उनका जन्म चांदनी चौक में ही हुआ है। वह बाजार सीता राम- कूंचा पाती राम की गलियों में ही पले-बढ़े हैं। इसलिए क्षेत्र की जनता और उनकी जरूरतों एवं समस्याओं को भली-भांति जानते हैं और हर मुद्दे का हल करेंगे। खंडेलवाल ने चांदनी-चौक की स्थानीय जनता को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव जीतने के उपरांत मैं कभी एक कमरे में नहीं बैठूंगा। मेरे ताऊजी सतीश चंद्र खंडेलवाल विधायक, उपमहापौर तथा पार्षद होकर लोगों से मिलने के लिए सीताराम बाजार में चबूतरे पर ही बैठा करते थे। उन्होंने कहा कि मैं भी उन्हीं की तरह बाजार में चबूतरे पर बैठूंगा, ताकि मेरे क्षेत्र की जनता मुझसे आसानी से मुलाकात कर सके, जहां सभी विभाग के अधिकारी मौजूद होंगे और लोगों की समस्याओं को हल करेंगे और उनकी ज़िम्मेदारी तय होगी। इससे पहले बल्लीमारान विधानसभा के रामनगर क्षेत्र के लोगों ने भाजपा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल का जोरदार स्वागत किया। इस कार्यक्रम में 500 से अधिक महिलाएं एवं अन्य लोग मौजूद थे। इस कार्यक्रम में खंडेलवाल का जोरदार स्वागत किया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जयघोष का नारा लगाया। इस मौके पर अपने संबोधन में खंडेलवाल ने कहा कि चांदनी चौक लोकसभा का तेजी से विकास करना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार की गारंटी है।

# सफाई के मुद्दे पर सीएम और एलजी आमने-सामने



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना ने संगम विहार के स्थानीय लोगों के अनुरोध पर उनकी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए इलाके में साफ सफाई की व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्थानीय निवासियों के अनुरोध पर संगम विहार जाने के बाद पता चला कि 9 साल के शिगूफों के बावजूद इलाके में रह रहे 20 लाख से ज्यादा लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। यहां न सड़कें हैं, न सीवर, न कूड़े की सफाई देखने को मिली। उन्होंने आगे कहा कि बेतरतीब लटकती बिजली की तारें खतरनाक हैं। उबड़-खाबड़ सड़क पर मेरे सामने ही रिक्शा पलटा और एक महिला घायल हुई। उफनती नालियां, कचरे के ढेर और सीवर के बदबूदार पानी से भरी गलियां। एलजी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से अनुरोध किया कि दिल्ली और दिल्ली की आम जनता की समस्याओं की तरफ ध्यान दें। उन्होंने कुछ फोटो को एक्स पर डाला। इधर एलजी के पोस्ट पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, 'मैं आपका शुक्रगुजार हूं कि आपने हमारी कमियां बतायीं। इसके पहले आपने किराड़ी और बुराड़ी की कमियों को भी उजागर किया था। मैं अभी मुख्य सचिव को आदेश दे रहा हूं कि वो सात दिन के अंदर इन सभी इलाकों की इन सभी कमियों को दूर करें। जो काम आप कर रहे हैं, वो काम विपक्ष को करना चाहिए था। सत्ता पक्ष की कमियां निकालना विपक्ष का काम है। दुर्भाग्यवश, आज विपक्ष यानि भाजपा के सातों सांसद राजनीति से संन्यास लेने में व्यस्त हैं और आठों विधायक गहरी निद्रा में सोये हैं।

# ईडब्ल्यूएस वर्ग के छात्रों के दाखिले के लिए न्यूनतम सालाना आय ढाई लाख रुपये करने का आदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच ने आर्थिक रूप से पिछड़े (ईडब्ल्यूएस) वर्ग के छात्रों के दाखिले के लिए न्यूनतम सालाना आय बढ़ाकर पांच लाख रुपये करने के सिंगल बेंच के आदेश में संशोधन करने का आदेश दिया है। कार्यकारी चीफ जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच ने सिंगल बेंच के आदेश में संशोधन करते हुए ईडब्ल्यूएस वर्ग के छात्रों के दाखिले के लिए न्यूनतम सालाना आय ढाई लाख रुपये करने का आदेश दिया है। डिवीजन बेंच में दिल्ली सरकार ने याचिका दायर की थी। दिल्ली सरकार की ओर से पेश वकील संतोष त्रिपाठी ने कहा कि ईडब्ल्यूएस वर्ग के छात्रों के दाखिले के लिए न्यूनतम सालाना आय एक लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये करने के आदेश से एक लाख रुपये आय वर्ग तक के छात्रों को ईडब्ल्यूएस कोटे में दाखिले की संभावना काफी कम हो जाती है। ऐसा कहना समानता के मौलिक अधिकार का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि सिंगल बेंच का आदेश शिक्षा के अधिकार को भी सीमित कर देता है। इससे पहले 5 दिसंबर, 2023 को जस्टिस पुरुषेंद्र कौरव की सिंगल बेंच ने आदेश दिया था कि आर्थिक रूप से पिछड़े (ईडब्ल्यूएस) वर्ग के छात्रों के दाखिले के लिए न्यूनतम सालाना आय एक लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये किया जाए। सिंगल बेंच ने कहा था कि जब तक दिल्ली सरकार आरक्षण की योजना में संशोधन नहीं करती तब तक ईडब्ल्यूएस वर्ग के दाखिले के लिए न्यूनतम सालाना आय पांच लाख होगी। सिंगल बेंच के इसी आदेश को दिल्ली सरकार ने डिवीजन बेंच में चुनौती दी है। सिंगल बेंच ने कहा था कि ईडब्ल्यूएस की न्यूनतम आय कितनी होनी चाहिए, इसके लिए राज्य सरकार लोगों की आर्थिक स्थिति और दूसरे पहलुओं का आकलन करे। सिंगल बेंच ने कहा था कि ईडब्ल्यूएस वर्ग की पहचान के लिए मापदंड वैज्ञानिक होना चाहिए और उसका आधार वास्तविक आंकड़े होने चाहिए। सिंगल बेंच ने कहा था कि दिल्ली और दूसरे राज्यों की तुलना करें तो दिल्ली में ईडब्ल्यूएस के लिए सबसे कम आय का मानदंड रखा गया है जबकि कई राज्यों में ये आठ लाख रुपये है।




**संशोधन**

8 ईडब्ल्यूएस वर्ग के छात्रों के दाखिले के लिए न्यूनतम सालाना आय ढाई लाख रुपये करने का आदेश दिया है

# सैफी की जमानत याचिका पर हाई कोर्ट का फैसला सुरक्षित

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली हिंसा की साजिश के आरोपित खालिद सैफी की जमानत याचिका पर मंगलवार को सभी पक्षों की दलीलें सुनीं। इसके बाद जस्टिस सुरेश कैत की अध्यक्षता वाली बेंच ने फैसला सुरक्षित रख लिया। सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने दिल्ली पुलिस से पूछा था कि अब तक कितनी चार्जशीट दाखिल की गई हैं तो अमित प्रसाद ने कहा कि अब तक 4 पूरक चार्जशीट दाखिल की गई हैं। छह फरवरी को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने दिल्ली पुलिस से पूछा था कि आप साफ-साफ बताइए कि आरोपित की भूमिका क्या है। सुनवाई के दौरान अमित प्रसाद चार्जशीट के उन हिस्सों के बारे में बता रहे थे, जिसमें व्हाट्सऐप पर बातचीत का जिक्र है। इस पर कोर्ट ने कहा था कि वो जमानत याचिका पर पूरी चार्जशीट नहीं पढ़ने जा रहे हैं। कोर्ट ने कहा था कि अगर वे प्रदर्शन कर रहे थे तो इसमें क्या गलत है। जमानत पर सुनवाई के लिए असीमित समय नहीं दिया जा सकता है। आप सात हजार पेज पढ़कर दलील नहीं दे सकते हैं। आप साफ-साफ बताइए कि खालिद सैफी की भूमिका क्या है। याचिकाओं पर पहले से सुनवाई कर रहे जज जस्टिस सिद्धार्थ मृदुल को मणिपुर हाई कोर्ट का चीफ जस्टिस बनाये जाने के बाद जस्टिस सुरेश कैत की बेंच सुनवाई कर रही है।



**दलीलें**

8 की साजिश के आरोपित खालिद सैफी की जमानत याचिका पर मंगलवार को सभी पक्षों की दलीलें सुनीं

# रुपये दोगुना करने के आरोप में आठ शातिर ठग गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** कम समय में पैसे दोगुना करने का लालच देकर लोगों से ठगी करने वाले एक गिरोह का पश्चिमी जिला पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के आठ लोगों को गिरफ्तार करने के साथ-साथ उनके पास से लाखों रुपये की नकदी, दर्जन भर मोबाइल और गहने बरामद किए है। पुलिस के मुताबिक इन्हें नारायणा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसमें से एक बदमाश खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताता था। पुलिस टीम ने इन बदमाशों के पास से लगभग 16 लाख रुपये और एक लाख रुपये के गहने बरामद किये हैं। डीसीपी विचित्र वीर के अनुसार ठगों के इस गिरोह ने नारायणा में बाकायदा एक दफ्तर बनाया हुआ था और लोगों को उनकी रकम का दुगना करने का झांसा देते थे। इन बदमाशों के पास से दर्जन भर मोबाइल फोन भी बरामद किये गए हैं।

22 फरवरी को एक पीसीआर कॉल हुई थी, जिसमें लगभग 10 लाख रुपये से भरा बैग छीने जाने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने जब जांच शुरू की तो ये पता चला कि राजीव, रोहित और निशांत नाम का व्यक्ति मिलकर नारायणा इंडस्ट्रियल इलाके में एक दफ्तर चलाते हैं और वह लोगों को कुछ वक्त में रकम दुगुनी करने का लालच देते हैं। इस दौरान एक शिकायतकर्ता का आरोप है कि उसने 25 लाख रुपये दिए थे, जिसके बदले 50 लाख रुपये देने की बात इन लोगों ने कही थी लेकिन ये लोग पैसे लेकर फरार हो गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने नारायणा एसएचओ इंस्पेक्टर संदीप यादव के नेतृत्व में टीम बनाई, जिसका निर्देशन एसीपी मायापुरी कर रहे थे। छानबीन के दौरान पिंकू नाम का युवक पुलिस के हाथ आया, जिसने दफ्तर खोलने वाले तीनों बदमाशों से शिकायतकर्ता की जान पहचान कराई थी।

**बरामद**

8 गिरफ्तार करने के साथ-साथ उनके पास से लाखों रुपये की नकदी, दर्जन भर मोबाइल और गहने बरामद किए है

# राष्ट्रपति आज 94 प्रख्यात कलाकारों को संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से करेंगी सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु बुधवार को 94 प्रतिष्ठित कलाकारों (दो संयुक्त पुरस्कार) को वर्ष 2022 और 2023 के लिए संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार प्रदान करेंगी। संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री, जी. किशन रेड्डी, संस्कृति राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, संस्कृति मंत्रालय के सचिव गोविंद मोहन और संगीत नाटक अकादमी की अध्यक्ष डॉ. संध्या पुरेचा इस समारोह में शामिल होंगे। वर्ष 2022 और 2023 के लिए अकादमी पुरस्कारों के अलावा राष्ट्रपति समारोह में 7 प्रतिष्ठित कलाकारों (एक संयुक्त फेलोशिप) को संगीत नाटक अकादमी फेलोशिप (अकादमी रत्न) भी प्रदान करेंगी। संगीत नाटक अकादमी फेलोशिप (अकादमी रत्न) प्रदर्शन कला के क्षेत्र में प्रतिष्ठित कलाकार को उसके प्रदर्शन कला में असाधारण योगदान के लिए दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। अकादमी की फेलोशिप सबसे प्रतिष्ठित और दुर्लभ सम्मान है, जो किसी भी समय 40 तक सीमित है। उल्लेखनीय है कि अकादमी पुरस्कार 1952 से प्रदान किए जा रहे हैं। ये सम्मान न केवल उत्कृष्टता और उपलब्धि के उच्चतम मानक का प्रतीक हैं बल्कि निरंतर व्यक्तिगत कार्य और योगदान को भी मान्यता देते हैं।

# दुष्कर्म का आरोपित हिमाचल प्रदेश से गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** प्रेमी से अनबन को ठीक करने का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने वाले आरोपित को कपासहेड़ा थाना पुलिस ने हिमाचल प्रदेश से गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान सिद्धांत जोशी के रूप में हुई है। वह उत्तराखंड के रुद्रपुर का रहने वाला है। उसके खिलाफ पुलिस ने 376/506 के तहत एफआईआर दर्ज की थी। डीसीपी रोहित मीणा ने मंगलवार को बताया कि एसएचओ नवीन कुमार की टीम ने आरोपित को पकड़ने के लिए टेक्निकल सर्विलांस का सहारा लिया। दिल्ली से उप्र, उत्तराखंड, पंजाब और फिर हिमाचल तक पुलिस टीम लगातार इसके बदलते लोकेशन के हिसाब से पीछा करती रही।

# सगाई से लौट रहे शख्स से चाकू की नोक पर लूट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः**भजनपुरा इलाके में सगाई से लौट रहे एक शख्स को तीन बदमाशों ने चाकू की नोक पर लूट लिया। हत्या करने की धमकी देकर बदमाशों ने शख्स से 55 हजार रुपये, स्कूटी और मोबाइल लूट लिया। वारदात के बाद बदमाश चाकू लहराते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित जितेंद्र गुप्ता की शिकायत पर भजनपुरा थाना ने लूट समेत कई धाराओं में प्राथमिकी की है। बदमाशों की पहचान के लिए पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

**अरविंद नगर में रहते हैं जितेंद्र गुप्ताः** जितेंद्र गुप्ता अपने परिवार के साथ अरविंद नगर में रहते हैं। उनका पेंटिंग का काम है। रविवार रात को उनके दोस्त की बहन की सगाई थी। सगाई में शामिल होकर रात डेढ बजे वह स्कूटी से अपने घर जा रहे थे।

**वारदात**

8 हत्या करने की धमकी देकर बदमाशों ने शख्स से 55 हजार रुपये, स्कूटी और मोबाइल लूट लिया

# नफे सिंह की हत्या के मकसद का पता लग पाना होगा मुश्किल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** बहादुरगढ़ में इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक नफे सिंह राठी की हत्या में शामिल दो शूटर आशीष उर्फ बाबा व सौरभ को हरियाणा व दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गोवा से दबोच कर केस की गुत्थी सुलझा तो ली, लेकिन इनसे पूछताछ में हत्या के मकसद का पता नहीं चल पाया है। स्पेशल सेल का कहना है कि वारदात में शामिल फरार दो शूटर नकुल सांगवान व अतुल के पकड़े जाने पर मकसद का पता लग सकता है। क्योंकि नकुल, नंदू का रिश्तेदार है, हो सकता है नंदू ने उसे हत्या के मकसद के बारे में बताया हो, लेकिन इनके पकड़े जाने पर भी मकसद का पता लग पाना मुश्किल होगा।





सूत्रों की मानें तो नफे सिंह राठी की हत्या के पीछे बहुत गहरी साजिश रची गई है। मामले में राजनीतिक एंगल आने के कारण पुलिस दो शूटरों के पकड़े जाने के बावजूद मकसद के बारे में कोई जानकारी देने से बच रही है। पुलिस को शक है कि हरियाणा के एक बड़े शराब कारोबारी ने नंदू को नफे सिंह राठी की हत्या की सुपारी दी है। जिस पर विदेश में बैठे नंदू ने अपने शूटरों को निर्देश देकर हत्या करवा दी। शराब कारोबारी व नंदू की दोस्ती की बहुत पुरानी कहानी है। वर्षों पूर्व जब हरियाणा के इस शराब कारोबारी का हरियाणा से दिल्ली में अवैध शराब की आपूर्ति का धंधा चलता था तब नंदू व उसका बड़ा भाई ज्योति प्रकाश उसके धंधे को संभालता था। तिहाड़ जेल में बंद ज्योति उस दौरान उक्त शराब कारोबारी का बाउंसर होता था। बाद में कुख्यात गैंगस्टर मंजीत महाल भी उसी शराब कारोबारी के लिए काम करने लगा था। तीनों गैंगस्टरों को लंबे समय तक वित्तीय सहायता प्रदान करने के कारण ही अपराध की दुनिया में आगे बढ़ते हुए इन्होंने अपना अपना बड़ा साम्राज्य खड़ा कर लिया और ये बड़े गैंगस्टर बन गए। बाद में नंदू व मंजीत महाल में किसी बात को लेकर दुश्मनी होने पर दोनों में गैंगवार शुरू हो गई। दोनों गिरोह एक दूसरे के स्वजन व रिश्तेदारों की हत्या करने लगे।

**शक की वजह है ये कारणः** कहा जाता है कि उक्त शराब कारोबारी ने शराब के अवैध धंधे से अकूत कमाई की और अब पिछले कई वर्षों से अवैध धंधा छोड़ उसने हरियाणा में कई ठेके ले लिए। हरियाणा में वह शराब का बड़ा कारोबारी बन गया। पुलिस का कहना है कि उक्त शराब कारोबारी अपने बेटे को आगामी विधानसभा लड़वाना चाहता है। नफे सिंह की हत्या कर देने से वह मजबूत दावेदार बन सकता है।

**जांच जारी**

8 वारदात में शामिल फरार दो शूटर नकुल सांगवान व अतुल के पकड़े जाने पर मकसद का पता लग सकता है

# घर के बाहर बैठे नाबालिग को बदमाशों ने मारी गोली

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** उत्तर पूर्वी जिले के भजनपुरा इलाके में बदमाशों ने एक नाबालिग को गोली मार दी। वारदात सुभाष मोहल्ले की है, जहां 17 साल का युवक अपने घर के बाहर बैठा हुआ था, तभी अज्ञात बदमाशों ने उसे गोली मारकर घायल कर दिया। घायल को तुरंत जग प्रवेश चंद्र अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे गुरु तेग बहादुर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

17 साल का युवक अपने परिवार के साथ सुभाष मोहल्ले में रहता है, सोमवार रात करीब 9 बजे वो अपने घर के बाहर गली में बैठा हुआ था, इसी दौरान किसी ने उसे गोली मार दी और फरार हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने लड़के के घर में सूचना दी। सूचना मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। फिलहाल लड़के का जीटीबी अस्पताल में इलाज चल रहा है, डॉक्टरों के मुताबिक उसके पेट में गोली लगी है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। इस वारदात के बाद घायल के परिवार वाले डरे हुए हैं। उनका कहना है कि उन्हें समझ में नहीं आ रहा है कि आखिर किसने गोली मारी है। उन्होंने किसी पर कोई शक भी जाहिर नहीं किया है। पुलिस का कहना है कि घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और क्राइम टीम व फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि हमलावरों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया सके।



# हिसार के चार गांवों के लिए भूमि स्वामित्व नीति को मंजूरी

## 31 मार्च, 2023 तक सरकारी पशुधन फार्म, हिसार से संबंधित 1873 कनाल 19 मरला भूमि पर निर्मित आवास वाले मालिक स्वामित्व अधिकार के लिए पात्र होंगे

**कैबिनेट बैठक**

**8 चार गांवों में रहने वालों को आवासीय भूमि या भूखंडों का मालिकाना देने वाली नीति बनाने को मंजूरी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हरियाणा निवासियों के अधिकारों को सशक्त बनाने और सुरक्षित भूमि अधिकार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गांव ढंढूर, पीरांवाली, झिरी (चिकनवास) और बबरान (बस्ती और डिग्गी ताल) चार गांवों में रहने वालों को आवासीय भूमि या भूखंडों का मालिकाना देने वाली नीति बनाने को मंजूरी दे दी गई है। इस नीति के तहत 31 मार्च, 2023 तक राजकीय पशुधन फार्म, हिसार से संबंधित 1873 कनाल 19 मरला भूमि पर निर्मित आवास वाले लोग स्वामित्व अधिकार के लिए पात्र होंगे। जिन लोगों ने 250 वर्ग गज तक की भूमि पर निर्माण किया है, उन्हें 2000 रुपये प्रति वर्ग गज का शुल्क चुकाने के बाद मालिकाना हक दिया जाएगा। इसी प्रकार जिन लोगों ने 250 वर्ग गज से लेकर 1 कनाल तक के क्षेत्र में निर्माण किया है, उन्हें 3000 रुपये प्रति वर्ग गज का भुगतान करने पर मालिकाना हक मिलेगा। इसके साथ ही 1 कनाल से 4 कनाल तक की संपत्ति वाले परिवारों को 4000 रुपये प्रति वर्ग गज के हिसाब से भुगतान करना होगा।

इस पॉलिसी के तहत मालिकाना हक के लिए अधिकतम अनुमानत प्लॉट का आकार 4 कनाल तक है। 4 कनाल से बड़े प्लॉट के दावे स्वीकार नहीं किए जाएंगे। इन चार गांवों में सरकारी पशुधन फार्म, हिसार की 1873 कनाल 19 मरला भूमि पर 31 मार्च, 2023 तक निर्मित आवास वाले भूखंड, संपत्ति के सभी कब्जाधारी और जिनके नाम जिला प्रशासन हिसार द्वारा किए गए ड्रोन-इमेजिंग सर्वेक्षण में दिखाई देते हैं, वे ही आवंटन के लिए पात्र होंगे।

परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) आईडी पात्र लाभार्थियों की पहचान के लिए एकमात्र दस्तावेज की आवश्यकता के रूप में काम करेगी, जब तक कि सरकार द्वारा किसी अन्य दस्तावेज को अपेक्षित प्रमाण के रूप में अधिसूचित नहीं किया जाता।

अतिरिक्त उपायुक्त, हिसार की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय समिति दावेदारों से आवेदन आमंत्रित कर उनकी जांच करेगी और सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्ताव प्रस्तुत करेगी। स्थानीय समिति सार्वजनिक सूचना समाचार पत्रों, सामान्य वेब पोर्टल, अंत्योदय सरल पोर्टल के माध्यम से आवेदन मांगेगी। इन सभी दावे और आपत्तियों सहित सभी आवेदन सामान्य पोर्टल के माध्यम से प्राप्त कर संशोधित किए जाएंगे। डिमांड नोटिस जारी होने की तारीख से छह महीने के अन्दर प्रीमियम का भुगतान किया जाना चाहिए।



### रियल एस्टेट एजेंटों के लिए पंजीकरण-नवीनीकरण शुल्क में संशोधन को मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में आज यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में हरियाणा रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण, गुरुग्राम और पंचकूला के द्वारा रियल एस्टेट एजेंटों से लिए जाने वाले पंजीकरण शुल्क और नवीनीकरण शुल्क में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की। संशोधित प्रावधानों के तहत एकल और स्वामित्व वाली फर्मों के लिए पंजीकरण शुल्क और नवीनीकरण शुल्क को पहले से निर्धारित क्रमशः 25,000 रुपये और 5,000 हजार रुपये से बढ़ाकर 50,000 रुपये और 10,000 रुपये किया गया है। इसके अलावा, एकल और स्वामित्व वाली फर्मों के अतिरिक्त पंजीकरण शुल्क और नवीनीकरण शुल्क की राशि क्रमशः 2,50,000 रुपये और 50,000 रुपये की गई है।

### यूएचबीवीएन के लिए 500 करोड़ रुपये की घटनोत्तर दी स्वीकृति

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में आज यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड (यूएचबीवीएन) के 500 करोड़ रुपये के स्वीकृत कैपेक्स ऋण के पूंजीगत व्यय को पूरा करने के लिए पंजाब नेशनल बैंक के पक्ष में 500 करोड़ रुपये की राज्य सरकार की गारंटी प्रदान करने के प्रस्ताव को घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की। निगम विभिन्न बैंकों द्वारा स्वीकृत फंड-आधारित और गैर-फंड-आधारित कार्यशील पूंजी सीमाओं का उपयोग करके अपने दैनिक कार्यों के संचालन का प्रबंधन करता है। फंड आधारित आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए यूएचबीवीएन ने बैंक से 500 करोड़ रुपये के कैपेक्स ऋण को मंजूरी देने का अनुरोध किया था और पंजाब नेशनल बैंक ने निगम के अनुरोध पर विचार कर 500 करोड़ रुपये का कैपेक्स ऋण स्वीकृत किया है।

## 'ज्ञान अर्जित करना धन अर्जित करने से अधिक महत्वपूर्ण'



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि ज्ञान की महत्वता धन से कहीं अधिक है। डिग्री लेने के बाद भी युवा स्वयं को एक विद्यार्थी ही समझें और अधिक से अधिक ज्ञान अर्जित करके स्वयं को कुशल और योग्य बनाएं। राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय आज गुरूग्राम विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को मुख्य अतिथि के तौर पर विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह के बाद विद्यार्थी के लिए नए जीवन की शुरूआत होती है, जिसमें वह स्वयं के लिए योग्य रोजगार की तलाश करता है। शिक्षित युवा केवल नौकरी के लिए ही नहीं प्रयास करे, अपितु स्वयं को इतना योग्य और सक्षम बनाए कि वे दूसरों को रोजगार दे सके। विद्यार्थियों को जीवन सफल बनाने के लिए अपने चरित्र को हमेशा शुद्ध रखना चाहिए। चरित्रवान युवा देश की असली संपत्ति है। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपने संस्कार, माता-पिता और गुरु को कभी नहीं भूलना चाहिए। बुजुर्गों से हमें जो पावन संस्कार मिले हैं, उन्हें व्यवहारिक जीवन में हमेशा याद रखें। उच्च पद पर पहुंचने के बाद भी विनम्रता का त्याग कभी नहीं करें। विनम्रता और ईमानदारी जैसे गुणों से मनुष्य की प्रतिष्ठा और अधिक बढ़ती है। विश्वविद्यालय में 46 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल दिए गए, जिनमें से 39 छात्राएं थीं। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि नारी शक्ति का सम्मान होगा तो समाज का विकास होगा। महिलाओं का मार्ग प्रशस्त करना सामाजिक परिवर्तन की दिशा में सकारात्मक संकेत है।

**न्यूज फ्लैश**

### न्यू हॉलैंड ने युवाओं के कौशल विकास के लिए पेश की सक्षम परियोजना



**रोहतक ।** सीएनएच के ब्रांड, न्यू हॉलैंड ने "सक्षम" परियोजना शुरू की है, जो ग्रामीण क्षेत्र में वंचित वर्ग के युवाओं को प्रशिक्षण और सशक्त बनाने पर केंद्रित है। यह राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन और संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के अनुरूप है। सीड्स - सोशल एम्पावरमेंट एंड इकोनॉमिक डेवलपमेंट सोसाइटी की भागीदारी वाली इस परियोजना का लक्ष्य है, एजी और ऑटोमोटिव उद्योग के लिए कुशल और प्रमाणित ऑटोमोटिव सेल्स पेशेवरों का समूह तैयार करना। न्यूनतम 12वीं कक्षा तक की शिक्षा प्राप्त करने वाले 18 साल और इससे अधिक आयु के व्यक्ति उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा और महाराष्ट्र क्षेत्रों में इस कार्यक्रम के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस परियोजना के बारे में, सीएनएच इंडिया के कृषि खंड के बिक्री निदेशक, संदीप गुप्ता ने कहा, ह्लहमारी परियोजना, सक्षम ग्रामीण युवाओं को आधुनिक दौर के लिए प्रासंगिक कौशल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस पहल के जरिये हम उन्हें आवश्यक कौशल से लैस करना चाहते हैं जो उन्हें संभावित प्लेसमेंट अवसरों के लिए सक्षम बनाएगा जो अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पैदा करेगा। सीएनएच, लीड और हुनर जैसी पहलों के जरिये बेरोजगार युवाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके तहत कौशल विकास और उद्यमिता प्रशिक्षण प्रदान करता है, जिससे भारत में 15,000 परिवारों में बदलाव आ रहा है। इस प्रशिक्षण में ऑटोमोटिव सेल्स असिस्टेंट भूमिकाओं के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया है, जिसमें सेल्स को संभालना, सेल्स पिचों को बंद करना, प्रभावी संचार, टीम वर्क, ग्राहकों की परेशानी दूर करना और हमारी डीलरशिप के तहत व्यावहारिक अनुभव के जरिये सेल्स के बाद की गतिविधियां शामिल हैं। इस कार्यक्रम की शुरूआत 6 से 8 फरवरी, 2024 के बीच हरियाणा के समलखा में सिद्धांत, उत्पाद और सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण के लिए एक बूट कैंप के जरिये की गई थी। इसके बाद 3 महीने तक डीलरशिप के साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### तेज रफ्तार कार ने किशोर को चपेट में लिया, अस्पताल में उपचार के दौरान मौत

**सोनीपत: राष्ट्रीय** राज मार्ग संख्या-44 पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। जीटी रोड पर केएफसी के सामने तेज रफ्तार कार चालक ने बुलेट चालक व लघु शंका के लिए कार से उतरे किशोर को चपेट में ले लिया। हादसे में किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे लेकर दिल्ली के अस्पताल में पहुंचे। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची कुंडली थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। घंटाघर दिल्ली निवासी अजय वशिष्ट ने बताया कि उसके पास दो बच्चे थे।

## रिश्वत की मांग करने वाले दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**अंकुश जैन**

**चंडीगढ़:** हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने देर सांय जिला जींद के उचाना में कार्यरत बिजली विभाग के जेई सुरेश चंद्र तथा एक अन्य निजी व्यक्ति जय भगवान को 20,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपियों द्वारा शिकायतकर्ता से नॉन डोमेस्टिक कनेक्शन लगाने के बदले में रिश्वत की मांग की जा रही थी। ब्यूरो के प्रवक्ता ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि एसीबी की टीम को शिकायत प्राप्त हुई कि जेई सुरेश चंद्र बिजली निगम में जिला जींद के उचाना में कार्यरत है और वह गांव छतर उचाना के निजी व्यक्ति जय भगवान के माध्यम से रिश्वत की मांग कर रहा है। ब्यूरो की टीम ने मामले की जांच पड़ताल करने उपरांत दोनों आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ने के लिए योजना बनाई। आरोपी जेई सुरेश चंद्र ने शिकायतकर्ता से गांव छतर में निमार्णाधीन ढाबे में बिजली के नॉन डोमेस्टिक कनेक्शन लगाने के लिए 20,000 रुपये की रिश्वत की मांग की। आरोपी सुरेश चंद्र द्वारा जय भगवान के माध्यम से रिश्वत की मांग की जा रही थी जिसे लेते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपियों के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो करनाल के पुलिस थाने में मामला दर्ज करते हुए उनकी गिरफ्तारी की गई है।

## अंबडेकर शिक्षा समिति (रजि.) हिसार को धर्मशाला/छात्रावास के निर्माण के लिए हस्तांतरित करने की मंजूरी

**स्वीकृति**

**8 हरियाणा ग्राम शामलात भूमि (विनियमन) संशोधन विधेयक, 2024 के प्रारूप को दी स्वीकृति**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में ग्राम सातरोड खुर्द में नगर निगम, हिसार की 2998.20 वर्ग मीटर भूमि को भगवान वाल्मिकि अंबडेकर शिक्षा समिति (रजि.) हिसार को धर्मशाला/छात्रावास के निर्माण के लिए हस्तांतरित करने की मंजूरी प्रदान की। भगवान वाल्मिकी अंबेडकर शिक्षा समिति एक पंजीकृत समिति है और सक्रिय रूप से धर्मार्थ व समाज सेवा के साथ-साथ वंचित वर्ग के विशेषकर अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करा रहा है। यह गैर लाभ वाली संचालित समिति है और आस-पास के क्षेत्रों में शैक्षिक सुविधाओं को भी बढ़ावा दे रही है। हरियाणा नगर निगम अधिनियम, 1994 की धारा 164 की उप धारा (सी ए) के प्रावधानों के अनुसार उक्त प्रस्तावित भूमि अर्थात 2998.20 वर्ग मीटर की कुल कीमत 80,90,885 रुपये (अस्सी लाख नब्बे हजार आठ सौ पचासी रुपये) बनती है। इसके अलावा समिति को आकस्मिक शुल्क भी देना होगा, यदि लागू है तो।

**हिन्दी आंदोलन-1957 के मातृभाषा सत्याग्रहियों और शुभ्र ज्योत्सना योजनाओं के तहत दी जाने वाली पेंशन राशि में की बढ़ोतरी:** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में आज यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में हिन्दी आंदोलन-1957 के मातृभाषा सत्याग्रहियों और हरियाणा राज्य शुभ्र ज्योत्सना पेंशन एवं अन्य सुविधाएं योजना, 2018 के तहत दी जाने वाली मासिक पेंशन राशि को 10,000 रुपये से बढ़ाकर 15,000 रुपये करने को मंजूरी दी गई। दोनों योजनाओं के तहत बढ़ी हुई मासिक पेंशन तुरंत प्रभाव से लागू होगी। हरियाणा ग्राम शामलात भूमि (विनियमन) अधिनियम 1961 में आगे संशोधन करने के लिए हरियाणा ग्राम शामलात भूमि (विनियमन) संशोधन विधेयक, 2024 के प्रारूप को दी स्वीकृति प्रदान की।

## सदर क्षेत्र के अहाते व गलियों में ओपन नालियां होगी अंडरग्राउंड: अनिल विज

**काजल रानी**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि अम्बाला छावनी सदर क्षेत्र में अहातों व गलियों में ओपन नालियों को अंडर ग्राउंड करने के लिए करोड़ों रुपए की लागत से 18 किलोमीटर लंबी स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज पाइप लाइन डाली जाएगी। गृह मंत्री अनिल विज के अथक प्रयासों से अम्बाला छावनी में 23.26 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न विकास कार्यों को प्रदेश सरकार द्वारा मंजूरी प्रदान की गई है और इन कार्यों के होने से जनता को भरपूर लाभ मिलेगा। श्री विज ने बताया इन विकास कार्यों के तहत 13.47 करोड़ रुपए की लागत से स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज पाइपलाइन सदर क्षेत्र के विभिन्न अहातों व गलियों में डाली जाएगी। यह पाइपलाइन डालने से अहातों व गली-मोहल्लों में गंदगी से निजात मिलेगी। सदर क्षेत्र के मुख्य नालों में स्टॉर्म वॉटर पाइप लाइन डाली जा चुकी है।



### लोकसभा 2024 के चुनाव मद्देनजर लोगो और टैगलाइन का करें प्रयोग-अनुराग अग्रवाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि आगामी लोकसभा 2024 के चुनाव के लिए भारत के चुनाव आयोग ने मल्टी मीडिया कैंपेन के लिए चुनाव का पर्व-देश का गर्व लोगो (प्रतीक चिन्ह) एवं टैगलाइन जारी किया है तथा आयोग ने आग्रह किया है कि इसे उपलब्ध सभी प्रिंट मीडिया, चैनल्स, सोशल मीडिया हैंडल, वाट्सएप ग्रुप और सभी विभागों की वेबसाइट पर प्रचारित व प्रसारित किया जाए। उन्होंने बताया कि लोगो का सफेद रंग के साथ डार्क इमेज बैकग्राउंड हो।

## लाइन लास को कम करना बिजली निगम का उद्देश्य: बिजली मंत्री

**सराहनीय**

**8 यह सराहनीय है की पहली बार बिजली निगम मुनाफे में है: बिजली मंत्री रणजीत सिंह**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के ऊर्जा व जेल मंत्री रणजीत सिंह ने कहा कि पिछले साढ़े चार साल में प्रदेश में सरकार ने बिजली के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि यह सराहनीय है कि बिजली निगम पहली बार मुनाफे में है और मार्च महीने में बिजली निगम को 1000 करोड़ रुपये का मुनाफा होने का अनुमान है। ऊर्जा मंत्री श्री रणजीत सिंह ने आज यहां पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

इस दौरान उन्होंने बताया कि अधिकारियों को लाइन लॉस कम करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि उपभोक्ताओं को बिजली निर्बाध व सुचारू रूप से मिलती रहे। इसी का नतीजा है कि लाइन लॉस 10.72 प्रतिशत हो गया है। आशा है कि मार्च महीने में लाइन लॉस को और भी कम किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बिजली के बड़े डिफाल्टरों के कनेक्शन काटे जा रहे हैं। इसी के तहत जींद में 18 डिफाल्टर फैक्ट्री मालिकों के बिजली के कनेक्शन काटे गए, ताकि बिजली की उपलब्धता ज्यादा हो और ईमानदार उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली मिल सके।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में बिजली की कमी न रहे, इसके लिए यमुनानगर में 800 मेगा वाट बिजली उत्पादन के लिए थर्मल प्लांट लगाया जा रहा है। सोनीपत के खरखौदा में मारुति का प्लांट लगाया जाना है। इस प्लांट को भरपूर बिजली देने के लिए बिजली निगम तत्पर है। इस प्लांट के लगने से प्रदेश में युवाओं के रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि पंचायतों व ग्रामीण क्षेत्र के रास्तों में लगे बिजली के खंभे से लोगों को असुविधा न हो, इसलिए इन खंभे को हटवाया जाएगा।

### पेंशन घोटाला मामले में सीबीआई जांच रिपोर्ट पर कार्रवाई न करने को लेकर हाईकोर्ट सख्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के बहुचर्चित 162 करोड़ के सामाजिक सुरक्षा पेंशन घोटाले के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो ने अपनी स्टेटस रिपोर्ट पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में पेश कर दी है। इस रिपोर्ट में सभी जिलों के समाज कल्याण अधिकारियों को दोषी ठहराया गया है। सीबीआई ने रिपोर्ट में कोर्ट को ये भी बताया है कि 2012 में पेंशन वितरण अनियमितताओं के मामले में सरकार के हाईकोर्ट में दिए गए भरोसे के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई।करीब 12 साल बाद भी सरकार मामले में गंभीरता नहीं दिखा रही है। ऐसे में कोर्ट ने कहा कि ये कोर्ट की अवमानना का मामला बनता है। इस मामले में हाईकोर्ट ने सामाजिक न्याय विभाग के प्रमुख सचिव और महानिदेशक को अवमानना का नोटिस जारी किया है।

**हाईकोर्ट ने 2012 से अभी तक सबको दोषी बताया:** हाईकोर्ट ने सरकार को आदेश दिए कि सीबीआई रिपोर्ट को ध्यान में रखते हुए सभी अधिकारियों पर कानूनी कार्रवाई हो और साथ ही कोर्ट ने कहा कि 2012 से लेकर अब तक जितने भी समाज कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव और महानिदेशक थे, वो प्रथम दृष्टया कोर्ट की अवमानना के दोषी हैं। लेकिन अभी कोर्ट ने सामाजिक न्याय विभाग के मौजूदा प्रमुख सचिव और महानिदेशक को अवमानना का नोटिस जारी किया है। 15 मार्च तक कोर्ट को बताना होगा कि क्यों न सभी संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कोर्ट की अवमानना के लिए कार्यवाही की जाए।

## पुलिस की कार्यप्रणाली बेहतर बनाने को लेकर डीजीपी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

**दीपिका शर्मा**

**चंडीगढ़:** प्रदेश को अपराध मुक्त बनाने तथा पुलिस की कार्यप्रणाली को पहले से बेहतर बनाने के उद्देश्य से पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने प्रदेशभर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ वीसी के माध्यम से बैठक की। इस बैठक में आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों से निपटने तथा अपराध का सफाया करने को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओ पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री कपूर ने कहा कि पुलिस अधीक्षक वर्तमान में प्रदेश में लगी हुई मैनपावर का उपयोग अपराध नियंत्रण को लेकर प्रभावी तरीके से करें। सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अपने-अपने जिलों में संगीन अपराध जैसे-डकैती, लूटपाट, छीना झपटी, फिरौती संबंधी मामलों में पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही की स्वयं मॉनिटरिंग करें। इसके अलावा, वे ज्यादा से ज्यादा फील्ड में जाएं और अपने अधीनस्थ पुलिसकर्मियों के साथ सीधे संपर्क में रहे। उन्होंने कहा कि नाके व पीसीआर पुलिसिंग के लिए बहुत महत्वपूर्ण है अतः: उनकी तैनाती पर ध्यान देने की जरूरत है। श्री कपूर ने एमपैथी अर्थात संवेदना को सबसे अधिक महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने पुलिसकर्मियों तथा आमजन के प्रति संवेदना रखें और उन्हें आ रही समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करें। इसके साथ ही श्री कपूर ने कहा कि वे पेट्रोल पंप संचालकों, व्यापार मंडलों, आभूषण विक्रेताओं तथा बैंक शाखा प्रबंधकों आदि के साथ नियमित तौर पर बैठक करते रहे। इसके अलावा, पुलिस अधीक्षक समय-समय पर शहर में लगाए गए विभिन्न स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों की समीक्षा करते हुए यह सुनिश्चित करें कि वे चालू हालत में हों। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि पुलिस अधीक्षक अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में पड़ने वाले टोल प्लाजा पर भी पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाना सुनिश्चित करें।

## 'कृषि के साथ-साथ डेयरी व पशुपालन पर भी करें फोकस'

### नाबार्ड की ओर से 2.27 लाख करोड़ रुपये से अधिक के ऋण वितरण की संभावना, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने जारी किया स्टेट फोकस पेपर-2024-25

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा में कृषि, एमएसएमई, शिक्षा, आवास, निर्यात और नवीनीकरण ऊर्जा जैसे प्राथमिकता क्षेत्रों के विकास हेतु राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा राज्य के लिए वर्ष 2024-25 के लिए 2,27,821 करोड़ रुपये के ऋण वितरण की संभावनाओं के साथ स्टेट फोकस पेपर तैयार किया गया है, जोकि गत वर्ष की तुलना में 32.76 प्रतिशत अधिक है। इसमें कृषि क्षेत्र के लिए 1.02 लाख करोड़ रुपये के ऋण का अनुमान शामिल है। यह जानकारी आज यहां हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री जेपी दलाल ने नाबार्ड द्वारा आयोजित स्टेट क्रेडिट सेमिनार में स्टेट फोकस पेपर-2024-25 का विमोचन करने उपरांत दी। स्टेट फोकस पेपर के अनुसार, 31 दिसंबर, 2023 तक हरियाणा की ऋण भुगतान में कैश डिपॉजिट की दर 84 प्रतिशत है, जबकि यह दर राष्ट्रीय स्तर पर 60 प्रतिशत निर्धारित है। वर्ष 2023-24 के दौरान हरियाणा में कृषि क्षेत्र ने 8.1 प्रतिशत की विकास दर दर्ज की है, जो देश में सबसे अधिक में से एक है। देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में हरियाणा भौगोलिक दृष्टि से छोटा राज्य होने के बावजूद लगभग 4 प्रतिशत का योगदान देता है।

**छोटे व सीमांत किसानों और गरीबों के लिए ऋण उपलब्ध करवाएं बैंक:** अपने संबोधन में श्री जेपी दलाल ने कहा कि नाबार्ड बैंकों को निर्देश दे कि वे गांव में रह रहे छोटे व सीमांत किसानों और गरीबों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सुविधाजनक तरीके से उनकी आवश्यकतानुसार ऋण उपलब्ध करवाएं। उन्होंने नाबार्ड के अधिकारियों से आग्रह किया कि वे अगले वर्ष का फोकस पेपर तैयार करते समय इस बात का भी उल्लेख करें कि ग्रामीण क्षेत्र में कितने उद्यमी तैयार किए गए हैं।उन्होंने कहा कि हमें फसल विविधीकरण व प्रसंस्करण पर जोर देना होगा और इसके लिए बैंक ऋण उपलब्ध करवाएं, ताकि किसान आर्थिक दृष्टि से समृद्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि कुछ निजी बैंक किसानों को भूमि के नाम पर ऋण उपलब्ध करवाते हैं, जबकि बैंकों को प्रोजेक्ट पर ऋण देना चाहिए, तभी ग्रामीण अर्थव्यवस्था में आत्मनिर्भर आएगी। इसके अलावा, पशुपालन जो कि किसानों के लिए अतिरिक्त आय का स्त्रोत भी है, उसे बढ़ावा देने हेतु बैंकों को भेड़, बकरी, गाय, भैंस और मत्स्य पालन के लिए ऋण उपलब्ध करवाना चाहिए। इसी प्रकार, नाबार्ड को ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि के



## न्यूज फ्लैश

### बैंक कालोनी में हुई भोलेबाबा की जय-जयकार



**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** सेवा सदन शिव मंदिर न्यू प्रेम नगर की ओर से महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में आज शहर में धूमधाम से भोले बाबा की प्रभातफेरी निकाली गई। प्रभातफेरी ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया। प्रभातफेरी बैंक कालोनी में पहुंची, जहां प्रभातफेरी का नागपाल निवास पर भव्य स्वागत किया गया।

भाजपा रामनगर मंडल महामंत्री प्रमोद नागपाल ने अपने पूरे परिवार सहित भोले बाबा की आरती की और मत्था टेक आशीर्वाद लिया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने फूल बरसाकर प्रभातफेरी का स्वागत किया। भजन मंडली ने बाबा तेरा शुक्रिया है, भोले बाबा की कृपा है, आदि भजन गाकर वातावरण को भक्तिमय कर दिया। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की महिमा अनंत और अपार है। उनकी महिमा का गायन कोई नहीं कर सकता।

### अमृतधारी सिख नौजवानों को गुरु गोबिंद सिंह के लाड़ले पुत्र और लाडली धी अवार्ड से किया सम्मानित

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। गुरुद्वारा** रोड़ी साहेब निसिंग में आयोजित गुरमत समागम में आज 12 से 15 वर्ष के सिख युवकों व युवतियों को गुरु गोबिंद सिंह का लाडला पुतर व धी होने का अवार्ड देकर सम्मानित किया गया व साथ ही गुरु गोबिंद सिंह के लाड़ले परिवारों को भी सम्मानित किया गया। यह अवार्ड उन्हें संत बाबा अमीर सिंह जवद्धी कलाँ, संत गुरविंदर सिंह मांडी साहेब, बाबा जोगिंदर सिंह गुरदासपुर, प्रधान सुखवंत सिंह निसिंग के हाथों से प्राप्त हुए।

सचखंड वासी संत विरसा सिंह गोबिंद सदन वालों के निसिंग आगमन की याद में आयोजित गुरमत समागम के दौरान इंटरनेशनल सिख फोरम व शिरोमणि गतका फैडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से ये अवार्ड दिए गए। फोरम के महासचिव प्रीतपाल सिंह पन्नु ने कहा कि जिस प्रकार किसी भी स्कूल, विद्यालय अथवा विश्विद्यालय की पढ़ाई तभी पूरी मानी जाती है, जब उसका सर्टिफिकेट या डिग्री प्राप्त होती है। इसी प्रकार अमृत छकने के बाद मिले पाँच ककार सिखी की पढ़ाई करने के बाद मिले सर्टिफिकेट हैं।

उन्होंने बताया कि इंटरनेशनल सिख फोरम व शिरोमणि गतका फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 12 से 25 वर्ष की आयु के अमृतधारी सिख नौजवानों को गुरु गोबिंद सिंह के लाड़ले पुत्र अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसी प्रकार इसी आयु वर्ग की अमृतधारी सिख लड़कियों को गुरु गोबिंद सिंह के लाड़ली धी अवार्ड से नवाजा गया। माता-पिता व बच्चों सहित अमृत छकने वाले परिवार को गुरु गोबिंद सिंह के लाड़ले परिवार के तौर पर सम्मान दिया गया।

इससे पूर्व गुरुद्वारा रोड़ी साहेब के हाल में गुरमत व संत समागम का आयोजन किया गया। बाबा गुरमीत सिंह गुरुद्वारा राज करेगा खालसा डाचर, हरियाणा सिख मिशन कुरुक्षेत्र, प्रबंधक कमेटी गुरुद्वारा रोड़ी साहेब निसिंग के सहयोग व गुरुद्वारा गोबिंद सदन दिल्ली के तत्वावधान में

आयोजित गुरमत समागम में श्री दरबार साहिब अमृतसर के हजूरी रागी भाई समनदीप सिंह तान, प्रसिद्ध कथावाचक बाबा बंता सिंह मुंडा पिंड, कथा वाचक भाई सुखजीत सिंह घनहिया, ढाडी जत्था बीबी रूपिंद्र कौर धर्म प्रचार कमेटी अमृतसर, भाई भगत सिंह कविशर, हजूरी रागी भाई दिलप्रीत सिंह व हेड ग्रंथी भाई होशियार सिंह ने गुरु जस, कीर्तन, कथा व इतिहास के साथ संगत को जोड़ा।

# लखपति दीदी महासम्मेलन आज

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला** प्रशासन की ओर से यहां नई अनाज मंडी में 6 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में आयोजित किये जाने वाले राज्य स्तरीय लखपति दीदी महासम्मेलन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। महासम्मेलन में मुख्यमंत्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि होंगे। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाईव संबोधन को सुनने के लिये सभी इंतजाम कर लिये गये हैं। प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी, करनाल के सांसद संजय भाटिया और घरौंडा हलका के विधायक हरविंद्र कल्याण ने आज कार्यक्रम स्थल का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया।



अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी के अनुसार राज्य स्तरीय लखपति दीदी महासम्मेलन में राज्य भर से बड़ी संख्या में महिलाओं के साथ-साथ अन्य नागरिक भाग लेंगे। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के अलावा पार्टी से जुड़े अन्य विधायक, सांसद भी इसमें भाग लेंगे। सुबह नौ बजे कार्यक्रम की शुरूआत होगी। कार्यक्रम नई अनाज मंडी में शैड के नीचे आयोजित किया जायेगा। लोगों के बैठने के लिये कुर्सियों की व्यवस्था की गई है। शैड के दोनों ओर कुछ स्थान खुला रखा गया है ताकि अधिक संख्या में लोगों के पहुंचने की स्थिति में वे वहां बैठ सकें। वीआईपी के अलावा मीडिया कर्मियों के बैठने की अलग से व्यवस्था की गई है।

उन्होंने बताया कि मुख्य मंच पर 30 गुणा 12 फुट आकार की स्क्रीन लगाई गई है ताकि लोग प्रधानमंत्री का लाईव संबोधन सुन सकें। इसके अलावा दोनों ओर तीन-तीन छोटी स्क्रीन अलग से लगाई गई हैं ताकि पीछे बैठे लोगों को पीएम का संबोधन सुनने में कोई दिक्कत न हो। कार्यक्रम स्थल पर दोनों ओर प्रदर्शनी लगाई जायेगी, जिसमें स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार वस्तुयें प्रदर्शित की जायेंगी। इसके लिये सभा स्थल के दोनों तरफ दस-दस स्टाल तैयार किये गये हैं। नगर निगम की ओर से 5 मोबाइल शौचालयों की व्यवस्था की गई है। मंडी की सडकों की री-कारपेटिंग कर उन्हें चकाचक बनाया गया है। लोक संपर्क, सूचना एवं भाषा विभाग की ओर से सम्मेलन स्थल के अलावा आसपास की मुख्य सडकों, प्रवेश मार्ग पर सौ से अधिक हार्डिंग्स लगाये गये हैं। आधुनिक साउंड सिस्टम लगाया गया है।

उन्होंने बताया कि इस अवसर पर एसएचजी ड्रॉन दीदी द्वारा ड्रॉन का प्रदर्शन भी किया जाएगा। इसके अलावा तीन तकनीकि सत्र-लखपति लिवलीहुड प्लान, वित्तिय प्रबंधन, व्यवसाय विकास योजना एवं वैधानिक आवश्यकताएं आयोजित किए जाएंगे। अतिरिक्ति उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री के साथ-साथ सांसद, विधायक व नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाईव संबोधन सुनेंगे।

## सच्चा सुख निरोगी काया : दिनेश गुलाटी



**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** मेरा मिशन स्वस्थ भारत के तहत मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में बलदेव स्कूल में चलने वाली योग कक्षा को योग शेड सेक्टर-13 ग्रीन बेल्ट में स्थानांतरित कर दी गई। दिनेश गुलाटी द्वारा सूक्ष्म व्यायाम के साथ सत्र की शुरूआत की गई। उसके बाद उसके बाद शिक्षक राजीव शर्मा और पूनम खन्ना ने आसनों का अभ्यास कराया। सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाते हुए दिनेश गुलाटी ने कहा कि सूर्य नमस्कार पूरे शरीर को टोन करने, वजन घटाने में मदद करने और मांसपेशियों तथा जोड़ों को मजबूती देने का सबसे बेहतर अभ्यास माना जाता है। पाचन तंत्र, नींद में सुधार लाने के साथ-साथ शरीर की इम्यूनिटी को बढ़ावा देने के लिए भी सूर्य नमस्कार योग को किया जा सकता है। यह महिलाओं के लिए विशेष रूप से फायदेमंद है। इसलिए नित्य प्रति 10 मिनट या सिर्फ छह बार भी सूर्य नमस्कार करते हैं तो आपकी फिटनेस और स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद साबित होगा।

## नियमित हुई चारों कालोनियों में स्ट्रीट लाइट के लिए लगेंगे आक्टागोनल पोल

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः शहर** में अभी हाल में ही नियमित की गई चार कालोनियों में अब स्ट्रीट लाइट लगाई जाएंगी। इससे अब इन कालोनियों की गलियों व सड़कों पर अंधेरा नहीं रहेगा। इसके नगर निगम ने प्लानिंग तैयार कर ली है। नगरपालिका जेई सचिन धीमान ने बताया कि नगरपालिका द्वारा पहले चरण के तहत इन कालोनियों में आक्टागोनल पोल लगाने के साथ-साथ बिजली की तारें भी लगाई जाएंगे। पोल लगने के बाद दूसरे चरण में स्ट्रीट लाइट लगाई जाएंगी। प्रथम चरण के तहत कलोनियों में पोल व तारें बिछाने के लिए करीब 77 लाख रुपये का खर्च आएगा। इसको लेकर नगरपालिका ने चोरों कालोनियों में अलग-अलग टेंडर जारी भी कर दिए हैं। शहर वार्ड 5 में हनुमान कालोनी, पंचवटी कालोनी, वार्ड 11 में बसंत विहार व वार्ड 17 में शिव कालानी की गलियों में पर रात होते ही अंधेरा पसर जाता है। इससे चोरी व लूटपाट की वारदात होने का ज्ञयादा खतरा बना रहता है।



इन कालोनियां के अनधिकृत होने की वजह से नगरपालिका द्वारा इनमें विकास कार्य नहीं करवाए जा रहे थे। हाल ही मुख्यमंत्री ने जिन कालोनियों में नियमित किया था, उनमें गन्नौर की यह चारों कालोनियां भी शामिल थी। चोरों कालोनियों के नियमित होने के बाद इनमें विकास कार्य करवाने शुरू कर दिए हैं। नगरपालिका चोरों कालोनियों में कच्ची गलियों का पक्का करने का टेंडर लगा चुकी है।

## बैनर्जी क्लासिज करनाल के लक्षित का हुआ आरआईएमसी में चयन

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। करनाल** में बैनर्जी क्लासिज की सफलता की श्रृंखला में एक और अध्याय आज उस समय जुड़ गया, जब यहां के 13 वर्षीय विद्यार्थी लक्षित ने राष्ट्रीय सैनिक कालेज आरआईएमसी की प्रवेश परीक्षा में नौवां रैंक प्राप्त किया। उसका राष्ट्रीय सैनिक कालेज आरआई एमसी में चयन हुआ। हरियाणा से एकमात्र विद्यार्थी लक्षित रहा। आरआई एमसी में प्रवेश के लिए भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर परीक्षा ली जाती हैं। इसमें देश भर से हजारों विद्यार्थी भाग लेते हैं, जिसका इस कालेज में प्रवेश मिला। लक्षित को साक्षात्कार के लिए प्रशिक्षण मिहिर बैनर्जी ने दिया।

## भोले के भक्तों पर की गई अपार कृपा की कामना

**प्रारंभ**

8 प्रभातफेरी सेक्टर-7 में शिव भक्त कर्मचंद भाटिया के निवास से प्रारंभ हुई

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** शिव प्रभातफेरी मंच की ओर से मंगलवार अलसुबह सेक्टर सात व सेक्टर 13 में निकाली प्रभातफेरी में श्रद्धालुओं ने वातावरण को शिवमय बना दिया। आज प्रभातफेरी सेक्टर-7 में शिव भक्त कर्मचंद भाटिया के निवास से प्रारंभ हुई और सेक्टर-13 में शिव भक्त राकेश नागपाल के निवास पर विश्राम लिया।

जयकारे लगाते हुए श्रद्धालु आगे बढ़े। सेक्टरवासियों ने जगह-जगह



पालकी पर माथा टेक प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। मंच के प्रधान सतपाल मनोचा ने कहा कि आठ मार्च को महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धा एवं धूमधाम से मनाया जाएगा। जिस उत्साह, निष्ठा एवं श्रद्धा के साथ कर्णनगरी में भक्तों ने महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में निकाली प्रभातफेरी में भागीदारी की, भोलेनाथ उनकी सर्व मनोकामनाएं पूरी करेंगे।

उन्होंने कहा कि भगवान शिव दुखों को हरने वाले हैं। उनकी कामना है कि भोले के भक्तों के घर अन्न-धन्न से भरे रहें। उनके ऊपर सदैव सदैव शिव जी की अपार कृपा बनी रहे। इस अवसर पर नरेंद्र छाबड़ा, ऋषि, अनिल कथूरिया, अनिल भाटिया, अंजली भुटानी, सुनीता कथूरिया व शोभा सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## योग से स्वास्थ्य में प्रभावकारी लाभ प्राप्त होता है : शमशेर सिंह नैन

### योग से स्वास्थ्य में प्रभावकारी लाभ प्राप्त होता है। सभी नागरिकों को अपने जीवन में योग को आत्मसात करना चाहिए

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। पतंजलि** योग समिति द्वारा संचालित दिव्य योग कक्षा सेवा समिति आश्रम अर्जुन गेट में योग शिविर में साधकों को शरीर को स्वस्थ रखने के योग का अभ्यास करवाया और प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित किया।

योग शिक्षक शमशेर सिंह नैन ने कहा कि योग से स्वास्थ्य में प्रभावकारी लाभ प्राप्त होता है। सभी नागरिकों को अपने जीवन में योग को आत्मसात करना चाहिए। हर व्यक्ति को सुबह सूर्य उदय होने के पहले या शाम को सूर्यास्त होने के बाद समय निकाल कर योग करना चाहिए। स्वस्थ रहने के लिए



योग को अपने दिनचर्या में शामिल करते हुए नियमित रूप से योगाभ्यास करना चाहिए।

योग शिक्षक सुरेंद्र नारंग ने कहा कि प्राचीन काल से योग का विशेष महत्व रहा है। पशु-पक्षी में अपने

**छुटकारा**

8 नियमित योग और अभ्यास से पुरानी से पुरानी जटिल बीमारियों से छुटकारा पाया जा सकता है

योग क्रियाओं से स्वस्थ्य रहते है। हम सभी को स्वस्थ्य तन और मन के लिए नियमित रूप से योग करना चाहिए। योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएं। नियमित योग और अभ्यास से पुरानी से पुरानी जटिल बीमारियों से छुटकारा पाया जा सकता है। स्वस्थ शरीर के लिए हम सबको प्रतिदिन योग के लिए समय निकालना चाहिए।

इस अवसर पर सुरेंद्र नारंग, नरेश निझावन, पूनम निझावन, आशीष गुप्ता, मोनिका गुप्ता, अंजू अरोड़ा, दया, दविंद्र चौधरी, पूनम निझावन, नीरू गुप्ता,

गुरदयाल सिंह, वंशिका, भारती, किरण बाला, रेनु गोयल, रामलाल गोयल, दीनानाथ भाटिया, ज्योति गुलाटी, आशा गाबा, कविता, जितेंद्र गुप्ता, लक्ष्मी चोपड़ा, रिंपी खरबंदा, अशोक नारंग, सविता नारंग, बलदेव राणा, कमल चोपड़ा, पूर्ण चंद, मधु बाला, मंजू शर्मा, नेहा, संतोष कथूरिया व वंदना आदि मौजूद रहे।

## खेत से ट्यूबवेल केबल चोरी करने वाले पति-पत्नी गिरफ्तार



**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिला पुलिस के बर्गलरी स्टाफ की टीम द्वारा सीमा देवी पत्नी कारज सिंह और कारज सिंह पुत्र स्व. अमरीक सिंह वासी माहवा जिला अमृतसर पंजाब को जिला कोर्ट करनाल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया गया। आरोपियों की निशानदेही पर उनके कब्जे से चुराई गई ट्यूबवेल केबल बरामद की गई।

उल्लेखनीय है कि 14 फरवरी की रात को शिकायतकर्ता प्रदीप वासी जुंडला के खेत से चुराई गई बीस फीट ट्यूबवेल केबल और 26 जनवरी की रात को शिकायतकर्ता नफे सिंह वासी ऊंचा समाना के खेत से चोरीशुदा पचास फीट ट्यूबवेल केबल बरामद की गई। इस संबंध में दोनों मामलो में अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी के तहत थाना सदर और थाना मधुबन में मुकदमा दर्ज किया गया था।

आरोपियों से पूछताछ में पाया गया कि दोनों ने पैसों के लालच में चोरी की वारदातों को अंजाम दिया था। जो कि पहले ही मोटरसाइकिल चोरी के मुकदमे में जेल में बंद हैं। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## नव ज्योति शिक्षा सदन में लगा स्वास्थ्य एवं उपचार शिविर

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः नव** ज्योति शिक्षा सदन में मंगलवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच व उपचार शिविर भी लगाया गया। शिविर में आयुष विभाग से आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डा. रजनीश वर्मा, आयुर्वेद औषद्यालय से कमलेश कुमारी, योगाचार्या रितु व सरकारी आयुर्वेदिक औषद्यालय अहीर माजरा से चिकित्सक शामिल हुए। विद्यालय में करीब 200 विद्यार्थियों व अध्यापकों के स्वास्थ्य की जांच की गई। विद्यार्थियों व अध्यापकों को उनकी बीमारी के अनुसार दवाइयां भी दी गई। विद्यालय के निदेशक राजेंद्र कौशिक व प्राचार्या हिनू शर्मा ने



चिकित्सकों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। राजेंद्र कौशिक ने बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने व योगा को उनके जीवन में अपनाने के लिए भी प्रेरित किया।

## सतकुंभा उत्सव में परिषद के कलाकारों ने मचाया धमाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः 7 दिवसीय** सतकुंभा उत्सव में मंगलवार को चौथे दिन हरियाणा कला परिषद के कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अंकित शर्मा एवं पार्टी द्वारा कार्यक्रम की शुरूआत गंगा जी के प्यार में गीत प्रस्तुति करके की। इसके बाद मनमोहक प्रस्तुतियां हरियाणवी लोक नृत्य खोडिया, देशां में देश हरियाणा, सर पर बंटा टोकनी, राजा की राजदुलारी सहित सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। पीठाधीश्वर श्रीमहंत राजेश



स्वरूप शास्त्री जी ने कलाकारों को आशीर्वाद प्रदान किया एवं आयोजन समिति सदस्यों ने कलाकारों को सम्मानित किया। अहीर माजरा के राव परिवार की ओर से कन्याओं का पूजन करवाया गया। गांव अहीर माजरा के शमशेर यादव एवं उनकी पत्नी अनिता यादव ने अनंत भंडारे की सेवा की।

स्वामी कुलदीपानंद जी महाराज गांगाली, जींद, प्रेम दास महाराज पीपली खेड़ा गन्नौर ने आचार्य व्यास पवन देव चतुर्वेदी

**रंगारंग**

8 प्रेम दास महाराज पीपली खेड़ा गन्नौर ने आचार्य व्यास पवन देव चतुर्वेदी का स्वागत किया

का स्वागत किया। पीठाधीश्वर राजेश स्वरुप महाराज ने उत्सव में पहुंचे संतों को सम्मानित किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने रामकथा सुनने के साथ ही शिव स्तोत्र महायज्ञ में आहुतियां डाली।

## सोनीपत-गन्नौर मार्ग पर राजलू गढ़ी में रेलवे अंडरब्रिज पर टीन शैड लगाने का काम शुरू

### बरसाती पानी के जलभराव रोकने के लिए प्रोफलेक्स कंपनी टीन शेड में वेटलेस व मजबूत सीट लगा रही

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः गन्नौर** सोनीपत मार्ग पर गांव राजलू गढी के समीप कंटेनर डिपों बड़ी में गई रेलवे लाईन क्रासिंग के लिए बनाए गए अंडरब्रिज के ऊपर टीन शैड लगाने का काम शुरू हो गया। निर्माण कार्य करवा रहे कंपनी के कर्मचारी के अनुसार टीन शैड एक सप्ताह में शेड का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। ज्ञात रहे कि बरसात के मौसम से पहले ही वाहन चालकों को अंडरब्रिज से गुजरने में परेशानी न आए इसके लिए टीन शैड लगाने का काम शुरू हो गया है। विभाग के अनुसार बरसात के मौसम से पहले ही टीन शैड लगाने का काम पूरा हो




गया है।

**दिन के समय ही बंद रहेगा चार पहिया वाहनों का आवागमन बंदः** शेड के लगाने के कार्य के चलते गांव राजलू गढ़ी से गन्नौर आने वाले चार पहिया वाहनों के आवागमन पर निर्माण करने वाली एजेंसी ने सड़क मार्ग को गन्नौर गांव में बेरिकेट लगाकर बंद कर दिया है।

चार पहिया वाहनों का आवागमन केवल दिन के समय 8 बजे से शाम 8 बजे तक रहेगा। इस दौरान दुपहिया वाहन चालक

**सीट**

8 निर्माण कार्य करवा रहे कंपनी के कर्मचारी के अनुसार टीन शैड एक सप्ताह में शेड का कार्य पूरा कर लिया

निकल सकेंगे और रात के समय बड़े वाहन भी अंडरब्रिज से निकल सकेंगे। काम करवा रहे एंजेसी कर्मचारी ने बताया कि एक दो दिन और दिन में बंद रहेगा। अब मशीन को अंडरब्रिज के बाहर वाली साइड में लगाकर टीन शैड लगाया जाएगा और वाहनों का आवागमन सुचारू हो जाएगा। **प्रोफलेक्स कंपनी टीन शेड में वेटलेस व मजबूत सीट लगा रही है : नीरज** शेड में कोरिया निर्मित ट्रसलैस सीट का उपयोग किया जा रहा है जो कि बहुत मजबूत है। प्रोफलेक्स कंपनी शेड लगाने का कार्य कर रही है। यह शीट वेटलेस है और मजबूत भी काफी है। ट्रसलेस शीट का सबसे बड़ा लाभ यह है कि इससे ब्रिज के अंदर शेड के नीचे कबूतर आदि पक्षी नहीं बैठ सकते। शेड लगने के बाद अंडरब्रिज के अंदर बरसात का पानी नही जा पाएगा। एजेंसी कर्मचारी नीरज ने बताया कि टीन शेड की फिटिंग मशीनो से की जाएगी।

## बच्चों ने किया राष्ट्रपति भवन का भ्रमण

**वार्तालाप**

8 राष्ट्रपति मुर्मू द्वारा व्यक्तिगत रूप से सभी बाल संरक्षण संस्थाओं से आए हुए बच्चों के साथ वार्तालाप की गई

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास राजबाला मोर के नेतृत्व में बाल संरक्षण संस्थाओं में रह रहे बच्चों को राष्ट्रपति भवन का भ्रमण करवाया गया।

भ्रमण के दौरान महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपती मुर्मू द्वारा व्यक्तिगत रूप से सभी बाल संरक्षण संस्थाओं



से आए हुए बच्चों के साथ वातार्लाप की गई। बच्चों बच्चों द्वारा उन्हें यहां भ्रमण करने का अवसर प्रदान करने पर धन्यवाद प्रकट किया गया।

इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी रीना रानी, जिला बाल कल्याण समिति अध्यक्ष उमेश चानना, सदस्य निरुपमा सदर तथा संस्था के प्रबंधक भी मौजूद रहे।

## संपादकीय

# त्रिशंकु आचरण की विसंगतियां

**वर्तमान** में आधुनिकता की अंधी दौड़ में हम इस तरह तेज भाग रहे हैं कि हमारी सनातनी परंपराएं धीरे-धीरे पीछे छूट रही हैं और हम आधुनिकता तथा परंपराओं के बीच त्रिशंकु बंद कर लटक रहे हैं। भारतीय वैदिक, सनातनी संस्कृति हमें अपने भारतीय होने का एहसास कराती है। जो हमें विश्व के अन्य देशों से विकास की दौड़ में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। भारत में अनेक परंपराएं ऐसी हैं जो सामाजिक जीवन को अधिक सभ्य एवं अच्छा इंसान बनाए रखने में योगदान देती है। जिनसे मनुष्यता का जीवन जीने की प्रेरणा भी मिलती है। यांत्रिक उपकरणों की तरह जिंदगी जीना भी कोई जीना है। यह भारतीय संस्कृति में पाश्चात्य का घालमेल ही है जो मनुष्य के जीवन को यंत्रवत बना देता है। जो आने वाले कल के लिए घातक भी हो सकती है। वहीं दूसरी ओर पाश्चात्य दर्शन की कुछ विशेषताएं भी हैं, जो हमारे विचारों को अधिक तार्किक तथा बौद्धिक बनाती है। जिससे हम अपना जीवन कार्तिक तथा बौद्धिक बना सकते हैं। जिन्हें हम अपने जीवन में क्रियान्वित कर अपने मनुष्य जाति के जीवन को अधिक सार्थक एवं सुलभ बना सकते हैं। निसंदेह हमें रूढ़ीवादी या एकदम पुरातन पंथी संस्कृति से लगाव न रखकर पाश्चात्य संस्कृति के जो फायदे हैं, उन्हें अपनाकर अपना जीवन सरल सार्थक एवं सुगम बना सकते हैं। परंतु आज वर्तमान में हमने पश्चिम दर्शन से खोखला आधुनिकवाद ओढ़ लिया है ,हम ना अत्यंत आधुनिक ही हो सके हैं और ना ही सही-सही संस्कारित परंपरावादी ही बन पाए हैं हम हम पाश्चात्य दर्शन और भारतीय संस्कार और परंपरा के बीच त्रिशंकु बन कर झूल रहे हैं' विवेकानंद जी ने कहा है कि वीणा के तार को ईतना भी ना कसो कि वह टूट जाए, और इतना भी ढीला छोड़ो कि वह बज भी ना पाए, मूलतः हमें दोनों संस्कृतियों की समग्र अच्छाइयों को आत्मसात कर उनकी बुराइयों को त्यागना होगा तब ही जीवन सफल हो सकेगा। भारतीय संस्कृति अध्यात्म प्रधान है। जबकि पश्चिमी सभ्यता भौतिकता लिए होती है, और उसमें भौतिकता की प्रधानता होती है। आध्यात्मिक प्रधान संस्कृति से तात्पर्य भौतिकता वादी दृष्टिकोण से दूर रहकर भौतिकता वादी होने का ही है। प्राचीन काल से ही भारत देश में 'अतिथि देवो भव' और 'वसुधैव कुटुंबकम' वाली संस्कृति रही है। भारत की सांस्कृतिक धरोहर, विश्वास, भावना,आस्था, धर्म, रीति रिवाज जैसे तथ्यों से भरी पड़ी है। धर्म प्रधान संस्कृति होने के कारण ही इसे आध्यात्मिक प्रवृत्ति वाला देश माना गया है। स्वामी रामकृष्ण परमहंस के शब्दों में यदि कहें तो ईश्वरत और त्याग पर्यायवाची शब्द है। संस्कृति और सदाचार उसकी बाह्य अभिव्यक्तियाँ है। परंपरागत दृष्टिकोण से हम अपने धार्मिक तथा अध्यात्मिक दर्शन को लेकर बहुत हद तक अपने आप को एवं देश को महिमामंडित करने में लगे रहते हैं। किंतु आज आवश्यकता इस बात की है कि हमें पूर्ण रूप से आध्यात्मिक ना होकर वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर इस तथ्य का मूल्यांकन किया जाना चाहिए कि 21 सदी में पांचवी एवं छठवीं सदी की मान्यताएं तथा परंपराएं जारी रख उन्हें अपना सकते हैं क्या?, आज जब दुनिया वैज्ञानिक चमत्कारों से भरी पड़ी है। दुनिया विज्ञान की प्रगति से चांद तो क्या सूर्य को भी खंगालने का प्रयास कर रही है। मानव का क्लोन बनाकर ईश्वर की सत्ता को चुनौती देने का प्रयास किया जा रहा है।

# महाशिवरात्रि का सांस्कृतिक एवं वैज्ञानिक महत्व

**डॉ. सौरभ मालवीय**

"महाशिवरात्रि का वैज्ञानिक दृष्टि से अत्यंत महत्त्व है। माना जाता है कि इस रात्रि ग्रह का उत्तरी गोलार्द्ध इस प्रकार अवस्थित होता है कि मानव की आंतरिक ऊर्जा प्राकृतिक रूप से ऊपर की ओर जाती है। मान्यता है कि यह ऊर्जा मनुष्य को आध्यात्मिक शिखर तक ले जाने में सहायक सिद्ध होती है। इसलिए इस रात्रि में भगवान शिव की पूजा-अर्चना करने का अत्यंत महत्त्व है। पूजा के समय भक्त सीधा बैठता है तथा उसकी रीढ़ की हड्डी सीधी होती है। इसके कारण उसकी ऊर्जा उसके मस्तिष्क की ओर जाती है। इससे उसे शारीरिक ही नहीं, अपितु मानसिक एवं आध्यात्मिक शक्ति भी प्राप्त होती है। भगवान शिव का पंचाक्षरी मंत्र ॐ नमः शिवाय है। यह मंत्र भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है। इस मंत्र का संबंध पंच महाभूतों भूमि, गगन, वायु अग्नि एवं नीर से माना जाता है"

**पर्व** एवं त्योहार भारतीय संस्कृति की पहचान हैं। ये केवल हर्ष एवं उल्लास का माध्यम नहीं हैं, अपितु यह भारतीय संस्कृति के संवाहक भी हैं। इनके माध्यम से ही हमें अपनी गौरवशाली प्राचीन संस्कृति के संबंध में जानकारी प्राप्त होती है। महाशिवरात्रि भी संस्कृति के संवाहक का ऐसा ही एक बड़ा त्योहार है। शिवरात्रि प्रत्येक मास की अमावस्या से एक दिन पूर्व अर्थात कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाई जाती है, जबकि महाशिवरात्रि वर्ष में एक बार आती है। यह फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाई जाती है। शिव पुराण की ईशान संहिता में कहा गया है कि फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी की रात्रि में भगवान शिव करोड़ों सूर्यों के समान प्रभाव वाले लिंग रूप में प्रकट हुए थे-

**फाल्गुनकृष्णचतुर्दश्यामादिदेवो महानिशि। शिवलिंगतयोद्भूतः कोटिसूर्यसमप्रभः॥**

माना जाता है कि इसी दिन प्रलय आएगा, जब प्रदोष के समय भगवान शिव तांडव करते हुए ब्रह्मांड को तृतीय नेत्र की ज्वाला से नष्ट कर देंगे। इसीलिए शिवरात्रि को कालरात्रि भी कहा जाता है।

**सांस्कृतिक एवं धार्मिक महत्त्व**

महाशिवरात्रि धार्मिक एवं सांस्कृतिक रूप से अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। महाशिवरात्रि के सन्दर्भ में अनेक पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं। एक कथा के अनुसार अग्निलिंग के उदय के साथ इसी दिन सृष्टि प्रारंभ हुई थी। एक पौराणिक कथा के अनुसार फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी पर भगवान शिव सर्वप्रथम शिवलिंग के स्वरूप में प्रकट हुए थे। इसीलिए इस दिवस को भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग के प्रकाट्य पर्व को प्रत्येक वर्ष महाशिवरात्रि के रूप में मनाया जाता है। एक अन्य कथा के अनुसार इस दिन भगवान शिव का देवी पार्वती के साथ विवाह सम्पन्न हुआ था। यह उनके विवाह की रात्रि है। उन्होंने वैराग्य त्याग कर गृहस्थ जीवन अ पना लिया था। एक पौराणिक कथा के अनुसार इस दिन भगवान शिव ने समुद्र मंथन के समय निकले कालकूट नामक विष को अपने कंठ में रख लिया था। इससे उनका कंठ नीला हो गया था। इसीलिए उन्हें नीलकंठ नाम से भी जाना जाता है। कहा जाता है कि इस घातक विष के कारण भगवान शिव को ताप चढ़ गया था। इसे उतारने के लिए उनके मस्तक पर बेल पत्र



रखा गया, क्योंकि बेल पत्र शीतल गुण वाला होता है। इससे उन्हें संतुष्टि प्राप्त हुई। तभी से शिवलिंग पर बेल पत्र चढ़ाने की परंपरा आरंभ हुई। एक कथा के अनुसार इस रात्रि भगवान शिव ने संरक्षण एवं विनाश के नृत्य का सृजन किया था। इसलिए भी यह रात्रि विशेष है।

**महाशिवरात्रि का वैज्ञानिक महत्त्व**

महाशिवरात्रि का वैज्ञानिक दृष्टि से अत्यंत महत्त्व है। माना जाता है कि इस रात्रि ग्रह का उत्तरी गोलार्द्ध इस प्रकार अवस्थित होता है कि मानव की आंतरिक ऊर्जा प्राकृतिक रूप से ऊपर की ओर जाती है। मान्यता है कि यह ऊर्जा मनुष्य को आध्यात्मिक शिखर तक ले जाने में सहायक सिद्ध होती है। इसलिए इस रात्रि में भगवान शिव की पूजा- अर्चना करने का अत्यंत महत्त्व है। पूजा के समय भक्त सीधा बैठता है तथा उसकी रीढ़ की हड्डी सीधी होती है। इसके कारण उसकी ऊर्जा उसके मस्तिष्क की ओर जाती है। इससे उसे शारीरिक ही नहीं, अपितु मानसिक एवं आध्यात्मिक शक्ति भी प्राप्त होती है। भगवान शिव का पंचाक्षरी मंत्र ॐ नमः शिवाय है। यह मंत्र भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है। इस मंत्र का संबंध पंच महाभूतों भूमि, गगन, वायु अग्नि एवं नीर से माना जाता है। इस मंत्र का निरंतर जाप करने से शरीर में ऊर्जा का संचार होता है। इससे मनुष्य का आत्मबल बढ़ता है। धर्म ग्रंथों के अनुसार महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव की पूजा- अर्चना करने से वे प्रसन्न होकर अपने भक्तों को मनचाहा वरदान देते हैं। शिवरात्रि का महोत्सव एक दिवस पूर्व ही प्रारंभ हो जाता है। भगवान शिव के मंदिरों में रात्रि भर पूजा-अर्चना की जाती है। भक्त रात्रिभर जागरण करते हैं एवं सूर्योदय के समय पवित्र स्थलों पर स्नान करते हैं। नदी तटों विशेष कर गंगा के तटों पर भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ती है। स्नान के पश्चात भगवान शिव के मंदिरों में पूजा-अर्चना की जाती है। भक्त शिवलिंग की परिक्रमा करते हैं। तत्पश्चात भगवान शिव का अभिषेक किया जाता है। शिवलिंग का जलाभिषेक अथवा दुग्धाभिषेक भी किया जाता है। शिवलिंग पर जल से जो अभिषेक जाता है, उसे जलाभिषेक कहा जाता है। इसी प्रकार शिवलिंग पर दुग्ध से जो अभिषेक किया जाता है, उसे दुग्धाभिषेक कहा जाता है। मधु से भी शिवलिंग का अभिषेक किया जाता है। इसके अतिरिक्त शिवलिंग पर सिंदूर लगाया जाता है एवं सुगंधित धूप जलाई जाती है। दीपक भी जलाया जाता है। उस पर फल, अन्न एवं धन चढ़ाया जाता है। उस पर बेल पत्र एवं पान के पत्ते चढ़ाए जाते हैं। इनके अतिरिक्त वे वस्तुएं भी भगवान शिव को चढ़ाई जाती हैं, जो उन्हें प्रिय हैं। इनमें धतूरा एवं धतूरे के पुष्प सम्मिलित हैं। मुक्तिदायिनी गंगा के जल का भी विशेष महत्व है, क्योंकि गंगा देवलोक से सीधी भगवान शिव की जटा पर ही उतरी थी। इसके पश्चात ही वह पृथ्वी लोक में उतरी एवं प्रवाहित हुई। इसलिए सभी नदियों में गंगा का स्थान सर्वोपरि माना जाता है। भक्तजन महाशिवरात्रि के दिन उपवास भी रखते हैं। कुछ लोग निर्जल रहकर भी उपवास करते हैं। उपवास से तन एवं मन दोनों ही शुद्ध होते हैं। शुद्ध मन में ही तो भगवान वास करते हैं। कई स्थानों पर भगवान शिव की बारात भी निकाली जाती है। इसमें कलाकार शिव एवं पार्वती का रूप धारण करते हैं। बारात में सम्मलित लोग शरीर पर भस्म लगाए हुए होते हैं। वे नाचते गाते हुए शिव एवं पार्वती के रथ के पीछे चल रहे होते हैं। भक्तजन इसमें भाग लेते हैं।

**महिलाओं के लिए विशेष है शिवरात्रि**

शिवरात्रि का महिलाओं के लिए विशेष महत्व है। विवाहित महिलाएं व्रत रखकर अपने पति की दीघार्यु एवं सुखी जीवन के लिए प्रार्थना करती हैं, जबकि अविवाहित युवतियां भगवान शिव से अपने लिए सुयोग्य वर मांगती हैं। भगवान शिव को आदर्श पति के रूप में माना जाता है। इसलिए युवतियां सुयोग्य वर के लिए सोलह सोमवार का व्रत भी करती हैं। मान्यता है कि सोलह सोमवार का व्रत करने से सुयोग्य वर की प्राप्ति होती है।

**भगवान शिव के बारह ज्योतिर्लिंगः**

महाशिवरात्रि पर ज्योतिर्लिंग पर विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। भगवान शिव के बारह ज्योतिर्लिंग हैं अर्थात प्रकाश के लिंग हैं। ये स्वयम्भू के रूप में जाने जाते हैं, जिसका अर्थ है स्वयं उत्पन्न। ये बारह स्थानों पर ज्योतिर्लिंग स्थापित हैं। इनमें उत्तराखंड में हिमालय का दुर्गम केदारनाथ ज्योतिर्लिंग, उत्तर प्रदेश के ही काशी विश्वनाथ मंदिर में स्थापित विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग, बिहार के बैद्यनाथ धाम में स्थापित शिवलिंग, गुजरात के काठियावाड़ में स्थापित सोमनाथ शिवलिंग, मध्यप्रदेश के उज्जैन के अवंति नगर में स्थापित महाकालेश्वर शिवलिंग, मध्यप्रदेश के ही ओंकारेश्वर में नर्मदा तट पर स्थापित ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग, गुजरात के द्वारकाधाम के निकट स्थापित नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, महाराष्ट्र की भीमा नदी के किनारे स्थापित भीमशंकर ज्योतिर्लिंग, महाराष्ट्र के नासिक के समीप त्रयंम्बकेश्वर में स्थापित ज्योतिर्लिंग, महाराष्ट्र के ही औरंगाबाद जिले में एलोरा गुफा के समीप वेसल गांव में स्थापित घुमेश्वर ज्योतिर्लिंग, चेन्नई में कृष्णा नदी के किनारे पर्वत पर स्थापित श्री शैल मल्लिकार्जुन शिवलिंग एवं चेन्नई में ही रामेश्वरम् त्रिचनापल्ली समुद्र तट पर भगवान श्रीराम द्वारा स्थापित रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग सम्मिलित हैं। शिवरात्रि एवं महाशिवरात्रि आर यहां भक्तजनों का तांता लग जाता है। वे ज्योतिर्लिंग के दर्शन करके आध्यात्मिक लाभ अर्थात पुण्य प्राप्त करते हैं।

## कविता

**"झूमता बसन्त है"**

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,
दिन में रात में, बातों ही बात में,
झूमता बसन्त है।

संजीव
---------

# सुप्रीम फैसलों ने बढ़ाया देश का मान

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**भारत के सर्वोच्च न्याया**लय ने हाल ही में कई ऐसे फैसले दिए हैं जिससे देश का मान तो बढ़ा ही है। उसके साथ ही वो फैसले न्यायपालिका के क्षेत्र में भी मील के पत्थर साबित होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसलों से जहां हर देशवासी को गौरवान्वित किया हैं। वहीं देशवासियों का न्यायपालिका के प्रति विश्वास को भी सुदृढ़ किया है। सुप्रीम कोर्ट के इन फैसलों की पूरे देश में सराहना हो रही है। देश के आम आदमी को भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले से यह महसूस होने लगा कि हमारे देश में न्याय कभी कमजोर नहीं हो सकता है। हालांकि पिछले कई वर्षों से देश में न्यायपालिका को कमजोर करने के आरोप लग रहे थे। जिनको सुप्रीम कोर्ट के फैसलों ने झूठला दिया है। सोमवार को वोट के बदले नोट के मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। अब रिश्वत लेकर सदन में वोट दिया या सवाल पूछा तो सांसदों या विधायकों को विशेषाधिकार के तहत मुकदमे से छूट नहीं मिलेगी। सुप्रीम कोर्ट की 7 जजों की संवैधानिक पीठ ने सोमवार को अपना 25 साल पुराना फैसला पलट दिया। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस एएस बोपन्ना, एमएम सुंदरेश, पीएस नरसिम्हा, जेबी पारदीवाला, संजय कुमार और मनोज मिश्रा की संवैधानिक पीठ ने कहा कि हम 1998 में दिए गए जस्टिस पीवी नरसिम्हा के उस फैसले से सहमत नहीं हैं। जिसमें सांसदों और विधायकों को सदन में भाषण देने या वोट के लिए रिश्वत लेने पर मुकदमे से छूट दी गई थी। 1998 में 5 जजों की संवैधानिक पीठ ने 3-2 के बहुमत से तय किया था कि ऐसे मामलों में जनप्रतिनिधियों पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि अगर कोई घूस लेता है तो केस बन जाता है। यह मायने नहीं रखता है कि उसने बाद में वोट दिया या फिर स्पीच दी। आरोप तभी बन जाता है जिस वक्त कोई सांसद घूस स्वीकार करता है। संविधान के आर्टिकल 105 और 194 सदन के अंदर बहस और विचार-विमर्श का माहौल बनाए रखने के लिए हैं। दोनों अनुच्छेद का मकसद तब बेमानी हो जाता है। जब कोई सदस्य घूस लेकर सदन में वोट देने या खास तरीके से बोलने के लिए प्रेरित होता है। आर्टिकल 105 या 194 के तहत रिश्वतखोरी को छूट हासिल नहीं है। रिश्वत लेने वाला आपराधिक काम में शामिल होता है। ऐसा करना सदन में वोट देने या भाषण देने के लिए जरूरत की श्रेणी में नहीं आता है। सांसदों का भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को नष्ट कर देती है।

हमारा मानना है कि संसदीय विशेषाधिकारों के तहत रिश्वतखोरी को संरक्षण हासिल नहीं है। यह मुद्दा दोबारा तब उठा जब झामुमो विधायक सीता सोरेन ने अपने खिलाफ जारी आपराधिक कार्रवाई को रद्द करने की याचिक दाखिल की। उन पर आरोप था कि उन्होंने 2012 के झारखंड के राज्यसभा चुनाव में एक खास प्रत्याशी को वोट देने के लिए रिश्वत ली थी।

## विचार

# आधुनिक वैज्ञानिक युग में महाशिवरात्रि का महत्व

**भारतीय** संस्कृति में शिव की महिमा अनंत है। सनातन धर्म के बहुतेरे धार्मिक ग्रंथ आपकी महिमा की अलग-अलग तरीके से व्याख्या करते हैं। वस्तुतः शिव की महिमा को जानना, पूरी तरह से समझना और उसका संपूर्ण वर्णन करना असंभव है। शिव देवों में महादेव हैं और हर सनातनियों के अराध्य हैं। शिव का हर रूप मानव के लिये आनंद पूर्वक जीवन जीने की कला का उदाहरण है। शिव के गुणों को जानने का तथा शिवत्व को पहचानने के साथ शिवमय होने का दिन शिवरात्रि है। फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाता है। इस दिन की रात्रि को भगवान शिव के निराकार से साकार रूप में अवतरित होने, लिंगरुप में प्रकट होने, सृष्टि को हलाहल विष से बचाने तथा महादेव और देवी पार्वती की विवाह वार्षिकी के रूप में हर्ष, उल्लास, उमंग, जोश के साथ तथा जप, तप, नियम, व्रत, धर्म से मनाने का प्रावधान है। शिव की विवाह वार्षिकी प्रत्येक मानव को यह संदेश देती है कि विवाह एक ऐसा पवित्र संस्कार है, बंधन है जिसमें स्त्री -पुरुष एक दूसरे के सुख- दुःख के साथी बनकर सृजन का हेतु बनते हैं। विज्ञान भी यही कहता है कि सृजन (संतानोत्पत्ति) में दोनों की बराबर की भागीदारी है। संतान का लालन-पालन भी तभी अच्छा होता है जब दोनों ही अपनी भूमिका, जिम्मेदारी और उत्तरदायित्व को ठीक ढंग से समझें और उसका निर्वहन करें। शिव का अर्धनारीश्वर स्वरूप भी स्त्री -पुरुष को एक-दूसरे का पूरक मानते हुए, पारस्परिकता के महत्व को प्रतिपादित करते हुए, समदायित्व,समअधिकार की बात करता है, लैंगिक समानता पर जोर देता है तथा परिवार के महत्त्व को प्रतिपादित करता है। वे बच्चों को सीख देते हैं कि इस संसार में माता-पिता को सबसे से ऊपर मानते हुए उन्हें आदर और सम्मान देना तथा सुखी रखना प्रत्येक पुत्र/पुत्री का प्रथम दायित्व है। तभी तो आपने अपने छोटी संतान श्रीगणेश द्वारा शिव-पार्वती की तीन परिक्रमा को तीनों लोकों की परिक्रमा के बराबर माना। इस प्रसंग के माध्यम से आपने एक विशिष्ट संदेश भी दिया कि व्यक्ति को दिये गये कार्य को सम्पादित करते समय अपनी बुद्धि और विवेक का उपयोग अवश्य करना चाहिए। ऐसा करके व्यक्ति नवाचार के साथ श्रम और समय दोनों की बचत कर सकता है साथ ही जब श्रेष्ठ चयन की बात सामने आये तो उम्र के स्थान पर बुद्धि और ज्ञान को प्राथमिकता देनी चाहिए। भगवान शिव ने शिवरात्रि के दिन ही अमृत मंथन प्रक्रिया के दौरान निकले हलाहल विष को संसार की रक्षा के लिए ग्रहण कर गले में रोक लिया और नीलकंठ कहलाए। यह घटना यह संदेश देती है जो समर्थ है, सर्वोच्च स्तर पर विराजमान हैं,

अपने आपको को प्रजा के पालनहार समझते हैं- उन्हें सामाजिक उत्थान के लिए, देश की प्रगति के लिए, राष्ट्र की सुरक्षा के लिए विष रुपी अपमान और अपशब्द को भी यदि सुनना पड़े तो भी बिना विचलित हुए उनका सामना करना चाहिए। शिव कल्याणकारी है इसलिए उनका संदेश है कि प्रत्येक मानव को अपनी क्षमता और संसाधन के अनुकूल जरूरतमंद लोगों के कल्याण हेतु कार्य करते रहना चाहिए। महादेव समभाव, सामाजिक समरसता की बात करते हैं तथा स्वयं समदृष्टा भी हैं। इन तीनों का आज के युग में प्रत्येक मानव के आचरण और व्यवहार में होना देश की उन्नति और प्रगति के लिए आवश्यक है। इसीलिए भगवान शिव के प्रमुख भक्तों में राक्षस रावण है, देवता शनि है, और ऋषि कश्यप भी हैं।

गणों में भैरव, वीरभद्र, मणिभद्र,चंदिस, नंदी, श्रृंगी, भृगिरिटी, शैल, गोकर्ण, घंटाकर्ण, जय, विजय, पिशाच, दैत्य, नाग-नागिन, पशु आदि सम्मिलित हैं। वहीं भगवान विष्णु और ब्रह्मा भी शिवभक्त दिखाई देते हैं। पृथ्वी पर जन्मे दो ईश्वरीय अवतार श्रीराम और श्रीकृष्ण ने भी कार्यसिद्धि के लिए भगवान शिव की पूजा की थी ऐसा उल्लेख मिलता है। यह सिद्ध करता है जहां कार्यों का बंटवारा होता है, जहां कार्य और उन्हें करने वाले परिभाषित हैं, वहां कोई छोटा और बड़ा नहीं होता है अपितु समन्वय जरूरी होता है, लक्ष्य हासिल करना महत्वपूर्ण है। भगवान शिव का निवास कैलाश पर्वत को माना जाता है । पर्वत प्रकृति के अंग हैं। जो मनुष्य को प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व के साथ जीवन जीने की सलाह देता है।सह अस्तित्व सभी जीवों (पेड़-पौधे, जीव-जन्तु) के फलने फूलने के साथ प्राकृतिक संतुलन के महत्व को भी प्रतिपादित करता है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# गंभीर मामला है बेंगलुरु के कैफे में धमाका

**राजेश माहेश्वरी**

**कर्नाटक** विधानसभा में पाकिस्तान जिंदाबाद की नारेबाजी का बवाल थमा भी नहीं था कि बीती 1 मार्च की दोपहर धमाके की आवाज से भारत की सिलिकॉन वैली बेंगलुरु में प्रसिद्ध रामेश्वरम कैफे गूंज उठा। ये धमाके एक ऐसे इलाके में हुए हैं जिसे बेंगलुरु के आईटी हब के रूप में जाना जाता है। आईटी क्षेत्र में काम करने वाले युवा इस जगह पर खाने-पीने के लिए आते हैं। इस विस्फोट से बड़े पैमाने पर आग तो नहीं लगी, लेकिन कैफे के वॉश बेसिन वाले एरिया में काफी धुंआ पैदा हुआ. इसके बाद वहां पर कीलें और नट बोल्ट बिखरे हुए पाए गए.पूर्वी बेंगलुरु में स्थित इस कैफे में हमेशा हलचल रहती है। विस्फोट में 9 लोग घायल हुए। ऐसे में अहम सवाल यह है कि क्या लोकसभा चुनाव से पहले कर्नाटक में लौट आया है आतंकवाद? ऐसे धमाकों से विदेश में भारत की छवि कौन धूमिल करना चाहता है। बेंगलुरु पुलिस के साथ-साथ एनआईए और एनएसजी, इन सभी सवालों के साथ जांच में जुट गई हैं। ये सवाल इसलिए क्योंकि नवंबर 2022 से मंगलुरू में हुए एक धमाके के बाद से जांच एजेंसियां और सुरक्षा एजेंसियों ने कई खुलासे किए थे। शुरूआती जांच के संकेत हैं कि एक अनजान व्यक्ति ने विस्फोट से कुछ मिनट पहले ही उस लोकप्रिय कैफे में बैग रखा था। पुलिस सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है, ताकि संदिग्ध की पहचान की जा सके। संभवतः आईईडी विस्फोटक उपकरण उसी बैग में रखा गया था। कैफे में हुए धमाके के बाद कर्नाटक में सियासत गर्म है।

जांच एजेंसियां कई एंगल से जांच शुरू कर दी है। होटल, रेस्तरां और खान-पान के ऐसे लोकप्रिय स्थलों पर भी सुरक्षा में सुराख देखे गए हैं। वहां पर्याप्त सुरक्षा-व्यवस्था नहीं होती। जबकि ऐसे स्थल ही आतंकी या किसी अन्य हमले के आसान लक्ष्य होते हैं। जांच की कुल 8 टीमें काम कर रही हैं। मंगलुरु में, नवंबर 2022 में एक प्रेशर कुकर के अंदर रखी एक आईईडी में उस समय विस्फोट हो गया, जब इसे एक ऑटो रिक्शा से ले जाया जा रहा था। घटना की जांच से पता चला था कि आईईडी को कादरी मंजुनाथ मंदिर में लगाया जाना था।

# तू मैं और करप्शन-

**एडवोकेट किशन**

**विश्व** के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में अनुमानतः अप्रैल से मई 2024 तक 7-9 चरणों में लोकसभा चुनाव होने की संभावना व्यक्त की जा रही है, मेरा ऐसा मानना इसलिए भी है कि अभी माननीय पीएम 9 दिनों में 12 राज्यों की करीब 341 सीटों पर अपने संबोधन के दौरे पर हैं, वैसे भी पिछले दिनों से उन सीटों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जो हाथ से फिसल गई थी। स्वाभाविक है कि लोकसभा चुनाव की अधिसूचना उसके बाद ही जारी की जाएगी परंतु जिस तरह से पिछले दो दिनों से पक्ष विपक्ष में जोरदार शाब्दिक बाणों का प्रहार हो रहा है उससे सटीक अंदाजा लगाया जा सकता है कि चुनावी मौसम आ गया है और अपने ऊंचाई वाले स्तर पर जा रहा है।

चुंकि विपक्ष ने पक्ष के नेता पर परिवार को लेकर तंज कसा है, सो उन्होंने लपक लिया और पूरे भारत को अपना परिवार बता दिया और फिर भ्रष्टाचार को लेकर भी शाब्दिक बाचा-बाची शुरू हो गई है।अभी 2 दिन पहले ही माननीय पीएम ने तो तू मैं और करप्शन एक राज्य के लिए, तो दूसरे के लिए जमकर खाओ की बातें कहीं, तो, 04 मार्च 2024 को एक राज्य में फाइल दबाव नोटों की गड्डियां पांओ की बात कही तो दूसरे दूसरी ओर 4 मार्च 2024 को ही देर शाम जानकारी आई के सुप्रीम कोर्ट के 7 जजों की संवैधानिक बेंच ने सर्वसम्मति से वोट फॉर नोट और सांसद व विधायकों नेताओं को इस मामले में छूट से इनकार करने का ऐतिहासिक फैसला दिया तो, उधर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने अपने इलेक्ट्रॉन बॉन्ड की जानकारी सुप्रीम कोर्ट में देने की अंतिम तिथि 6 मार्च से बढ़कर 30 जून 2024 की अपील दाखिल की है जिसे विपक्ष ने लपक लिया है और विपक्ष नेता ने कहा दाल में कुछ काला ही नहीं पूरी दाल ही काली है। बता दें कि इस डिजिटल युग में एक क्लिक पर बैंक की सारी जानकारी खाताधारकों व सरकारी एजेंसियों को मिल जाती है तो एसबीआई द्वारा इलेक्ट्रोल बॉन्ड की जानकारी में इतना समय क्यों मांग लिया है, यह बात मेरे खुद की समझ से भी परे है क्योंकि तब तक तो इलेक्शन भी निपट जाएंगे तो जनता को कैसे पता चलेगा कि किस पार्टी ने कितना पैसा एसबीआई इलेक्ट्रॉन बॉन्ड के तहत उठाया है।

## न्यूज फ्लैश

### संघर्ष मोर्चा ने जन स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ को मांगपत्र देकर नई अप्रूव्ड कालोनियों में पेयजल व सीवर पाइप लाने की मांग की

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**ग्रामीण** क्षेत्र की नौ अप्रूव्ड कालोनियों में गंदे पानी की निकासी व पेयजलापूर्ति पाइप लाइन बिछवाने की मांग को लेकर समालखा बचाओ संघर्ष मोर्चा ने जन स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ को मांग पत्र सौंपा।

समालखा बचाओ संघर्ष मोर्चा संयोजक पीपी कपूर व विजेंद्र धीमान को एसडीओ मोहित शर्मा ने बताया कि लोकसभा चुनाव के बाद सभी नई अप्रूव्ड हुई नौ कालोनियों में पीने के पानी की पाइप लाइन अमरूत योजना के तहत बिछा दी जाएगी । इससे मयूर विहार कालोनी,चंदन गार्डन कालोनी, सीता राम कालोनी एक्सटेंशन,श्री तारा एंकलेव कालोनी, न्यू दुर्गा कालोनी ( श्री तारा एंकलेव एक्सटेंशन),चुलकाना रोड़ की शास्त्री कालोनी, किवाना मोड़ कालोनी, गांधी कालोनी एक्सटेंशन, कच्ची ऑफिसर कालोनी वासियों को लाभ होगा ।

संघर्ष मोर्चा नेताओं ने मांग पत्र में बताया कि इन नई अप्रूव्ड कालोनियों में गंदे पानी की निकासी न होने के कारण लोग नर्क से बदतर हालात में रह रहे हैं । यहाँ तत्काल सीवर पाइप लाइन बिछाए जाने की जरूरत है । इस पर एसडीओ मोहित शर्मा ने बताया कि इन कालोनियों से गंदे पानी की समस्या के हल के लिए पहले एक नया सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) लगाना होगा । प्रीतम पुरा कालोनी में बने वर्तमान एसटीपी की क्षमता मात्र 5 मीटरिक लीटर प्रतिदिन (एमएलडी) की है, जबकि जरूरत 13 एमएलडी के ट्रीटमेंट प्लांट की है। इसके लिए 8 एमएलडी क्षमता का नया ट्रीट मेंट प्लांट गांव भापरा में लगाना होगा । इसके लिए दो एकड़ भूमि नगरपालिका को उपलब्ध करानी है । नगर पालिका द्वारा भूमि उपलब्ध न कराए जाने के कारण योजना अटकी हुई है, गंदे पानी की निकासी की समस्या हल नहीं हो पा रही ।

संघर्ष मोर्चा नेताओं ने कहा कि वे समस्या हल होने तक चुप नहीं बैठेंगे,संघर्ष जारी रखेंगे ।

### पांच दिवसीय जिला स्तरीय रेडक्रॉस कैम्प का किया गया आयोजन



**पानीपतः** देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत में पाँच दिवसीय जिला स्तरीय रेडक्रॉस कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैम्प में पानीपत जिले के 17 महाविद्यालयो के 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया। देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत से रेडक्रॉस क्लब के अंतर्गत 30 विद्यार्थियों ने भाग लिया। रेडक्रॉस क्लब प्रभारी ग्रीनमैन सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार ने बताया कि इस कैम्प में रक्तदान, मानसिक शांति, हृदय रोग, डाइट प्लान आदि के साथ पर्यावरण संरक्षण विषय को ध्यान में रखते हुए कैम्प के दौरान हर घर हर्बल- 100 घर नैनो हर्बल गार्डन मुहीम के लगभग 300 से अधिक औषधीय पौधे वितरित किए गए। ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार की मुहीम 100 घर नैनो-हर्बल गार्डन-2024 का आरम्भ करनाल लोकसभा सांसद संजय भाटिया ने किया था। कैम्प के दौरान सीटीएम पानीपत मैडम टीनू, डॉ जगदीश गुप्ता प्रिंसिपल आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय पानीपत,एस.डी. एम पानीपत आदरणीय मनदीप सिंह, डॉ मुकेश अग्रवाल रेडक्रॉस महासचिव हरियाणा, गौरव रामकरन सचिव जिला रेडक्रॉस पानीपत, विनोद कुमार सुपरिंटेंडेंट रेडक्रॉस पानीपत व अजय पी. आर. ओ गीता यूनिवर्सिटी को 100 घर नैनो हर्बल गार्डन मुहीम के तहत 11-11 पौधे भेट किए गए। प्रोफेसर दलजीत कुमार ने बताया कि हर घर हर्बल अभियान के तहत हर आने वाले मेहमान व कैम्प में आए सभी विद्यार्थियों व काउंसलर को कपूर तुलसी भेट की गई। कैम्प में पर्यावरण संरक्षण विषय पर लेक्चर से विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए, कैम्प की पूरी व्यवस्था बनाने के लिए, विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करने के लिए कैम्प के आखिर में ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार को बेस्ट पुरुष काउंसलर चुना गया।प्रोफेसर दलजीत कुमार ने कहा कि महाविद्यालय का इको क्लब व रेडक्रॉस क्लब दोनों मिलकर मानवता के हित में सैदव कार्य करते रहेंगे।इस सम्मान के लिए प्रोफेसर दलजीत कुमार ने हरियाणा रेडक्रॉस महासचिव डॉ मुकेश अग्रवाल व महाविद्यालय की प्रिंसिपल मैडम संजू अबरोल का आभार व्यक्त किया।इसी कैम्प में महाविद्यालय की एम ए द्वितीय वर्ष की छात्रा रेणु ने भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# 'चुनाव बड़ी जिम्मेदारी का कार्य, अधिकारी मानसिक रूप से अपने को रखें तैयार'

## अधिकारियों को पेड न्यूज व आदर्श आचार संहिता और चुनावी खर्च के बारे में दिया गया प्रशिक्षण

**कमाल हुसैन**
**पानीपतः लोकसभा** के आम चुनाव में प्रत्याशियों के चुनावी खर्च, पेड न्यूज व आदर्श आचार संहिता को लेकर मंगलवार को जिला सचिवालय में पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि चुनाव बड़ी जिम्मेदारी का कार्य है। हमें मानसिक रूप से एक दूसरे के साथ समन्वय स्थापित करके इसे सफलता पूर्वक सम्पन्न करवाना है। उपायुक्त ने पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों को कहा कि हमें चुनाव प्रक्रिया के दौरान बहुत ही सतर्क रहकर लोकतंत्र के प्रहरी की



भूमिका निभानी है। उन्होंने कहा कि इस दौरान नाकों पर विशेष चौकसी बरतते हुए ध्यान रखना है कि कोई भी व्यक्ति वाहनों के माध्यम से धनराशि, शराब आदि की खेप एक स्थान से दूसरे स्थान तक अनधिकृत रूप से ना पहुंचा रहा हो। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों को नाकों पर विशेष चौकसी बरतते हुए वाहनों की चैकिंग के दौरान दो लाख रुपए से अधिक की राशि वाहन में मिलने पर उसे तुरन्त जब्त कर खजाना कार्यालय में जमा करवाना है। उन्होंने कहा कि चैकिंग के दौरान ये ध्यान रखें कि कोई भी गाड़ी जिस पर झण्डे या पोस्टर आदि लगे हों वह वाहन बिना अनुमति के तो नही घुम रहा है ऐसे वाहन को जब्त किया जा सकता है। चैकिंग के दौरान वाहनों पर अनधिकृत रूप से साउण्ड सिस्टम ना लगे हों, यह भी हमें ध्यान रखना है। इसके अलावा पुलिस कर्मियों की पोलिंग पार्टियों को लाने और ले जाने के दौरान सुरक्षा प्रदान करना बड़ी जिम्मेदारी है। प्रशिक्षण के दौरान निगम की संयुक्त आयुक्त मनी त्यागी ने चुनाव के दौरान प्रत्याशियों के चुनावी खर्च, पेड न्यूज के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण के दौरान जिला परिषद के सीईओ गौरव ने बताया कि चुनाव में प्लाईंग स्कवायड टीम, सर्विलेंस टीम आदि की भूमिका महत्त्वपूर्ण होती है।

## महिलाओं को अपनी ताकत पहचानी होगीः सीटीएम

**कमाल हुसैन**
**पानीपतः** सीटीएम टीनू पोसवाल ने कहा है कि महिलाओं को सशक्त बनने के लिए अपनी ताकत को पहचानना होगा। इस दिशा में और कार्य करने की अभी आवश्यकता है। सरकार द्वारा आज हर क्षेत्र में महिलाओं को आगे बढ़ाने के अवसर प्रदान किया जा रहे हैं। इन अवसरों का लाभ उठाकर बहुत सी महिलाओं ने अपने जीवन के स्तर में काफी सुधार किया है। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे बच्चों में अच्छे संस्कार डालें। वे आज अपने कार्यालय में महिला दिवस के उपलक्ष्य में फैला उजियारा संस्था की ओर से आयोजित सेमिनार में उपस्थित महिलाओं को सम्बोधित कर रही थी।

सीटीएम ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में उत्कृष्टद कार्य कर रही हैं। हमें और आगे बढकर काम करने की आवश्यकता है। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टद कार्य करने वाली जिले की 50 महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने उमंग के साथ भागीदारी की और समाज को आगे बढ़ाने में अपनी भूमिका को और मजबूत करने का प्रण लिया। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष कुमारी रंजीत कौशिक ने संस्था की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जब तक महिलाएं मजबूती के साथ खड़ी नहीं होंगी हालातो का मुकाबला करना असंभव है। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान को लेकर अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है जिनका लाभ लेकर महिलाओं को आगे बढ ?ा चाहिए। इस मौके पर विभिन्न विभागों की महिलाओं ने महिला सशक्तिकरण को लेकर अपने विचार प्रकट किये। सेमिनार में शिक्षा विभाग, आंगनवाड़ी,श्रम विभाग और दर्जनो विभागों की महिलाएं उपस्थित रही।

### 'एक बार फिर नरेंद्र मोदी बनेंगे प्रधानमंत्री'

**कमाल हुसैन**
**पानीपतः देश** के प्रधनमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर सरकार की नीतियां आम आदमी के लिए कल्याणकारी साबित हो रही है। प्रदेश सरकार की दिशा निर्देश अनुसार गांव गांव जाकर पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलवाने के लिए जुटी हुई है। भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता जयदेव नौल्था कहां की देश और हरियाणा की जनता ने 2024 में केंद्र में मोदी सरकार व हरियाणा में मनोहर लाल की सरकार बनाने का मन बना लिया है। आज प्रदेश के लोग केंद्र और हरियाणा की सरकार की योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं।

# सांसद ने अटल किसान मजदूर कैंटीन का किया उद्घाटन

## प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री ने किसान मजदूर तथा गरीबों का प्राथमिकता के तौर पर ख्याल रखा

**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** करनाल लोकसभा क्षेत्र के सांसद संजय भाटिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने किसान मजदूर तथा गरीबों का प्राथमिकता के तौर पर ख्याल रखा है। सरकार द्वारा किसानों और मजदूरों व गरीबों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई गई है। सांसद मंगलवार को असंध की नई अनाज मंडी में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने अटल किसान मजदूर कैंटीन का उद्घाटन भी किया।

संजय भाटिया ने कहा कि अटल

**किसान हितैषी**

**8 किसनों की फसल का मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण किया जा रहा है**

किसान मजदूर कैंटीन के माध्यम से किसान, मजदूर व गरीब लोगों को केवल 10 रुपये प्रति थाली के हिसाब से भरपेट और अच्छी गुणवत्ता वाला बढि ?ा खाना मिलेगा। इस कैंटीन के माध्यम से गरीब आदमी थोड़े पैसे में भी खाना खा सकता है। इसी उद्देश्य से हरियाणा सरकार द्वारा राज्य की मंडियों में अटल किसान मजदूर कैंटीन खोली गई है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के उत्थान के लिए प्रयासरत है।

किसनों की फसल का मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण किया जा रहा है, ताकि अपनी फसल बेचते समय मंडी में किसानों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत ना आए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 6 हजार रुपये सालाना किसानों के खाते में डाले जा रहे हैं।

सांसद ने भावांतर भरपाई योजना का जिक्र करते हुए कहा कि किसानों को अगर फल, सब्जी तथा निर्धारित फसलों के नुकसान होता है तो भावांतर भरपाई योजना के तहत नुकसान की भरपाई की जाती है और किसान मजदूर तथा गरीबों के कल्याण के लिए सरकार वचनबद्ध है।

इस मौके पर पूर्व विधायक स. बख्शीश सिंह विर्क ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल किसानों के सच्चे हितैषी हैं। केन्द्र व राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से किसानों की आय बढ़ी है। अब किसानों को उनकी फसलों को बेचने में कोई परेशानी नहीं होती।

### नारी शक्ति वंदन समारोह को लेकर हुई बैठक

**कमाल हुसैन**
**पानीपतः करनाल** में 6 मार्च को आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय नारी शक्ति वंदन समारोह को लेकर भाजपा जिला पानीपत कार्यालय में जिला महिला मोर्चा की बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष आशु सत्यवान शेरा ने की बैठक में पानीपत भाजपा अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने महिला मोर्चा को जागरूक किया और कहा की नारी शक्ति वह चीज है जब एक चीज का प्रण ले ले तो नामुमकिन को मुमकिन कर दे बैठक में महिला मोर्चा पानीपत प्रभारी प्राची खुराना ने कहा करनाल के कार्यक्रम में भारी संख्या लेकर पहुंचे बहने आशु सत्यवान शेरा ने कहा कि महिला इस सुंदर सृष्टि के संचालन का मूल आधार है और मां से बड़ा कोई सिंहासन भी नहीं है लेकिन पश्चिम बंगाल में महिलाओं पर जो अत्याचार हो रहे हैं, उन बहनों की व्यथा जानने के लिए देश के यशस्वी और तेजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 मार्च को पश्चिम बंगाल के संदेश खाली में पहुच रहे हैं और वहां से पूरे भारत की बहनों के साथ संवाद करेंगे मुख्यमंत्री मनोहर लाल करनाल में बहनों के बीच बैठकर प्रधानमंत्री का संवाद सुनेंगे जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष आशु सत्यवान शेरा ने कहा कि आगामी 6 मार्च को करनाल में प्रदेश स्तरीय समारोह आयोजित किया जाएगो उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में जाने और आने के लिए साधनों की व्यवस्था कर दी गई है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया

**पानीपत**
**कमाल हुसैनः ब्रेकथ्रू** संस्था ने महीला एवम् बाल विकास विभाग के सहयोग से गांव सीठाना में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को गांव वासियों के साथ मिलकर मनाया गया। ब्रेकथ्रू संस्था से प्रदीप कुमार ने बताया कि महिला दिवस पहली बार वर्ष 1911 में क्लारा जेटकिन द्वारा मनाया गया था, जो एक जर्मन महिला थीं। इस उत्सव की शुरूआत पूरे यूरोप और उत्तरी अमेरिका में श्रमिक आंदोलन के दौरान हुई थी। हालाँकि पहली बार वर्ष 1913



में यह समारोह 8 मार्च को मनाया गया था और तब से इसी दिन मनाया जाता है। वर्ष 1975 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा पहली बार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। दिसंबर 1977 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अपनी ऐतिहासिक और राष्ट्रीय परंपराओं के अनुसार सदस्य देशों द्वारा वर्ष के किसी भी दिन मनाए जाने वाले महिला अधिकारों और अंतर्राष्ट्रीय शांति के लिये संयुक्त राष्ट्र दिवस की घोषणा करते हुए एक प्रस्ताव अपनाया।

## 20 वां फाल्गुनोत्सव अनाज मंडी में श्रद्धापूर्वक मनाया

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**श्रीश्याम बाबा** सेवा मंडल द्वारा आयोजित 20 वां फाल्गुनोत्सव अनाज मंडी में श्रद्धापूर्वक मनाया जा रहा है। श्रीमद्भागवत कथा में आचार्य मृदुल कृष्ण गोस्वामी की कथा को सुनने के लिए श्री श्याम भक्तों विशेषकर महिलाओं का सैलाब उमड़ा। कथा के तीसरे दिन कृष्ण बंसल, राकेश बंसल, विनय सिंघल, विनोद मितल,विनय जैन ने यज्ञमान के रूप में पूजा करवाई ओर आचार्य से आशीर्वाद लिया। ब्यास गद्दी पर विराजमान भागवत मर्मज्ञ आचार्य मृदुल कृष्ण गोस्वामी ने अमृत वर्षा करते हुए कहा कि प्रार्थना एक ऐसी संस्तुति है जो अपने इष्ट के प्रति बिना किसी देरी के बिना किसी के सहारे तत्क्षण परमात्मा के पास पहुँच जाती है। उन्होंने बताया कि संसार की किसी वस्तु को एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेजने के लिये पोस्टमैन की आवश्यकता पड़ती हैं, लेकिन हृदय से समर्पित की गई प्रार्थना एक ऐसी अभिव्यक्ति है जो बिना किसी पोस्टमैन के ही तत्क्षण गन्तव्य स्थान तक पहुच जाती है।

तीसरे दिन की कथा में कपिल देव इति सवांद पर प्रकाश डालते हुए आचार्य श्री ने कहा कि देवहूति जी ने पति कर्दम के वन की ओर चले जाने पर पुत्र कपिल के पास आई।

# अग्रवाल धर्मशाला सोनीपत में नेत्र चिकित्सा कैंप मे 191 मरीजों की हुई जाँच

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत**
**अग्रवाल** धर्मशाला गुड़ मंडी में दी महाराजा अग्रसेन समिति के सौजन्य से नेत्र चिकित्सा कैंप लगाया गया जिसमें की दिल्ली के वेणु आई इंस्टिट्यूट व रिसर्च सेंटर से अनुभवी डॉक्टरों की टीम अग्रसेन समिति के सौजन्य से बुलाई गई थी जिसमें की आम जनता अपनी आंखों का चेकअप बिना किसी शुल्क के करवाया और इसमें से 46 मरीजों को मोतियाबिंद की शिकायत पाई गई जिनमे से 26 मरीजो को आज टीम के साथ ऑपरेशन के लिए भेजा गया

**कैंप**

**8 जनता ने अपनी आंखों का चेकअप बिना किसी शुल्क के करवाया और 26 मरीजों का होगा ऑपरेशन**

व बाकी 20 मरीजों को दिनांक 17 मार्च को ऑपरेशन के लिए भेजा जायेगा तथा जिनको कोई अन्य बीमारी थी तो उनको फ्री मे दवाइयां दी गई, इस कैंप मे पूर्णता फ्री इलाज किया जाता है और जिन वृद्धों को दवाइयों और अन्य किसी चीज की आवश्यकता होती है उनको बिना किसी शुल्क के प्रदान किया जाता है। जरूरतमंद मरीजों के लिए मुफ्त मे चश्मे का प्रबंध संजय मक्कड़ द्वारा किया गया है,इस कैम्प मे मरीजों की शुगर व ब्लड प्रेशर की जाँच मुफ्त मे की गई,प्रधान टीकाराम मित्तल ने बताया की हर महीने के पहले मंगलवार को यह कैम्प लगाया जायेगा,संजय सिंगला ने बताया की आज इस कैम्प मे 191 मरीजों ने जाँच करवाई,जिसमें महाराजा अग्रसेन समिति के सदस्य सभी एकजुट होकर आम जनता की सेवा करते हैं।

### सोहटी व गोपालपुर गाँव में अवैध कालोनियों पर चला बुलडोजर

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**मंगलवार** को सोनीपत, जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) नरेश कुमार ने कहा कि जिला में विकसित हो रही अवैध कालोनियों तथा अवैध निर्माण को शुरूआत में ही ध्वस्त करने के लिए उपायुक्त डॉ मनोज कुमार के निर्देशन में प्रशासन द्वारा अभियान चलाया गया। जिसके तहत मंगलवार को गाँव सोहटी की राजस्व संपदा में बहादुरगढ़-सोनीपत रोड़ के साथ लगती 2 एकड़ में विकसित हो रही अवैध कालोनी के कच्चे रास्तों को ध्वस्त किया गया।

इसी प्रकार गांव गोपालपुर की राजस्व संपदा में 9.5 व 2.5 एकड़ में विकसित हो रही दो अवैध कालोनियों को ध्वस्त किया गया।

# 'रोड मैप व व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर काम करें अधिकारी'

## चुनाव निष्पक्ष व पारदर्शिता पूर्वक कराने को लेकर सेक्टर सुपरवाईजर को दिया प्रशिक्षण

**कमाल हुसैन**
**पानीपतः** लोकसभा के आम चुनाव को निष्पक्ष व पारदर्शिता पूर्वक कराने को लेकर जिला सचिवालय में मंगलवार को सभी सैक्टर सुपरवाईजर को चुनाव से पहले व बाद में उनकी जिम्मेदारियों के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि चुनाव के दौरान एक प्रकार से पूरा प्रशासन चुनाव आयोग के अधीन कार्य करता है। सभी को अपनी ड्यूटी को ईमानदारी व निष्ठद्वापूर्वक करना है। इस बात का विशेष ध्यान रखना है कि चुनाव में ड्यटी को किसी भी परिस्थिति में कटवाया नहीं जा

**दिशा-निर्देश**

**8 चुनाव के दौरान एक प्रकार से पूरा प्रशासन चुनाव आयोग के अधीन कार्य करता है**

सकता। रोड मैप बनाकर केंद्र अधिकारी कार्य करें व चुनाव के दौरान कार्य को आसान करने के लिए अधिकारी अपनी टीमों के साथ समन्वय स्थापित करने के लिए व्हाट्द्सएप ग्रुप बनाकर काम करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चुनाव के दौरान कर्मचारी और अधिकारी किसी प्रकार की कौताही ना बरते। उन्होंने सैक्टर सुपरवाईजर को कहा कि जिस दौरान उनकी गाड़ी में रिजर्व ईवीएम हों उस दौरान वे गाड़ी को छोडकर ना जाएं और रास्ते में कहीं पर भी गाड़ी ना रूके। उन्होंने कहा कि सैक्टर सुपरवाईजर काम पूर्ण होने तक किसी को भी रिलीव ना करें। बीएलओ के माध्यम से मतदाताओं तक फोटोयुक्त मतदान पर्ची समय से पहुंच जाए, इसका विशेष योजना बनाकर ध्यान रखेंगे तो यह ऐसे व्यक्तियों की पहचान करने में सहायक होगा जो अपने क्षेत्र से बाहर या विदेश में रह रहे हों।

एसडीएम मनदीप ने केंद्र अधिकारियों को प्रशिक्षण देते हुए कहा कि चुनाव में ईवीएम को लौकर कोई इश्यु ना बने इसका ध्यान रखना होगा। ईवीएम वाली गाड़ी को कहीं अकेले ना छोड़े व बाईक आदि पर लेकर ना जायें। ईवीएम वाली गाड़ी को अंदर बूथ तक लेकर जायें। पोलिंग पार्टी को साथ लेकर जाना है यह सैक्टर सुपरवाईजर की जिम्मेदारी है। ईवीएम को कैसे संचालित करना है यह ट्रेनिंग लेकर अपने को भी तकनीकी रूप से तैयार रखें।

बैठक में जिला परिषद के कार्यकारी अधिकारी गौरव ने प्रशिक्षण देते हुए कहा कि सभी केंद्र अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके बूथ पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं।

# आम आदमी पार्टी का जनसंपर्क अभियानः सुखवीर ने किया गांव निजामपुर का दौरा

## ढ़ती हुई महंगाई के दौर मे आपके हक की मूलभूत सुविधाओं शिक्षा स्वास्थ्य बिजली पानी महिला सुरक्षा आदि के बारे मे जानकारी दी



**कमाल हुसैन**
**पानीपतः** आम आदमी पार्टी द्वारा शुरू जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत आज सुखबीर सिंह मलिक और उनकी टीम ने गांव निजामपुर का दौरा किया एवम लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनी। उनको आम आदमी पार्टी की विचारधारा से अवगत करवाया । बढ़ती हुई महंगाई के दौर मे आपके हक की मूलभूत सुविधाओं शिक्षा स्वास्थ्य बिजली पानी महिला सुरक्षा आदि के बारे मे जानकारी दी।

ग्राम सचिव ग्राम अध्यक्ष को बूथ मैनेजमेंट करने के लिए सुखबीर मलिक ने अधिकृत किया

आम आदमी पार्टी का ग्राफ दिन-ब-दिन बढ़ रहा है पूरे हरियाणा में आम आदमी पार्टी का संगठन सवा लाख कार्यकर्ताओं से अधिक है। जो दिन रात मेहनत कर रहे हैं। मूलभूत सुविधाएं बिजली पानी शिक्षा स्वास्थ्य महिला सुरक्षा पर

**दौरा**


**8 पूरे हरियाणा में आम आदमी पार्टी का संगठन सवा लाख कार्यकर्ताओं से अधिक है।**

लोगों से चर्चा कर रहे हैं।

आम आदमी पार्टी की मूलभूत सुविधाएं लोगों को महंगाई के दौर में पसंद आ रही है। लोग दिल्ली में पंजाब की तरह हरियाणा में भी आम आदमी पार्टी की सरकार चाहते हैं।अजय चहल ,कृष्ण लाल, महावीर चहल ,अनिल कुमार , राजेंद्र कुमार, जगत कुमार, पवन कुमार ,जोगीराम ,मनीष कुमार ,मीनू लाल, सूरजभान ,दीपक कुमार, जोगीराम कश्यप, शैलेश चहल, राम प्रसाद ,पवन कश्यप ,शमशेर सिंह ,दीपक कुमार ,,कुलदीप सिंह व अन्य साथियों ने आम आदमी पार्टी की नीतियों को पसंद किया। आने वाले चुनाव में समर्थन देने का वादा किया। लोगों ने आम आदमी पार्टी में अपनी निष्ठा दिखाई और पार्टी के लिए काम करने का आश्वासन दिया इस मौके पर प्रदेश सह सचिव सुखबीर मलिक और उनकी टीम मे प्रदेश सह सचिव राजकुमार मुंडे प्रदेश सह सचिव, होशियार सिंह मुकेश शर्मा(जिला अध्यक्ष सोशल मीडिया)संदीप मनचंदा माजूद रहे।

# जूस की दूकान पर युवक को गंभीर चोट मारने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**कमाल हुसैन**
**पानीपतः थाना** मतलौडा पुलिस ने मतलौडा मंडी के नजदीक जूस की दुकान पर गांव कालखा निवासी युवक को गंभीर चोट मारने के मामले में दो आरोपियों को मतलौडा मंडी से गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान राहुल निवासी भंडारी व साहिल निवासी नैन के रूप में हुई। थाना मतलौडा प्रभारी इंस्पेक्टर वजीर ने बताया कि पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अपने 6 अन्य साथी आरोपियों के साथ मिलकर चोट मारने की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। पुलिस ने



आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त एक बाइक बरामद कर दोनों आरोपियों को पूछताछ के बाद मंगलवार को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हें न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया। वारदात में शामिल फरार आरोपियों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। थाना मतलौडा में कालखा वासी रघबीर पुत्र ओमप्रकाश ने शिकायत देकर बताया था कि वह खेती बाड़ी का काम करता है। उसका बेटा मंजीत 9 दिसम्बर 2023 को मतलौडा मंडी में जीरी बेचने आया था। जहा पर मंजीत को गांव निवासी विवेक, रितेश उर्फ साहिल, सागर व जितेंद्र मिल गए। मंजीत चारों दोस्तों के साथ मंडी के नजदीक दिल्ली जूस कार्नर दुकान पर जूस पीने गए चला गया।

# पूरे विश्व की निस्वार्थ भावना से सेवा करनी चाहिए: भारतभूषण

## हमें किसी की भी कमजोरी को ना सिर्फ नजर अंदाज करना है, बल्कि हरेक की विशेषताओं का दर्शन व वर्णन भी करना है'

मनीष कुमार

**अम्बाला:** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय 16 कांच घर की में 88वीं शिव जयंती बहुत ही हर्षोल्लास से मनाई गई। इस अवसर पर परमात्मा शिव का जन्मदिन मनाते हुए केक कटिंग व ध्वजारोहण के साथ दीप प्रज्वलन भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के तौर पर आए अंतरराष्ट्रीय वक्ता और संयोजक वैज्ञानिक व इंजीनियरिंग विंग वरिष्ठ शिक्षक राजयोगी ब्रह्माकुमार भारतभूषण भाई ने परमात्मा पिता से निरंतर प्रेम बना रहे उसकी सुंदर और सरल युक्ति बताई। उन्होंने कहा कि हमें किसी की भी कमजोरी को ना सिर्फ नजर अंदाज करना है, बल्कि हरेक की विशेषताओं का दर्शन व वर्णन भी करना है। विनम्रता से हर कार्य करना है। पूरे विश्व की निस्वार्थ भावना से सेवा करनी चाहिऐ करनकरावनहार परमात्मा की याद में विजय निश्चित है।

फ्रांस से पधारे ब्रह्मा कुमार मिशेल भाई ने कर्मों की गुह्य गति समझाते हुए कहा कि हमें अपनी डेस्टिनी पर पूरा विश्वास होना चाहिए। किसी भी कार्य के परिणाम पर पछतावा ना कर उससे सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। ओके ओके करने से सब ओके होता जाएगा।राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शिवानी बहन ने शिवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य बताया कि शिवरात्रि क्यों मनाते हैं। इस रात्रि का संबोधन कलयुग रूपी रात से किया गया है। परमात्मा अपने किए गए वायदे के अनुसार इस धरा पर अवतरित होते हैं उनकी यादगार में शिव जयंती मनाई जाती है। इस कार्यक्रम में एस ए जैन स्कूल प्रिंसिपल नीरज बाली जी, यतिन बंसल मुख्य अतिथि के रूप में गैस एजेंसी के प्रोपराइटर अर्चना मैन चंद जी रहे। मोती नगर ब्रह्माकुमारी सर्किल इंचार्ज राजयोगिनी बीके वीना दीदी जी ने अपने आशीर्वाद दिए।





# प्रसिद्ध समाजसेवी संदीप गर्ग ने मुख्यमंत्री की अगुवाई में थामा भाजपा का दामन

**थामा**

भाजपा एक ऐसी पार्टी है, जो सबसे बड़ी पार्टी के रूप में देश में कार्य कर रही है: संदीप गर्ग



दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र/लाडवा:** मंगलवार को प्रसिद्ध समाजसेवी संदीप गर्ग ने चंडीगढ़ मुख्यमंत्री आवास कबीर कुटीर में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की अगुवाई में भाजपा का दामन थामा और भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है। जो सभी के हितों के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो सबसे बड़ी पार्टी के रूप में देश में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले लगभग दस साल से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में देश दिन दोगुनी रात चौगुनी तरक्की कर रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परिवार में मंगलवार को वह शामिल हुए। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की अगुवाई में हरियाणा प्रदेश भी आज ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में देश में इतने बड़े-बड़े कार्य हुए हैं जिनकी बारे में बताना कठिन कार्य है। जैसे देश में से धारा 370 को हटाना, अयोध्या में श्री राम मंदिर को बनवाना सहित ऐसे अनेक ऐतिहासिक कार्य भाजपा के शासनकाल में हुए हैं। उन्होंने कहा कि वह लाडवा हल्के के साथ-साथ पूरे कुरुक्षेत्र जिले व अन्य जिलों में भी भाजपा का प्रचार करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे और जो पार्टी ने उनपर विश्वास करके उनके पार्टी में शामिल किया है उसपर वह खरा उतारने का काम करेंगे। वहीं हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने भी उन्हें आश्वासन दिया कि जिस प्रकार से वह लाडवा हल्के की जनता की सेवा करने में पिछले कई वर्षों से लगे हुए हैं और कुरुक्षेत्र जिले व यमुनानगर जिले में भी अनेक कार्य कर रहे हैं उनकी प्रशंसा करते हुए कहा कि वह पार्टी के लिए और अधिक कार्य करें।

# समता पार्टी से नरेश कुरुक्षेत्र लोकसभा के लिए घोषित हुए उम्मीदवार



**ताल ठोकेंगे**

हरियाणा में लोकसभा की 10 की 10 सीटों पर समता पार्टी चुनाव लडेगी: नरेश जोगी

दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** समता पार्टी हरियाणा ने हरियाणा प्रदेश में बजाया लोकसभा चुनाव लड़ने का बिगुल। प्रदेश में लोकसभा का चनाव लड़ने के लिए सभी राजनीतिक पार्टियां अपने-अपने स्तर पर तैयारी में लगी हुई है इसके चलते समता पार्टी ने फरीदाबाद में समता पार्टी का कमांड सेंटर का उद्घाटन कर दिया है। समता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय मंडल ने कहा है की समता पार्टी नई पार्टी नहीं है ,उन्होंने बताया की सन् 1996 में हरियाणा प्रदेश की विधानसभा में समता पार्टी के 24 विधायक थे हमने पहले भी दो प्रदेशों में भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर सरकार बनाई थी परंतु अब हम हरियाणा में अकेले लोकसभा की 10 की 10 सीटों पर समता पार्टी के उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतरेंगे मंडल ने कहा की समता पार्टी समानता का अधिकार दिलवाने के लिए प्रयासरत है लेकिन हरियाणा में समानता की जगह परिवारवाद को बढ़ावा दिया जा रहा है। समता पार्टी परिवारवाद के विरुद्ध है उन्होंने कहा की जनता समानता को आशीर्वाद दे ,हम हरियाणा में जनता को परिवर्तन देंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय मंडल ने कुरुक्षेत्र लोकसभा से कुरुक्षेत्र निवासी समाजसेवी नरेश जोगी को उम्मीदवार घोषित किया है।

समता पार्टी के सक्रिय एवं जुझारू नेता नरेश जोगी ने कुरुक्षेत्र लोकसभा से उम्मीदवार घोषित होने उपरांत कहा की वह कुरुक्षेत्र लोकसभा की जनता के लिए जी जान से कार्य करेंगे। समता पार्टी हरियाणा की की 10-10 सीटों पर लोकसभा का चुनाव लड़कर हरियाणा में अपना परचम लहराएगी।

# द मर्डर मिस्ट्री एवर का किया गया मंचन

समालखा ( कुलदीप सिंह )

**रास कला** मंच की ओर से आयोजित चलो थियेटर के चौथे दिन द मर्डर मिस्ट्री एवर एवर का मंचन किया गया। एनएसडी से स्नातक भारती शर्मा द्वारा निर्देशित इस हास्य नाटक के माध्यम से दर्शक खूब हंसे। बाद में सभी सोचने पर विवश भी हुए कि क्यों संपत्ति के लालच में बेटा अपने पिता का हत्यारा बन जाता है। क्यों संपत्ति के लिए महिला अपने प्रेमी से दगा कर देती है। किरदार धीरज मल्होत्रा का है। मल्होत्रा हवेली पर धीरज मल्होत्रा की हत्या का इश्य दिखाया जाता है। जिस दिन धीरज की हत्या होती है, उसी दिन धीरज दूसरी शादी करने के लिए मोनिका से सगाई करने वाले थे। मोनिका इससे पहले धीरज के बेटे विजय से प्रेम करती थी। लेकिन संपत्ति के लिए धीरज से विवाह करने जा रही थी। बाद में मोनिका का अफेयर धीरज की बेटी देविका के प्रेमी सनी से हो जाता है। कहानी इतनी गुत्थमगुथा होती है कि दर्शक हैरान रह जाते हैं। अपनी सीट से बंधे रहते हैं। जानना चाहते हैं कि आखिर धीरज की हत्या किसने की। लेकिन अंत में पता चलता है कि इस हत्या की जांच करने वाले इंस्पेक्टर मुकेश चौधरी ने ही धीरज को मारा था। इस साजिश में धीरज का बेटा विजय भी शामिल था। इससे पहले की हत्या का इल्जाम माली सलीम पर लगता, धीरज मंच पर आ जाते हैं। क्योंकि वह जिंदा होते हैं। वह सच बता देते हैं। बाद में सभी के जाने के बाद धीरज अपने बेटे को वही शराब पिला देते हैं, जो उनका बेटा उन्हें पिलाना चाहता था। यह पीते ही विजय मल्होत्रा की मृत्यु हो जाती है। इसी के साथ नाटक का समापन हो जाता है। द बेस्ट मर्डर मिस्ट्री का निर्देशन एनएसडी से स्नातक भारती शर्मा ने किया। भारती शर्मा को हिंदी में उत्कृष्ट कार्य के लिए जेपी लोकनायक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। इस अवसर पर रास कला मंच के निदेशक रवि मोहन, पाइट के चेयरमैन हरिओम तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल, पाइट एनएफएल की प्रिंसिपल रेखा बजाज, डीन डॉ.बीबी शर्मा, निर्यातक निलांबर सिंह भी मौजूद रहे।



**प्रस्तुति**

एनएसडी से स्नातक भारती शर्मा द्वारा निर्देशित इस हास्य नाटक के माध्यम से दर्शक खूब हंसे

# शुरू हुआ जिला के तालाबों की साफ-सफाई का कार्य

**सोनीपत:** उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार की सार्थक पहल से मंगलवार को जिला के गांवों में स्थित तालाबों की साफ-सफाई का कार्य शुरू हुआ है। बता दें कि उपायुक्त ने जिला में स्थित सभी तालाबों की साफ-सफाई के लिए कॉर्पोरेट सोशल रिस्पोंसिबिलिटी (सीएसआर) के तहत पोकलेन मशीन खरीदी है, जो डिमांड के अनुसार गांव-गांव जाकर तालाबों की सफाई करने का कार्य करेगी। उपायुक्त की इस पहले से तालाबों के सौंदर्यकरण को बढ़ावा मिलेगा। उपायुक्त ने बताया कि जो भी ग्राम पंचायत अपने तालाबों की साफ-सफाई करवाने के इच्छुक है वह ग्राम पंचायत लिखित में अपना प्रस्ताव जिला परिषद को भेजे।

# नि:शुल्क शिविर लगा अस्थमा रोग के प्रति किया जाएगा जागरूक

दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के बाल रोग विभाग द्वारा अस्थमा के प्रभावी उपचार और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए नि:शुल्क शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर हर बुधवार और शनिवार को आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान एवं अस्पताल के बाल रोग ओपीडी के कमरा नंबर 53 में लगेगा। जिसमें अस्थमा के रोगियों को उपचार के साथ-साथ विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा उचित आहार-विहार बारे में जागरूक किया जाएगा ताकि इनहेलर व पंप्स के खर्च को कम कर उनका जीवन यापन सुलभ हो सके । बाल रोग विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. वैद्य शंभू दयाल शर्मा ने बताया कि दमा (अस्थमा) एक सामान्य मगर कष्टप्रद बीमारी है, जिसके समय पर उपचार मिलने से गंभीर समस्या से जीवन को बचाया जा सकता है विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ अमित कटारिया ने बताया कि आयुर्वेद में वर्णित विभिन्न प्रकार के कर्मों व रसायन से सांस संबंधी बीमारी को ठीक करने में सहायक सिद्ध हो सकते हैं। शिविर में सांस के रोगियों के लिए पीइएफआर, स्पाइरोमीटरी, रक्त परीक्षण की सेवा प्रदान की जाएगी।





**नि:शुल्क शिविर**

अस्थमा के प्रभावी उपचार और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए नि:शुल्क शिविर का आयोजन किया जाएगा

# बसें न मिलने पर छात्र-छात्राओं ने जताया रोष



मनीष कुमार

**अम्बाला:** अंबाला छावनी बस स्टैंड पर सुबह बसें न मिलने से नाराज छात्र-छात्राओं ने बस स्टैंड प्रबंधक कार्यलय पहुंच रोष जताया। विद्यार्थियों का कहना था कि अक्सर उन्हें बस अड्डे पर बसों के इंतजार के लिए लंबे समय तक रूकना पड़ता है। जिस कारण वह समय पर स्कूल कॉलेज समय पर नहीं पहुंच पाते। जिस कारण उन्हें पढ़ाई का भी काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी कई बार रोडवेज कर्मचारियों से अपनी मांगों को लेकर भी गुहार लगा चुके है उसके बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हो रही। छात्राओं का कहना था कि वे दूर गांव से आती हैं लेकिन रोज सुबह उन्हें बसों के इंतजार में खड़े रहना पड़ता है। आज सुबह लगभग साढ़े 9 बजे विद्यार्थी एकत्रित हुए और बस स्टैंड प्रबंधक कार्यलय में पहुंचे। यहां पर रोडवेज अधिकारी मिथुन ने बताया कि विद्यार्थियों के लिए बसों का इंतजाम किया जा रहा है। चंद मिनटों में ही बसें वहां आ पहुंची। वहीं प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों ने कहा कि उनकी परीक्षाओं के दिन चल रहे हैं। बसें न मिलने के कारण वह कई बार कॉलेज और स्कूल पहुंचने में लेट हो जाते हैं। छात्रों ने प्रशासन से मांग की है कि परीक्षा के दिनों में ज्यादा से ज्यादा बसें चलाई जाएं जिससे उन्हें स्कूल कॉलेज पहुंचने में परेशानी का सामना न करना पड़े।

**रोष**

विद्यार्थियों का कहना था कि अक्सर उन्हें बस अड्डे पर बसों के इंतजार के लिए लंबे समय तक रूकना पड़ता है।

# रोटी बैंक शाखा का मिलन समारोह को लेकर संगोष्ठी आयोजित

**मंथन**

रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया



दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** पुलिस लाइन कुरुक्षेत्र में रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र द्वारा एक आवश्यक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा की अध्यक्षता में हुई। रोटी बैंक के पदाधिकारी वरिष्ठ उप प्रधान भारतेन्दु हरीश, महासचिव कर्म चंद, कोषाध्यक्ष एवं अंकेक्षक नरेश सैनी, कार्यकारी सदस्य सूरज कमल सेठ और डॉ. एम.एम. सिंह ने इस संगोष्ठी में भाग लिया। रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया और रोटी बैंक के कार्यों पर चर्चा करते हुए कहा कि जन सहयोग के साथ पुलिस द्वारा संचालित रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र 16 मई 2018 से जरुरतमंद लोगों को भोजन के साथ साथ ऋतु अनुसार वस्त्र और अन्य वस्तुएं वितरित कर रही है। यद्यपि 2024 में 6 वर्ष की अवधि पूर्ण हो जाएगी लेकिन रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र के 5 वर्ष पूर्ण होने पर एक मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा जिसमें रोटी बैंक के सहयोगियों को एक मंच पर लाकर उन्हें सम्मानित भी किया जाएगा। इसके लिए 17 मार्च को संभावित तिथि सुनिश्चित कर आगामी कार्य के लिए रणनीति तैयार की गई। सभी सदस्यों ने इसका समर्थन किया और सभी का अलग अलग कार्य सौंपे गए। वरिष्ठ उप प्रधान भारतेन्दु हरीश ने कहा कि पुलिस और जनता के बीच की खाई को पाटने के लिए रोटी बैंक एक अनूठा उदाहरण बन चूका है। महासचिव कर्म चंद ने कहा कि निःस्वार्थ भाव से जरूरतमंद बच्चों को भोजन और वस्त्र देकर आत्मिक संतुष्टि का आभास होता है। कोषाध्यक्ष एवं अंकेक्षक नरेश सैनी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन की रूपरेखा तैयार करते हुए कहा कि यह एक नई ऊर्जा का संचार करेगा।

# कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए नियुक्त किए ड्यूटी मजिस्ट्रेट

दलबीर मलिक



**कुरुक्षेत्र :** जिलाधीश एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि कुरुक्षेत्र के कन्ट्रोल्ड क्षेत्रों व अर्बन एरिया में जिला नगर योजनाकार अधिकारी द्वारा जब भी अवैध निर्माण व अवैध कालोनियों में तोड़-फोड़ की जाएगी, इस दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए 4 अधिकारियों को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। जिलाधीश शांतनु शर्मा ने जारी आदेशों में कहा कि जिला नगर योजनाकार कार्यालय के पत्र के आधार पर अवैध कालोनियों व अवैध निर्माणों को तोड़ने के दौरान कानून व्यवस्था को बनाए रखना जरूरी है, इसलिए नगर पालिका लाडवा के एमई प्रवेश को लाडवा ब्लॉक, बीएओ शाहबाद ओमप्रकाश को ब्लॉक शाहबाद, जीवीएच एसएलडीबी कुरुक्षेत्र पवन कुमार ब्लॉक थानेसर व पीडब्लूडी बीएंडआर पिहोवा के उपमंडल अभियंता सुरेंद्र सिंह को पिहोवा ब्लॉक के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है।

# स्वामी सुरेशानंद स्वच्छता अभियान के जिला अध्यक्ष नियुक्त

**जिम्मेदारी**

स्वामी सुरेशानंद को स्वच्छता अभियान विभाग का जिला संयोजक की मिली जिम्मेदारी

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत:** भाजपा नेता स्वामी सुरेशानंद को बनाया स्वच्छता अभियान विभाग का जिला संयोजक नियुक्त। आज भाजपा जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा ने प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी द्वारा विचार विमर्श कर आज स्वामी सुरेशानंद को स्वच्छता अभियान का जिला संयोजक नियुक्त किया। अपनी नियुक्ति पर स्वामी सुरेशानंद ने जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा, प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी एवं सभी भाजपा नेताओं का धन्यवाद किया एवं अपना कार्य पूरी निष्ठा से करने का भरोसा दिया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा , प्रदेश सचिव उमेश शर्मा, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा एवं उनकी टीम सदस्या मनीष राई. प्रवेश कौशिक भी मौजूद रहे।



# नगर निगम टीम ने शहर में जगह-जगह लगे पोस्टर हटाये

मनीष कुमार

**अम्बाला:** अंबाला नगर निगम की टीम एक्शन में नजर आई। निगम की टीम ने शहर में जगह-जगह लगे पोस्टरों का उतारा। अंबाला शहर के अंदर जगह-जगह प्राइवेट संस्थान, राजनीतिक संस्थानों के द्वारा बिना परमिशन पोस्टर और फ्लैक्स लगाए हुए हैं। जिस पर कार्रवाई करते हुए निगम की टीम ने होर्डिंग, बैनर पोस्टर इत्यादि हटाने का काम भी शुरू कर दिया। खासकर पर्व त्योहार के मौके पर तो बैनर पोस्टर के माध्यम से शुभकामनाएं देने वालों की बाढ़ ही आ जाती है। निगम से अनुमति लिए बिना दीवारों से लेकर बिजली के खंभों तक बैनर-पोस्टर लगा दिए जाते हैं। खासकर राजनीतिक दलों के पोस्टर शहर में हर जगह लगे रहते हैं। चुनाव से पहले तो राजनीतिक दलों के पोस्टर की शहर में बाढ़ आ जाती है। इससे पहले भी कई बार निगम की तरफ से अभियान चलाकर शहर से पोस्टर, फ्लैक्स हटाए जा चुके हैं लेकिन बावजूद उसके थोड़े दिन बाद फिर से शहर की दीवारें और खंभे पोस्टरों से भर जाते हैं।

**एक्शन में...**

खासकर पर्व त्योहार के मौके पर तो बैनर पोस्टर के माध्यम से शुभकामनाएं देने वालों की बाढ़ ही आ जाती है।

# केयू के पंचवर्षीय विधि संस्थान में मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आगाज

दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पंचवर्षीय विधि संस्थान में इंटरा-संस्थान मूट कोर्ट प्रतियोगिता का मंगलवार को शुभारंभ हुआ जिसका उद्घाटन विधि संकाय के अधिष्ठाता प्रो. अमित लूदरी ने किया। इस प्रतियोगिता के विभिन्न मुकाबले दो दिन चलेंगे जिसके अंतिम चरण में इसकी जीतने वाली टीम के आधार पर रनर-अप टीम, बेस्ट स्पीकर एवं बेस्ट रिसर्चर निर्धारित किए जाएंगे।कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा 14 मार्च को होने वाले समापन समारोह के मुख्यातिथि होंगे एवं विजेताओं को ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करेंगे।प्रो. अमित लूदरी ने बताया कि ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने से विद्यार्थी तर्क-वितर्क कला का कौशल प्राप्त करते है जिससे न्यायालयों के अनमोल समय की बचत होती है जो समाज के लिए अत्यंत उपयोगी है। उन्होंने राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिताओं में ट्रॉफी विजेताओं को संस्थान का अनमोल वैभव बताते हुए उनकी प्रशंसा की और उत्साहवर्धन किया। विधि संस्थान की निदेशिका प्रो. सुशीला चैहान ने सभी उपस्थित मेहमानों का स्वागत किया तथा प्रतियोगिता की उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

मूट कोर्ट कमेटी की संयोजिका डॉ. शालू अग्रवाल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 32 टीमें भाग लेंगी जिनमें से दो चुनी गई टीमों का मुकाबला कल होगा। संस्थान के उप-निदेशक डॉ. रमेश सिरोही ने सबका धन्यवाद किया। इस अवसर पर एलएलएमटीएम की निदेशिका प्रो. प्रीति जैन, प्रो. प्रेमिला, डॉ. दीप्ति चौधरी, डॉ. तृप्ति चौधरी, डॉ. जयकिशन भारद्वाज, डॉ. पूनम, डॉ. संतलाल, डॉ. कृष्णा अग्रवाल, डॉ. प्रियंका चौधरी, डॉ. प्रीति भारद्वाज, डॉ. पूजा, डॉ. मोनिका, डॉ. ईशु, डॉ. सुमित कुमार, डॉ. जतिन, डॉ. सुमीत भारती, डॉ. कर्मदीप, डॉ. जापान सिंह, डॉ. बसंत सक्सेना मौजूद रहे।

**प्रतियोगिता**

जीतने वाली टीम के आधार पर रनर-अप टीम, बेस्ट स्पीकर एवं बेस्ट रिसर्चर निर्धारित किए जाएंगे

# डीसीआरयूएसटी के विद्यार्थियों को मिलेंगे 90 हजार रुपए

## शोध को बढावा देने के लिए प्रत्येक विभाग के दो शोधार्थियों को मिलेगी 25 हजार रुपए की स्कॉलरशिप

**सोनीपत**

**दीनबंधु छोटू** राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,मुरथल ने शोध व नवाचार को बढावा देने का निर्णय लिया है। विश्वविद्यालय के विद्यार्थी भी अब अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस में भाग लेने पर विद्यार्थियों को 90 हजार रुपए प्रदान किए जाएगें। बेस्ट पेटेंट व बेस्ट रिसर्चर को विश्वविद्यालय 5 लाख रुपए का कैश प्राइज प्रदान करेगा। प्रतिवर्ष विश्वविद्यालय प्रत्येक विभाग में दो शोधार्थियों को 25 हजार रुपए की स्कॉलरशिप प्रदान करेगा। कुलपति प्रो.श्रीप्रकाश सिंह के नेतृत्व में विश्वविद्यालय ने शोध व नवाचार की तरफ बढने के लिए कदम बढा लिए हैं। विश्वविद्यालय की 18 वीं शैक्षणिक परिषद में शोध व नवाचार को बढावा देने के



लिए अनेक प्रस्ताव पास किए हैं, इससे विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों व शोधार्थियों को लाभ होगा। विश्वविद्यालय की शैक्षणिक परिषद की 18 वीं मीटिंग कुलपति प्रो.सिंह के नेतृत्व में हुई।

शैक्षणिक परिषद की मीटिंग में निर्णय लिया गया कि शोध को बढावा देने के लिए विश्वविद्यालय प्रत्येक विभाग में प्रतिवर्ष दो टॉप स्कॉलरों को स्कॉलरशिप प्रदान करेगा। स्कॉलरशिप की राशि 25 हजार रुपए प्रतिमाह होगी। पहले विश्वविद्यालय केवल एक शोधार्थी को स्कॉलरशिप प्रदान करता था। नवाचार व शोध की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए भी शैक्षणिक परिषद की बैठक में अहम निर्णय लिया गया। विश्वविद्यालय बेस्ट पेटेंट व बेस्ट पेपर प्रस्तुत करने वाले शिक्षक को अधिकतम 5 लाख रुपए का कैश प्राइज प्रदान

**कैश प्राइज**

**8 बेस्ट पेटेंट व बेस्ट रिसर्चर को विश्वविद्यालय 5 लाख रुपए का कैश प्राइज प्रदान करेगा**

करेगा। अब विश्वविद्यालय के स्नातक, स्नातकोत्तर व पीएचडी के विद्यार्थी भी राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेस में भाग ले सकेगें। इसको बढ़ावा देने का निर्णय लिया है। अब राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस में भाग लेने वाले को विश्वविद्यालय अधिकतम 90 हजार रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त शैक्षणिक परिषद की बैठक में निर्णय लिया गया है कि स्वयं एनपीटीईएल के लोकल चैप्टर की स्थापना की जाएगी। इसके माध्यम से हमारे विद्यार्थी प्रसिद्ध शिक्षण संस्थान आईआईएम व आईआईटी के प्रोफेसरों के ऑन लैक्चर का लाभ भी उठा सकेगें। विश्वविद्यालय ने विश्वविद्यालय के बाहर से विशेषज्ञों का लाभ विद्यार्थियों और शोधार्थियों को देने का निर्णय लिया है। इसके लिए शैक्षणिक परिषद की बैठक में एडजंक्ट फैकल्टी, ऑनरेरी फैकल्टी , प्रो.अमरेटिस व प्रो. ऑफ प्रैक्टिस लगाने को लेकर भी गाइड लाइन पास की हैं, ताकि विशेषज्ञों के ज्ञान का लाभ विश्वविद्यालय के शोधार्थी व विद्यार्थियों को ज्यादा से ज्यादा मिल सके।

# 'योजनाओं के आधार पर भाजपा 400 पार'

## डी बी टी के माध्यम से गरीब के खाते में 100 रुपए पहुंचते हैं

**सम्मेलन**

**8 ओ बी सी मोर्चा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सैन की उपस्थिति एक ओ बी सी मोर्चा सामाजिक सम्मेलन आयोजित**



**कमाल हुसैन**

**पानीपतः** कृष्ण पुरा मंडल में ओ बी सी मोर्चा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सैन की उपस्थिति एक ओ बी सी मोर्चा सामाजिक सम्मेलन आयोजित किया गया । इस प्रोग्राम में मुख्य अतिथि प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेंद्र जलमाना रहें । मुख्य प्रवक्ता ओ बी सी मोर्चा जिला अध्यक्ष गंगाराम स्वामी रहें । सुरेंद्र जलमाना ने अपने विचार रखते हुए कहा कि भाजपा सरकार की जनकल्याण की महत्वपूर्ण योजनाओं के आधार पर देश में तीसरी बार भाजपा सरकार आएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओ बी सी समाज को एक नई दिशा का काम किया है। ओ बी सी समाज को अपने कंधे से कंधा मिलाकर साथ चल रहे हैं माननीय प्रधानमंत्री।

इसकी हिन्दू सभ्यता के कारण ही आज अबु धाबी के अंदर एक भव्य हिंदू मंदिर का निमार्ण हुआ है । गंगाराम स्वामी ने कहा कि देश के गरीब से गरीब परिवार को मोदी जी अपना परिवार समझा है , जिस कारण आज पुरा गरीब परिवार अपनी आंखों के सामने अपना विकास होते देख रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कारण गरीब परिवार का फ्री में इलाज हो रहा है , घर बैठे बुढापा पैंशन मिल रही हैं।

केंद्र से गरीब के मान 100 रुपए धोषित होते है तो तुरंत डी बी टी के माध्यम से गरीब के खाते में 100 रुपए पहुंचते हैं।

**न्यूज फ्लैश**

### सोनालीका ने फरवरी में 9,722 ट्रैक्टरों की कुल बिक्री के साथ दर्ज किया नया कीर्तिमान

**चंडीगढ़ :** सोनालीका ट्रैक्टर्स ने फरवरी महीने की अपनी अब तक सर्वाधिक 16.1% बाजार हिस्सेदारी और उद्योग में सबसे अधिक बाजार हिस्सेदारी में बढ़ोतरी हासिल की है। इसमें फरवरी'24 के दौरान 9,722 ट्रैक्टरों की कुल बिक्री का मजबूत प्रदर्शन शामिल है, जो कंपनी के फरवरी'23 में 9154 ट्रैक्टरों की कुल बिक्री से 6.2% अधिक है। जहाँ एक तरफ उद्योग में बिक्री लगातार गिर रही है, वहीं सोनालीका ट्रैक्टर उद्योग में बढ़ने वाला एकमात्र ब्रांड बन गया है और उद्योग के प्रदर्शन को भी पीछे छोड़ दिया है सोनालीका ने हाल ही में 40-75 एचपी रेंज में 10 नए मॉडल के साथ अपनी प्रसिद्ध और प्रीमियम 'टाइगर ट्रैक्टर श्रृंखला' का विस्तार किया है। अपने सबसे बड़े और सबसे शक्तिशाली एचडीएम एवं ईंधन कुशल इंजन, सीआरडीएस तकनीक, कुशल मल्टी स्पीड ट्रांसमिशन और सटीक हाइड्रोलिक्स के साथ, कंपनी विभिन्न क्षेत्रों में किसानों की कृषि सफलता कहानी लिखने में उनके साथ साझेदारी कर रही है। अपने विचार साझा करते हुए, रमन मित्तल, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड, ने कहा, ह्लएक बेहतर भविष्य की दिशा में आगे बढ़ने में किसानों का समर्थन करना ही हमें ताकत देता है और हम भविष्य में भी अधिक तीव्रता के साथ ऐसा करना जारी रखेंगे।"

### चण्डीगढ़ में फ्रैंचाइज इंडिया चण्डीगढ़ फ्रैंचाइज एक्स्पो आयोजित

**चण्डीगढ़ः चण्**डीगढ़ फ्रैंचाइज एक्स्पो के साथ फ्रैंचाइज इंडिया ने एक बार फिर से फ्रैंचाइजिंग के लिए भारत के प्रमुख मंच के रूप में अपने आप को स्थापित कर लिया है। इस शो में फूड,रीटेल,फैशन, हेल्थ,ब्यूटी,वैलनैस,एजुकेशन,रियल एस्टेट आदि क्षेत्रों में बीस से अधिक ग्लोबल ब्राण्ड्स का अनावरण हुआ।जाने माने ब्राण्ड्स जैसे रिलेक्सो,क्रोमा,थलम,खन्ना जैम्स,साइगन, स्पियरहैड एजुकेशन, एक्सपेबैक,आरूषि ओसवाल,जो पाजी फूड्स,हैड एण्ड हार्ट,द मैनीपैडी स्पा,ट्रैस लाउंज,एजियोलोजी,आर्थोक्योर,पॉपक्लीन,ग्लिट्ज स्टुडियो सैलून,चाय गरम कार्ज.स्पा ने एक्स्पो में हिस्सा लिया और चण्डीगढ़ एवं आस पास के क्षेत्रों में विस्तार में रूचि दिखाई।चण्डीगढ़ फ्रैंचाइज एक्स्पो ने निवेशकों के लिए बेजोड़ मंच की भूमिका निभाई।हर प्रतिभागी निवेशक को वैरिफिकेशन की प्रक्रिया से गुजरना पड़ा शो ने भावी साझेदारियों के लिए सुरक्षित एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया।गौरव मार्या,चेयरमैन,फ्रैंचाइज इंडिया ने कार्यक्रम को लेकर उत्सुकता व्यक्त करते हुए कहा,चण्डीगढ़ फ्रैंचाइज शो ने ब्राण्ड्स और निवेशकों को अवसर उपलब्ध कराए।अविजीत घोषाल,प्रेजीडेन्ट,बीएनआई डायमण्ड्स एण्ड सपोर्ट डायरेक्टर,चण्डीगढ़ इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।घोषाल की मौजूदगी ने एक्स्पो को और भी खास बना दिया और चण्डीगढ़ में कारोबार के महत्व पर रोशनी डाली।अविजीत घोषाल ने कहा, फ्रैंचाइज इंडिया चण्डीगढ़ फ्रैंचाइज एक्सपो,फ्रैंचाइजिंग के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि है।इस शो ने फ्रैंचाइजिंग की विविधता और क्षमता का प्रदर्शन किया साथ ही निवेशकों को आकर्षक उद्यमों के अनूठे अवसर भी प्रदान किए।मैं आयोजनकताओं के प्रयासों की सराहना करता हूं जो विभिन्न ब्राण्ड्स को एक ही मंच पर लेकर आया हैं।फ्रैंचाइज इंडिया चण्डीगढ़ फ्रैंचाइज एक्सपो की सफलता चण्डीगढ़ को उद्यमिता के उभरते हब के रूप में स्थापित करती है।

### अलग-अलग ट्रेनों में सफर कर रहे यात्रियों के मोबाइल व सामान चोरी

**सोनीपतः** दिल्ली-अंबाला रेल मार्ग पर अलग-अलग ट्रेनों में सफर कर रहे दो यात्रियों के मोबाइल फोन व बैग चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ितों ने मामलों की शिकायत जीआरपी पुलिस को दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी के मुकदमें दर्ज कर लिए है। पुलिस मामलों की गंभीरता से जांच कर रही है। कामी सड़क मार्ग स्थित शिक्षण संस्थान निवासी राघुराम ने दिल्ली रेलवे स्टेशन पर जीआरपी को शिकायत देकर बताया कि वह पश्चिमी एक्सप्रेस गाड़ी में सफर कर रहा था। रेलगाड़ी सोनीपत स्टेशन पर रूकी। उसी दौरान उसका मोबाइल फोन चोरी हो गया। गाड़ी काफी देर तक नहीं रूकी, जिसके चलते उसने दिल्ली जीआरपी थाने में शिकायत दी। वारदात सोनीपत स्टेशन की होने के कारण मामले को सोनीपत जीआरपी के पास भेजा गया।

# ब्राह्मण समाज को उसकी संख्या के हिसाब से मिले टिकट : रत्न

**कमाल हुसैन**

**पानीपतः** जीटी रोड स्थित महाराज होटल में आज सर्व ब्राह्मण समाज की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सर्व ब्राह्मण समाज के प्रधान रतन शर्मा ने की। बैठक का मुख्य एजेंडा लोकसभा चुनाव में सभी राजनीतिक पार्टियों द्वारा ब्राह्मण समाज को उसकी संख्या के हिसाब से टिकट देने का रहा। बैठक में बोलते हुए प्रधान रतन शर्मा ने बीजेपी से मांग की है करनाल लोकसभा सीट से किसी ब्राह्मण प्रत्याशी को चुनाव मैदान में उतारे तथा डिप्टी सीएम ब्राह्मण समुदाय से घोषित करे। रतन शर्मा ने कहा कि करनाल लोकसभा सीट ब्राह्मण बाहुल्य सीट है इस पर ज्यादातर सांसद ब्राह्मण समाज से ही रहे हैं। पिछले चुनाव में बीजेपी



ने यह सीट ब्राह्मण समाज से छीनने का काम किया था पर इस बार ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। हरियाणा में डिप्टी सीएम का पद ब्राह्मण समुदाय को देने की घोषणा कांग्रेस कर चुकी है इसलिए बीजेपी को भी स्पष्ट कर देना चाहिए कि उनकी सरकार बनने पर एक डिप्टी सीएम ब्राह्मण समुदाय से बनाया जाएगा। प्रदेश प्रवक्ता राजेश कौशिक एडवोकेट कहा कि लोकसभा में एक और विधानसभा चुनाव में ब्राह्मण समाज को करीब 20 सीट भाजपा द्वारा दी जाएं। उन्होंने कहा कि राजनीति में हिस्सेदारी के बिना किसी भी समाज की तरक्की नहीं हो सकती। वहीं एडवोकेट डी.के.पंडित ने कहा की संख्या के हिसाब से राजनीति में अपनी हिस्सेदारी मांगना हर समाज का हक है तथा उसे उनके अनुपात में हिस्सेदारी देना राजनीतिक दलों का कर्तव्य। अ

ब सभी समाज जागरूक हो चुके हैं इसलिए राजनीतिक दलों को चाहिए कि वह उन्हें उनकी संख्या के अनुसार सीटें देकर अपना फर्ज निभाए। इस अवसर पर युवा जिला अध्यक्ष सुनील शर्मा पट्टीकल्याणा, हल्का इसरानाा प्रधान रामचंद्र शर्मा, रामनिवास परढाना, विष्णु शर्मा, अजय शर्मा, वासु शर्मा, अनिल शर्मा व महावीर मंडी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# रैलियों में नहीं कर सकेंगे बच्चों का उपयोग: उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः जिला** निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने आगामी लोकसभा आम चुनाव-2024 के मद्देनजर सभी राजनीतिक दल व उम्मीदवारों के लिए दिशा निर्देश जारी किए हैं। इन दिशा निदेर्शों के अनुसार कोई भी राजनीतिक दल व उम्मीदवार चुनाव संबंधी गतिविधियों में बच्चों का उपयोग नहीं कर सकेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से राजनीतिक दलों को हिदायतें व दिशा-निर्देश जारी करते हुए सलाह दी गई है कि वे किसी भी रूप में चुनाव अभियानों में बच्चों का उपयोग न करें। बच्चों का उपयोग पोस्टर/पम्पलेट का वितरण या नारेबाजी, अभियान रैलियों, चुनाव बैठकों आदि में करना बिल्कुल गलत है। उन्होंने बताया कि किसी भी तरीके से राजनीतिक अभियान के लिए बच्चों का उपयोग नहीं किया जा सकता। बच्चों से कविता, गीत, बोले गए शब्दों के माध्यम से उपयोग, राजनीतिक दल व उम्मीदवार के प्रतीक चिन्ह का प्रदर्शन, राजनीतिक दल की विचारधारा का प्रदर्शन व किसी की उपलब्धियों को बढ़ावा देना गलत है।

# प्रशासन ने खोला अंबाला-चंडीगढ़ मार्ग, आवाजाही शुरू



**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** दिल्ली-चंडीगढ़ को जोड़ने वाला सद्दोपुर हाईवे 23 दिन बाद खुल गया। हाईवे खुलने से लोगों ने राहत की सांस ली है। किसानों के दिल्ली कूच को देखते हुए 11 फरवरी से प्रशासन ने हाईवे को बंद कर रखा था। जिससे चंडीगढ़ जाने के लिए लोगों को पंचकूला की तरफ से या फिर गांवों से घूमकर जाना पड़ रहा था। जिससे समय के साथ पैसे की भी बबार्दी हो रही थी। आज रोड खुलने से लोगों ने राहत की सांस ली। अब लोग शंभू बॉर्डर को खोलने की भी मांग कर रहे हैं। अंबाला पुलिस ने इस राजमार्ग को सोमवार को खोलने का काम शुरू किया।

# वेयरहाउस से कीमती किताबें चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

## पुलिस ने आरोपित को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा, पूछताछ में जुटी पुलिस

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः कुंडली थाना** क्षेत्र में वेयरहाउस से कीमती किताबें चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित गोपाल निवासी कन्नौज रायपुरा का है। पुलिस ने आ रोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

उत्तर प्रदेश हाल में कार्यकारी सफियाबाद कुंडली निवासी प्रभात शेखर ने गत 9 फरवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उनके वेयर हाउस में कई प्रकार की पढ़ाई करने किताबें है। वेयर हाउस में गत दिनों पहले चोरी होने का शक हुआ। सामान की जांच करने के लिए वेयरहाउस में लगे सीसीटीवी की रिकाडिंग खंगाली तो गत 14 जनवरी को एक गार्ड किताबों के रैक के पास जाकर निगरानी कर रहा है। उसके बाद किताबों को उठाकर बाहर लेकर चला जाता है। चोरी किए कुछ किताबों के बाक्स की कीमत दो लाख 50 हजार रुपये की है। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए जांच अधिकारी कृष्ण ने बताया कि वारदात में शामिल आरोपित गोपाल को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की। अदालत ने आरोपित को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

# बीजेपी पानीपत ने संगठनात्मक नियुक्तियां की

**पानीपतः** संगठन को मजबूत बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी, पानीपत ने संगठनात्मक नियुक्तियां की हैं विजय सहगल को शहरी उत्तरी मंडल अध्यक्ष, नरेंद्र बिन्झौल को पंचायती राज प्रकोष्ठ का जिला संयोजक, जगबीर डिकाडला को पंचायती राज प्रकोष्ठ का जिला सह संयोजक, सोनू मिटान को पंचायती राज प्रकोष्ठ का जिला सह संयोजक, संजय सिंगला को आर्थिक प्रकोष्ठ का जिला संयोजक, देवेन्द्र रेवड़ी को आर्थिक प्रकोष्ठ का जिला सह संयोजक, डॉ. जगजीत आहुजा को चिकित्सा प्रकोष्ठ का जिला संयोजक और डॉ. मंजू अबरोल को चिकित्सा प्रकोष्ठ का सह संयोजक बनाया गया है।

# डीसी ने भूमि चिन्हित विषय पर अधिकारियों के साथ ली बैठक

**मनीष कुमार**

**अम्बालाः उपायुक्त** डा. शालीन ने अपने कार्यालय में राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ इंतकाल, जमा बंदिया, कोर्ट केसिस, स्टाम्प डयूटी, कास्ट सर्टिफिकेट, सीएम विंडो, मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल के साथ-साथ विभिन्न विभागों से सम्बन्धित परियोजनाओं बारे भूमि चिन्हित विषय पर बैठक लेते हुए समीक्षा की। उन्होंने कोर्ट केसों की लम्बित विषय पर एसडीएम व तहसीलदार को निर्देश दिए कि वे कोर्ट केसों के तहत तीन माह से लेकर 6 माह के अंदर-अंदर उनका निपटान करना सुनिश्चित करें। कोई भी केस ज्यादा समय तक लम्बित न रखें।



बैठक के दौरान उपायुक्त ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि उनके विभाग से सम्बन्धित जो विषय हैं, उनमें तेजी लाएं। उन्होंने इंतकाल, ऑनलाइन जमाबंदी, स्टाम्प डयूटी, स्टाम्प रिकवरी, सरकारी देय वसूली, मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल के तहत जो भी शिकायत है उसका निवारण करने के निर्देश दिये। बैठक में उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि सरकारी देयों के वसूली के तहत वे नम्बरदारों की बैठक लेना सुनिश्चित करें ताकि इस कार्य में भी तेजी लाई जा सके। उन्होंने बैठक के दौरान सम्बन्धित एसडीएम, डीआरओ व तहसीलदार से किस-किस दिन वे कोर्ट केस की सुनवाई करते हैं उसकी जानकारी ली और कहा कि कोई भी केस ज्यादा समय तक लम्बित न रहे, जल्द से जल्द उसका निपटान करें ताकि कोर्ट केसों के तहत जो भी पैंडसी है उसका बेहतर तरीके से निवारण हो सके। उन्होंने कहा कि मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर किसानो की जो समस्याएं हैं उनका निवारण भी करें। उन्होंने कहा कि आज जिन विषयों पर विस्तार से समीक्षा करते हुए दिशा-निर्देश दिए गये हैं उन सभी कार्यों में तेजी लाते हुए आगामी बैठक से पहले उसकी रिपोर्ट देना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने बैठक के दौरान कास्ट सर्टिफिकेट, इनकम सर्टिफिकेट व अन्य दस्तावेजों को बनाने बारे समीक्षा की और सम्बन्धित अधिकारियों को कहा कि विद्यार्थियों के साथ-साथ अन्य को इन दस्तावेजों की बेहद आवश्यकता होती है, इसलिए सम्बन्धित अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें कि उनके स्तर पर जाति प्रमाण पत्र, आय सत्यापित प्रमाण पत्रों की कोई भी पैंडसी न हो।

# निर्माणाधीन स्थल से सीमेंट के कट्टे चोरी, मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः सदर** थाना क्षेत्र के गांव हसनपुर तिहाड़ कलां में सरकारी टैंडर के तहत बन रहे जल घर के पास कमरे से सीमेंट के कट्टे चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। गांव निदाना रोहतक निवासी पवन ने बताया कि कई महीनों से ललित ठेकेदार के पास काम करता है। हाल में सरकारी जलघर का गांव हसनयारपुर तिहाड़ कलां में का टैंडर ले रखा है। इस टैंडर के लिए

**मामला**

**8 गांव निदाना रोहतक निवासी पवन ने बताया कि कई महीनों से ललित ठेकेदार के पास काम करता है**

गत 1 मार्च को देर शाम शिव मंदिर के पास बने कमरे पर 500 कट्टे सीमेंट के रखे हुए है। रात को किसी ने 250 कट्टे चोरी हो गए। अपने स्तर पर सीमेंट की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

# दुकान से हजारों रुपये की राशि चोरी, दो युवकों पर वारदात को अंजाम देने का आरोप

## दुकानदार की शिकायत पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ किया मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः कुंडली** थाना क्षेत्र के गांव खटकड़ में जरनल स्टोर से हजारों रुपये की राशि चोरी होने का मामला सामने आया है। दुकान मालिक ने मामले की शिकायत पुलिस को देकर दो युवकों पर चोरी की वारदात को अंजाम देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में दोनों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

गांव खटखड़ निवासी सुभाष चंद्र ने बताया कि वह अपने घर पर ग्राउंड फ्लौर पर सरिता जरनल स्टोर के नाम से दुकान चलाता है। प्रथम तल पर परिवार के साथ रहता है।

गत 2/3 की रात को करीब 12.15 को दुकान का शट्र खुलने की आवाज आई। उसके बाद 5-7 मिनट बाद फिर शट्र गिने की आवाज आई। उसने बालकानी में आकर देखा तो दो लड़के निकलकर सड़क पर जा रहे थे। उसकी पत्नी ने चोर-चोर चिलाया। उसके बाद दोनों लड़के गांव भैरा की तरफ फरार हो गए। उसने दुकान में आकर देखा गल्ले से 38 हजार रुपये गायब मिले। लड़कों को भागते समय उन्हें पहचान लिया। जोकि दोनों कुनाल व राकेश थे। मामले को लेकर डायल-112 पर शिकायत दी। उसके बाद पुलिस कुनाल के घर पर लेकर पहुंची। पड़ोस में रहने वाले मास्टर के घर से सीसीटीवी की रिकार्डिंग देखा।

# रोडवेज सोनीपत डिपों में चार नई बसें हुई शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः रोडवेज** विभाग की तरफ से सोनीपत डिपों के लिए चार नई बसों की सौगात देने का काम किया है। ताकि जिला वासिसों को रोडवेज विभाग की लॉरी में बेहतर यात्रा मिल सके। विभाग की तरफ से बसों पर सड़कों पर यात्रियों के लिए उपलब्ध करवाने लिए कागजी कार्यवाही पूरी होने के बाद सड़कों पर यात्रियें के लिए उतारा जायेगा। वहीं हाल में विभाग की तरफ से जिले से अलग-अलग जिलों व प्रदेशों के लिए रोडवेज की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है।बता दें कि सोनीपत डिपों में मौजूदा हाल में विभाग से मिली कुल 109 बसें लोगों को गांव से लेकर दूसरे जिलों सहित प्रदेशों की यात्रा करवा रही थी। वहीं डिपों में 32 बसे किलोमीटर स्कीम के तहत तैनात है। विभाग की तरफ से सोनीपत डिपों के लिए चार नई बसों की सौगात देने का काम किया है। उक्त बसों को अलग-अलग रूटों पर तैनात किया जायेगा। ताकि रोडवेज की लॉरी में सफर करने वालों यात्रियों का सफर बेहत्तर हो सके। विभाग की तरफ से चार बसें नई मिली है। जल्द से जल्द कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद उन्हें सड़कों पर यात्रियों के लिए उपलब्ध करवा दिया जायेगा। यात्रियों के लिए विभाग की तरफ से समय-समय पर जरूरी कदम उठाने का काम किया जा रहा है।

# श्रवण दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग ने निकाली जागरूकता रैली

## कार्यक्रम की जिला नोडल अधिकारी ने हरी झंडी दिखकर रैली को किया रवाना

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः एनपीपीसीडी कार्यक्रम** के तहत विश्व श्रवणदिवस के अवसर पर जिला स्वास्थ्य विभाग की तरफ से जागरूकता रैली का आयोजना किया है। अस्पताल परिसर में जागरूकता रैली को हरीझंडी दिखाकर जिला नोडल अधिकारी व उनकी टीम ने रवाना किया है। रैली शहर के मुख्य मागों से होते हुए वापिस अस्पताल में आकर समाप्त हुई।जिला नोडल अधिकारी डा. स्वाराज चौधरी ने बताया कि विभाग की तरफ से मिले दिशा-निदेर्शों पर समय-समय पर लोगों को बीमारियों के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जाता है। विभाग की तरफ से श्रवण दिवस पर डीईआईसी कर्मचारियों के साथ स्थानीय लोगों के साथ रैली का आयोजन किया गया है। उक्त रैली नागरिक अस्पताल परिसर से शुरू हुई। उसके बाद शहर के मुख यमार्ग अग्रसेन चौक, विवेकानंद चौक, सेक्टर-15 व 14 से होते हुए सिविल अस्पताल परिसर में समाप्त हुई। रैली के दौरान रूचि स्पेशल स्कूल के छात्र व छात्राओं ने हिस्सा लिया। डा. स्वराज ने कहा कि कान हमारे शरीर का बहुत ही महत्वपूर्ण अंग है। अपने कानों की देखभाल करना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। कान की समस्याएं अलग-अलग कारणों से हो सकती है। जैसे कि कान का बहना, तेज ध्वनी के उपकरणों का इस्तेमाल करना, बिना डा. की सलाह के दवा लेना, जन्म से ही सुनने की क्षमता का विकास न होना, अगर ऐसी कोई भी समस्या होती है, तो उन्हें कान चिकित्सक से परामर्श करना चाहिए। जिन बच्चों में सुनने की क्षमता जन्म से ही नहीं होती है।

# सीवर ओवरफ्लो की समस्या से जूझ रहें हैं मॉडल टाउन के लोग





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: मॉडल** टाउन विधानसभा क्षेत्र कहने को तो दिल्ली के पॉश एरिया की गिनती में शुमार है। जिसके नाम के ही पीछे मॉडल लगा हो वह क्षेत्र सुविधाओं से लैस होगा ऐसी धारणा लोगों की जरूर होती होगी। लेकिन ऐसा कुछ भी नही है, मॉडल बस नाम का ही है, क्योंकि यहां के लोग अनेक प्रकार की समस्याओं से त्रस्त हैं। यहां पर हम बात कर रहे हैं मॉडल टाउन पार्ट दो की। क्षेत्र स्थित शालीमार पार्क मैन सड़क पर ही पीडब्ल्यूडी के सीवर ओवरफ्लों ने काफी दिनों से यहां के लोगों का सांस लेना भी दुश्वार कर रखा है। जानकारी के अनुसार मॉडल टाउन पार्ट दो स्थित शालीमार पार्क के सामने मुख्य सड़क, बाशेश्वर नाथ गोटे वाला पार्क से लेकर मंदिर वाली रोड तक सीवर का पानी इस तरह से फैला हुआ है कि लोगों का यहां से निकलना भी दुभर हो गया है। जिला चांदनी चौक कांग्रेस कमेटी के महासचिव व कांगेस के वरिष्ठ नेता विनोद वधवा ने बताया कि काफी लंबे समय से यहां पर सीवर ओवरफ्लों हुआ पड़ा है जिसको लेकर कई बार संबधित अधिकारी व संबधित प्रशासन से शिकायत भी की गई है, बावजूद इसके समस्या जस की जस बनी हुई है।

# पंजाबी भाषा प्रसार कमेटी बेहतरीन काम कर रही है: हरमीत सिंह



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा पंजाबी भाषा की समृद्धि व प्रचार-प्रसार के लिए गठित पंजाबी भाषा प्रसार कमेटी द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए दिल्ली कमेटी अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका व महासचिव जगदीप सिंह काहलों ने बताया कि बीते समय में पंजाबी प्रसार विभाग द्वारा कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं जिसमें गुरमुखी लिपि की ह्यह्यवर्णमाला लिखित प्रतियोगिताह्यह्य, ह्यह्यआओ पंजाबी सीखें और सिखाएह्यह्य लहर सहित अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस को समर्पित ह्यह्यजीवे मा-बोली पंजाबीह्यह्य जैसी कई अनूठी पहल शामिल हैं। इन सार्थक पहल को संगत का बहुत प्यार मिला जिसके लिए वह विभाग को बधाई देते हैं। कालका व काहलों ने कहा कि पंजाबी भाषा प्रचार समिति के अध्यक्ष हरदित सिंह गोबिंदपुरी, संयोजक राजिंदर सिंह विरासत के नेतृत्व में बनाई गई टीम बेहतरीन काम कर रही है। जिनमें स्वर्ण सिंह, जगजीत सिंह, करमजीत कौर, अरविंदर कौर खालसा और प्रदीप कौर शामिल हैं। आज इन सभी को दिल्ली कमेटी द्वारा उत्साहवर्धन करते हुए 35 अक्षरों से सुसज्जित शॉल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# तिलक विहार: सुरीत इवेंट्स फाउंडेशन ट्रस्ट ने किया शाइन शक्ति नेशनल अवार्ड का आयोजन

## महिलाओं के योगदान के बिना समाज सेवा करना बिल्कूल नामुमकिन है: परमजीत सिंह पम्मा





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: पश्चिमी** दिल्ली के तिलक विहार स्थित सुरीत इवेंट्स फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा शाइन शक्ति नेशनल अवार्ड, एक मिशन एक चैरिटी स्लम एरिया का आयोजन ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष रश्मीत कौर बिंद्रा द्वारा ने किया। जिसमें मुख्य अतिथि नेशनल अकाली दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड एसोसिएशन के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा ने प्रमुख समाज सेवियों को सम्मानित किया।

इस समारोह में दिल्ली से गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के सदस्य बीबी रंजीत कौर, जतिन्दर सिंह (सोनू), तजिन्दर सिंह (गोपा) ने स्लम के बच्चों को ट्राफी और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर परमजीत सिंह पम्मा ने कहा अगर महिलाओं का योगदान ना हो तो कोई भी आदमी समाज सेवा तो क्या किसी भी कार्य को सफलतापूर्वक नहीं कर पाएगा। आज जिस प्रकार महिलाओं के साथ-साथ विभिन्न समाजसेवियों को सम्मानित किया गया है यह सराहनीय कदम है। वहीं रश्मीत कौर बिंद्रा ने बताया कि परमजीत सिंह पम्मा के हाथों बच्चों को स्कूल की किताबें, पेन पेंसिल और स्कूल बैग दिए गए। परमजीत सिंह पम्मा ने कहा जिस तरह से हम अपनी जरूरत की चीजों का ध्यान रखते हैं, अगर उसी प्रकार हम स्लम के बच्चों की जरूरतो का भी ध्यान रखें तो उनका भी भविष्य सुंदर बनाया जा सकता है।

सुरीत इवेंट्स फाउंडेशन ट्रस्ट की अध्यक्ष रश्मीत कौर बिंद्रा एक मिशन एक चैरिटी के तहत स्लम एरिया के लिए बहुत से मिशन चला रही है, जिसमें बच्चों की पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, फ्री एजुकेशन, स्वच्छता और स्वास्थ्य अभियान, ट्री प्लांटेशन, अन्नपूर्णा रसोई का पौष्टिक आहार, जैसे मिशन शामिल हैं। इस अवसर पर परमजीत सिंह पम्मा ने ट्रस्ट की ओर से बनाए गए कैलेंडर को लांच किया और उन्होंने कहा कहा इस कैलेंडर में एक मिशन एक चैरिटी के तहत स्लम एरिया में बच्चों के साथ किए गए कार्यों का विवरण है। और साथ ही इस चैरिटी से जुड़े सभी मेम्बर्स का भी जिक्र किया गया है इस कैलेंडर में हर दिन का एक बहुत ही खूबसूरत मैसेज भी है जो समाजकी प्रेणना देता है। इसके अलावा और भी संस्थाओं के अध्यक्षों ने वहां आकर रशमीत कौर बिंद्रा का हौसला बढ़ाया जिसमें मुख्य रूप से अशोक चुग, सुभाष मदान, मीति जग्गी, सीमा शर्मा इंद्रजीत कौर, गौरव गुप्ता, कुलवीर कौर चौहान और ऊषा निश्छल जी शामिल थे। सुरीत इवेंट्स फाउंडेशन ट्रस्ट की नेशनल ब्रांड एंबेसडर सारथा गोरे, रेहाना अली, सीमा आहद ने बच्चों को गिफ्ट्स दिए। ट्रस्ट की लीगल एडवाइजर एडवोकेट मानसी गोगिया, जनरल सेक्रेटरी सर्वेश पांडे, प्रोग्राम अध्यक्ष पूनम सारस्वत, ब्रांड प्रेजेंटर पंचानन ठाकुर, नीलम सैनी, सुनीता भाटिया, सुखविंदर जीत कौर, सरबजीत कौर, रेनू लूथरा एवं और भी बहुत से मेम्बर्स इस समारोह में शामिल हुए शाइन शक्ति नेशनल अवार्ड से सभी मेम्बर्स को सम्मानित किया गया।

# ग्रामवसियों को अंधेरे में न रखें दिल्ली सरकार: संघ



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली पंचायत** संघ ने कहा कि हमारे बुजुर्गों व सीधे-साधे गांव वालों से जबरदस्ती उनकी कृषि भूमि कौड़ियों में अधिग्रहण व छीन कर सरकार अरबों की कमाई कर रही है।

**क्या है मुख्य मांगे:** वहीं गांवों में शहरी क्षेत्र के हिसाब से भारी-भरकम हाउस टैक्स व अन्य टैक्स वसूल कर रही है। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा कि राम राज्य की बात तब करें जब आप, गांवों को मलिकाना हक दें। आपके शहरी विकास विभाग में वर्ष 2013 से 130 गांवों की 244 फाइलें मलिकाना हक के लिए धूल चाट रही है, उस पर तुरंत कार्रवाई करें। मेयर ने गांवों का हाउस टैक्स माफ की झूठी घोषणा की थी, उसे पूरा करें और माफ करें।

निगम द्वारा गांवों को लाल फीताशाही से मुक्त करें ओर गांवों में किसी भी शासन प्रशासन द्वारा अतिक्रमण बताकर तोड़ने की कार्रवाई बंद करें, गांवों के ले-आउट प्लान तैयार कराएं, किसानों को उनकी जमीन से संबंधित रिकॉर्ड जो उर्दू, फारसी में हैं, उनसे मुक्ति दिलवाएं। महिलाओं व बहनों को कम से कम 3000 प्रतिमाह दें, क्योंकि देश की राजधानी दिल्ली है यहां सस्ता कुछ नहीं, सस्ती है सिर्फ किसानों की कृषि भूमि। जो पड़ोसी राज्यों से भी बहुत सस्ती है। इसलिए पहले सर्किल रेट बढ़ा कर तुरंत 10 करोड़ प्रति एकड़ करें। गांवों की ग्राम सभा कृषि भूमि गांवों के विकास व जरूरतों के लिए आरक्षित करें। दूसरा इसका मालिक ना बनें, पहले जिन गांवों की ग्रामसभा भूमि व ग्रामसभा कृषि भूमि पर कब्जा किया हुआ है। उसे वापस करें। गांवों के विकास के लिए 900 करोड़ ऊंट के मुंह में जीरा है। यह राशि 90 गांवों पर खर्च हो जाएगी।

**हर गांव से एक स्वर में उठी मांग:** दिल्ली पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव, सह प्रमुख सुनील शर्मा, पंच प्रमुख अधिवक्ता यमन यादव भलस्वा, राजकुमार यादव ख्याला गांवों के हाउस टैक्स माफ वह निगम से संबंधित अन्य मुद्दों को लेकर निर्णय लिया की पंचायत संघ आगामी रविवार को पंचायत कर अभियान की शुरूआत करेगा। क्योंकि दिल्ली देहात व गांव, ग्रामीणों के अधिकारों की लड़ाई भी रामराज्य के लिए है। जहां दिल्ली की आधी आबादी रहती है।

# भाजपा ने किया नारी शक्ति वंदन दौड़ का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली भाजपा महिला मोर्चा द्वारा दिल्ली के सभी 14 संगठनात्मक जिलों में नारी शक्ति वंदन दौड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत आज शाहदरा जिले के यमुना स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने महिलाओं के इस दौड़ में भाग लेकर सभी का हौसला बढ़ाया। विभिन्न स्थानों पर हुई शक्तिवंदन दौड़ में मुख्य रुप से भाजपा सांसद प्रत्याशी रामवीर सिंह बिधूड़ी, मनोज तिवारी, कमलजीत सहरावत, बांसुरी स्वराज, प्रवीण खंडेलवाल, प्रदेश महामंत्री योगेन्द्र चंदोलिया, प्रदेश उपाध्यक्ष योगिता सिंह, लता गुप्ता, महिला मोर्चा अध्यक्षा ऋचा पांडेय मिश्रा, प्रदेश मंत्री सोना कुमारी, मोर्चा महामंत्री प्रियल भारद्वाज, सरिता तोमर, वैशाली पोद्दार सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। आयोजित दौड़ में सभी को संबोधित करते हुए वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले 10 सालों में महिला शक्ति को जो बढ़ावा दिया है, वह अदभूत है, क्योंकि जब हम 26 जनवरी की परेड देखते हैं और इस बार के कार्यक्रम में 70 फीसदी महिलाओं ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि 2014 में आर्मड फोर्स में महिला अधिकारी सिर्फ 3000 थी जो आज 10000 से अधिक हैं। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खेलो इंडिया मोमेंट शुरू कर देश के युवाओं को एक नया आयाम दिया है। साल 2013-14 में जो स्पोर्ट्स का बजट 700 करोड़ था वह आज बढ़कर 3400 करोड़ रुपये हो गया है जो इस बात का प्रमाण है कि मोदी सरकार खेल को लेकर प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिला आरक्षण कानून लाकर महिलाओं को नये अवसर दिये और मोदी की महिला सशक्तिकरण नीति का परिणाम है की आज महिला शक्ति भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति है।

# केजरीवाल की तुलना भगवान राम से करने पर भाजपा ने किया विरोध प्रदर्शन







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली भाजपा** मंदिर प्रकोष्ठ के संयोजक करनैल सिंह के नेतृत्व में प्रकोष्ठ कार्यकर्ताओं ने दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी द्वारा विधानसभा में अरविंद केजरीवाल की तुलना भगवान श्री राम से और भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में बंद सत्येन्द्र जैन की तुलना संकटमोचन हनुमान जी से करने के विरोध में आज विधानसभा के बाहर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया है। विरोध प्रदर्शन के बाद करनैल सिंह सहित भाजपा कार्यकर्ताओं को पुलिस डिटेन कर बुराड़ी थाना ले गई। विरोध प्रदर्शन में सभी जिलों के मंदिर प्रकोष्ठ के संयोजक एवं मंडल संयोजक सहित हजारों भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। करनैल सिंह ने कहा कि सोमवार को सदन के अंदर वित्त मंत्री आतिशी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री की तुलना भगवान राम से की है ये बिल्कुल गलत है और यह पूरे सनातन धर्म का अपमान है। जिस व्यक्ति का नाम शराब घोटाले में हो उसकी तुलना भगवान राम से कैसे की जा सकती है। उन्होंने सत्येंद्र जैन को भूमाफिया बताया और कहा कि आतिशी को तुरंत दिल्ली के लोगों से और देश के लोगों से लिखित रुप में माफी मांगनी चाहिए। करनैल सिंह ने कहा कि ये तो सिर्फ आज एक छोटा सा प्रदर्शन का नमूना है आगे अगर उन्होंने माफी नहीं मांगी तो हम लोग बड़ा प्रदर्शन करेंगे और दिल्ली भर में चक्का जाम किया जाएगा। हम महिला होने के नाते अभी उनका सम्मान कर रहे हैं और उनसे गुजारिश है कि जो उन्होंने सदन में शब्द बोले हैं इसके ऊपर वह माफी मांगे नहीं तो इसके लिए बड़ा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा और दिल्ली जाम भी की जाएगी।

करनैल सिंह ने कहा कि एक तरफ जैसे चुनाव आया है तो उनके नेता मंदिरों में माथा टेकने का काम कर रहे हैं और दूसरी तरफ अपने कार्यालयों से भगवान के पोस्टर निकालकर फेक रहे हैं और सदन में भ्रष्टाचारियों की तुलना भगवान से कर रहे हैं।

# सातों सीटों पर खिलेगा कमल: खारी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: त्रीनगर विधानसभा** क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले त्रीनगर वार्ड नंबर-63 स्थित रामपुरा गांव में रहने वाले व भाजपा नेता सुरेश खारी ने कहा कि पिछली बार जैसा इस बार भी दिल्ली की सातों सीटों पर एक बार पुनः भाजपा का परचम लहराएगा। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा देश में विकास कर रही है, जिसकी ख्याति आज देश ने ही नही बल्कि विदेशों मे भी मानी जा रही है। जहां एक और तो कांग्रेस के 70 साल तक के शासनकाल में उन्होंने राम मंदिर को लेकर चुप्पी साध रखी थी, इतना ही नही राम मंदिर बनाने के लिए कुछ न कुछ अटकलें लगाते रहते थे, लेकिन जब से भाजपा की सरकार देश मे आई है तब से देश ने झुकना बंद कर दिया है। वहीं खारी ने यह भी कहा है कि पीएम मोदी के नेतृत्व में आज देश हर क्षेत्र में आगे चल रहा है, यहां पर चाहे हम बात करें, आधुनिक हथियारों की शिक्षा व्यवस्था की, स्वास्थ की हो या फिर महिला सुरक्षा की।

# महर्षि दयानन्द सरस्वती की दशमी कार्यक्रम के साथ हुआ 11 कुंडलीय हवन का आयोजन









**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: केन्द्रीय आर्य** युवक परिषद के तत्वाधान में आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानन्द सरस्वती की 200वीं दशमी के मौके पर 11 कुण्डीय महायज्ञ का आयोजन किया गया। यह यज्ञ डा. जयेंद्र आचार्य के ब्रह्मत्व में सांसद प्रवेश वर्मा के निवास विंडसर पैलेस, जनपथ में संपन्न हुआ। इस दौरान सैंकडों की संख्या ने लोग मौजूद रहे।

**मुख्य अतिथि रहे पूर्व केन्द्रीय मंत्री विक्रम वर्मा:** इस मौके पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री विक्रम वर्मा ने कहा कि आर्य समाज से प्रेरणा लेकर समाज में अनेकों सुधार हुए है, आज इस अभियान को और तीव्र गति से चलाने की आवश्यकता है, वहीं उन्होंने स्वदेशी और हिन्दी भाषा को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। इस दौरान सांसद प्रवेश वर्मा ने स्वामी दयानन्द के आदर्शों को जीवन में धारण करने की अपील की। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि आज शिक्षा का किताबी ज्ञान तो बढ़ रहा है, लेकिन पाखंड अन्धविश्वास भी तेजी से विस्तार हो रहा हैं जिसे आर्य समाज ने जागरूकता अभियान से ठीक करना है। इस अवसर पर स्वामी संपूर्णानन्द ने कहा कि आज भारत देश प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों सुरक्षित है। देश विदेश में ख्याति फैल रही है। तो वहीं डा जयेंद्र आचार्य ने कहा कि महर्षि दयानंद के नारी जाति पर असंख्य उपकार हैं, उन्होंने समाज सुधार, नारी शिक्षा व वेदों को पढ़ने पढ़ाने पर बल दिया। बाल विवाह को निषेध किया व सती प्रथा को भी अनुचित ठहराया। उन्होंने विधवा विवाह का समर्थन किया। स्वामी जी का मानना था कि नर नारी सब एक समान है सबको यज्ञ करने का समान अधिकार है।

इस मौके पर डा. प्रमोद सक्सैना, कैप्टन अशोक गुलाटी, राज कुमार भण्डारी, कुसुम भंडारी, प्रेम सचदेवा, अनिता रेलन, प्रकाशवीर शास्त्री, रोहित आर्य, स्वदेश शर्मा, वेद प्रकाश आर्य, सोनिया संजू, सुशील बाली, वरुण कठुरिया, गंगा शरण आर्य, कृष्णा पाहुजा, माया राम शास्त्री आदि उपस्थित रहे।

# कौशल निगम के नाम पर युवाओं का शोषण कर रही सरकार: राजबीर सोरखी

**संकल्प यात्रा**

**8 बसपा की संविधान बचाओ सत्ता प्राप्ति संकल्प यात्रा का सिरसा व फतेहाबाद में जोरदार स्वागत**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

बहुजन समाज पार्टी की संविधान बचाओ सत्ता प्राप्ति संकल्प यात्रा सिरसा लोकसभा में पहुंची। पांचवें दिन हिसार से मंगलवार सुबह रवाना हुई यात्रा को सिरसा में पहुंचते ही भारी जनसमर्थन मिला। लोगों ने पूरे उत्साह के साथ प्रदेशाध्यक्ष राजबीर सोरखी का फूल-मालाओं के साथ स्वागत किया। यात्रा को मिल रहे



जनसमर्थन से विपक्षी दलों की परेशानी बढ़ रही है।

प्रदेशाध्यक्ष राजबीर सोरखी ने कहा कि कौशल रोजगार निगम के नाम पर गठबंधन सरकार युवाओं का शोषण कर रही है। सरकार पक्की नौकरियों में देरी कर रही है तो कौशल निगम के जरिये विदेश में युवाओं को रोजगार देने के बहाने उनकी जिंदगी दांव में पर लगाई जा रही है।

प्रदेशाध्यक्ष राजबीर सोरखी ने कहा कि यात्रा पांचवें दिन में प्रवेश कर गई है, जिससे तरह से यात्रा को समर्थन मिल रहा है, उससे विपक्षी खेमा घबराया हुआ है। खासकर भाजपा-जजपा की गठबंधन सरकार की यात्रा में उमड़ रहे जनसैलाब से नींद उड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि बहुजन नायक साहेब कांशीराम की वैचारिक लड़ाई को बहन कुमारी मायावती के नेतृत्व में लड़ा जा रहा है। बसपा यात्रा के जरिये दलित, शोषित व गरीब वर्ग के हकों की आवाज उठा रही है। सोरखी ने मध्यप्रदेश के छतरपुर में बसपा नेता की हत्या पर शोक व्यक्त किया। इन्होंने कहा भाजपा की सरकार जिन प्रदेशों में है, वहां पर कानून व्यवस्था बदहाल है और भाजपा सरकार अपराध को बढ़ावा दे रही है। इन्होंने कहा दिवंगत नेता के परिवार को उचित मुआवजा मिलना चाहिए और अपराधियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

पांचवें दिन यात्रा का शुभारंभ हिसार के गुरु रविदास छात्रावास से हुआ। यहां से यात्रा ने सिरसा जिले में प्रवेश किया, जहां पर भोड़ा व खाराखेड़ी में यात्रा का जबदस्त स्वागत हुआ। इसके बाद चिंदड, भाणा भोडिया, बनवाली, किरढान, भट्टू, मंदौरी, माखोसरानी, नाथूसरा चौपटा, सिरसा, डींग से होते हुए फतेहाबाद पहुंची, जहां पर यालकी, अहरवा, रतिया, चिमो, नन्हेडी, धारसुल, कुला, अकावाली, जमालपुर शेखा और टोहाना में जोरदार स्वागत हुआ।

प्रदेश प्रभारी सुमेर जांगड़ा ने कहा कि सरकार प्रदेश में कानून व्यवस्था कायम रखने में पूर्ण रूप से विफल हो चुकी है। बसपा की सरकार बनने पर कानून व्यवस्था को बहाल किया जाएगा।

# सेक्टर- 1 कॉलेज में लगा रक्तदान शिविर

**रक्तदान**

**8 सेक्टर- 6 स्थित सिविल हॉस्पिटल के डॉक्टरों की देखरेख में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।**



**टीम एक्शन इंडिया/पंचकूला**

सेक्टर झ 1 स्थित गवर्नमेंट पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज में एनएसएस की दोनों इकाइयों द्वारा आयोजित किए जा रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के अंतर्गत मंगलवार को कॉलेज की यूथ रेडक्रास इकाई के सहयोग से शिव कांवड़ महासंघ चैरिटेबल ट्रस्ट और सेक्टर- 6 स्थित सिविल हॉस्पिटल के डॉक्टरों की देखरेख में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कॉलेज के प्राचार्य यशपाल सिंह और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार पाण्डेय द्वारा अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर और बैज लगाकर स्वागत किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन रोटरी मेट्रोपॉलिटन क्लब, चंडीगढ़ के अध्यक्ष और पूर्व आईएएस हरदीप कुमार और शिव कांवड़ महासंघ चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रधान राकेश संगर के द्वारा फीता काटकर किया गया। तत्पश्चात अतिथियों ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर उनका हौसला बढ़ाया।

प्राचार्य यशपाल सिंह ने कैंप में रक्तदान कर रहे एनएसएस प्रतिभागियों तथा विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आपका रक्त किसी के लिए जीवनदान हो सकता है। ऐसे में आप सभी के द्वारा किया गया रक्तदान किसी के लिए जीवनदान साबित होगा। शिविर में विद्यार्थियों के साथ ही कॉलेज के प्रोफेसरों ने भी रक्तदान किया। कैंप में 35 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

रक्तदान शिविर के समन्वयक एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार पाण्डेय ने बताया कि कॉलेज में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के अंतर्गत बुधवार को कॉलेज की लाइब्रेरी के रीडिंग हॉल में शिव कावड़ महासंघ चैरिटेबल ट्रस्ट और रोटरी मेट्रोपॉलिटन क्लब के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**राजकुमार प्रिंस**
**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**

जिला पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से दो हजार की नकदी, गाटर, वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल और इ-रिक्शा बरामद की गई है। चोरी के पहले मामले में थाना सदर की टीम ने शिकायतकर्ता सुमित कुमार वासी श्रवन माजरा के बैग से 17 फरवरी को कागजात और नगदी चोरी करने वाले आरोपी जयबीर पुत्र जोगीराम वासी सोहाना को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरीशुदा कागजात और दो हजार रुपए नगदी बरामद की गई। इस संबंध में अज्ञात आरोपी के खिलाफ थाना सदर में चोरी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी से पूछताछ में पाया गया कि उसने लालच में आकर चोरी की वारदात की थी। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

चोरी के दूसरे मामले में थाना मधुबन की टीम ने विश्वसनीय सूचना पर आरोपी शुभम पुत्र राजबीर वासी रांवर को गिरफ्तार किया। आरोपी की निशानदेही कर उसके कब्जे से चुराया गया गाटर, वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल और ई रिक्शा भी बरामद की गई। पूछताछ में आरोपी शुभम ने बताया की उसने अपने अन्य दो दोस्तों के साथ मिलकर 20 फरवरी को देवराज वासी रांवर के घर के बाहर से मोटरसाइकिल और ई-रिक्शा की सहायता से सात गाटर चोरी कर वारदात को अंजाम दिया था। टीम द्वारा मामले में शामिल अन्य आरोपियों की भी गिरफ्तारी कर अन्य सामान की बरामदगी की जाएगी। आरोपी शुभम को आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### युवक से मारपीट कर मुंह पर किया पेशाब

**राजकुमार प्रिंस**
**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**

हरियाणा-यूपी की सीमा से सटे कुंडाकला घाट पर रेत माइनिंग कंपनी के सुपरवाइजर और बाउंसरों ने कारिंदे को चौसाना के जंगलों में लाठी, डंडों व लोहे की रॉड से पीटा। इतना ही नहीं आरोपियों ने पीड़ित के मुंह पर पेशाब भी किया। मारपीट के बाद वे उसे गाड़ी में डालकर वापस माइनिंग स्थल पर ही फेंक कर फरार हो गए। उसे धमकी दी कि अगर किसी को इस बारे में बताया तो जान से मार देंगे।

कुंडा कलां गांव निवासी असलुफ हरियाणा सीमा में रेत माइनिंग कुंडा घाट पर ट्रैक्टर से सडक लेवलिंग का काम करता है। करीब दो माह से वह काम कर रहा था। उसके चचेरे भाई आस मोहम्मद ने बताया है कि 2 मार्च को मेरे सगे चाचा का लडका असलुफ की रेत माइनिंग घाट पर ओपरेटर हैड दिलबाग से काम को लेकर कहासुनी हो गई थी।

आरोप है कि दिलबाग ने असलुफ को कहा था कि वह सही काम नहीं कर रहा। इसको लेकर उसने गाली गलौच भी किया था। इसके बाद दिलबाग मौके से चला गया था, लेकिन वह बाद में अपने साथ बाउंसरों व अन्य लोगों को लेकर आया।

आस मोहम्मद ने बताया कि इसके बाद रंजिश के चलते आरोपियों ने दोपहर को दो या तीन बजे असलुफ को काम के बहाने से माइनिंग घाट पर बुलाया। वे उसे बोलेरो गाड़ी में डालकर चौसाना के जंगलों में ले गए। वहां पर उसके साथ बुरी तरह से मारपीट की। लोहे की रॉड से व लात-घुसों से तथा लाठियों से निर्दयता से मारा। जातिसूचक शब्द से लेकर गाली गलौच भी की। इतना ही नहीं आरोपियों ने असलुफ के मुंह पर पेशाब किया, जो एक अमानवीय व्यवहार था। आरोपियों ने अवैध पिस्तौल दिखाकर असलुफ को डराया धमकाया और धमकी दी कि अगर तुने हमारे खिलाफ मुंह खोला तो तुझे और तेरे परिवार को जान से मार देंगे।

शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपियों के पास अवैध हथियार रहते है और ये हथियार उनकी गाड़ी में ही पड़े रहते है। जंगलों में मारपीट करने के बाद उसे वापस गाड़ी में डाला और माइनिंग घाट पर कैंटीन के बाहर फेंक कर चले गए। शिकायतकर्ता ने बताया कि हमें जैसे ही पता चला हम मौके पर पहुंच गए और असलुफ को करनाल के अस्पताल में लेकर पहुंचे, जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज दिया और उसे चंडीगढ़ पीजीआई रेफर कर दिया, लेकिन हम उसे प्राइवेट अस्पताल करनाल में ही ले गए, जहां पर उसका इलाज चल रहा है।

कुंजपुरा थाना के जांच अधिकारी विजय ने बताया कि शिकायत के आधार दिलबाग, पिल्दा, सचिन व अन्य तीन लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## चांदी के आभूषण और अन्य सामान चुराने वाले आरोपी गिरफ्तार

**राजकुमार प्रिंस**
**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**

जिला पुलिस के बर्गलरी स्टाफ की टीम द्वारा आरोपी सूरज उर्फ कासु पुत्र महेंद्र वासी कालरम, टिंकू पुत्र सोमदत्त वासी कैरवाली और सूरज उर्फ सूरी पुत्र सुरेश कुमार वासी फरीदपुर हाल कैमला को जिला कोर्ट करनाल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया गया। आरोपियों की निशानदेही पर उनके कब्जे से चुराए गए चांदी के आभूषण वजन 388 ग्राम, कपड़े और अन्य सामान बरामद किया गया।पुलिस जांच में पाया गया कि शिकायतकर्ता सुमनलता वासी कैरवाली और उसका परिवार 28 नवंबर 2023 को कहीं बाहर शादी में गए थे। जब वे 2 दिसंबर को वापिस घर आए तो उनको अलमारी का ताला टूटा मिला।

# छात्राओं को महिला अपराधों के बारे में किया गया जागरूक

**महिला सुरक्षा**

**8 छात्राओं की शिकायत पर स्कूल छुट्टी के समय पर पुलिस पेट्रोलिंग कराई सुनिश्चित**

**राजकुमार प्रिंस**
**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**

डीएसपी महिला सुरक्षा विजय कुमार के निर्देशन और महिला निरीक्षक राजेश लता के नेतृत्व में टीम द्वारा घरौंडा के राजकीय स्कूल अलीपुर खालसा और कैमला में जाकर छात्राओं को महिला सुरक्षा बारे जागरूक किया गया।



महिला निरीक्षक राजेश लता ने बताया कि आज के समय महिलाओं के विरुद्ध बहुत ज्यादा अपराध बढ़ रहा है। महिलाओं का शोषण उनके घर में भी हो रहा है। उन्होंने बताया कि समय बदलने के साथ अब महिलाओं को भी जागरूक होना जरूरी है। छात्राओं को यह ध्यान रखने को कहा कि स्कूल आते-जाते समय कोई उनका पीछा तो नहीं कर रहा है। छात्राओं को गुड टच और बेड टच के बारे भी सावधान किया गया।

महिला निरीक्षक ने स्कूल की कुछ छात्राओं को विश्वास में लेकर उनसे उनकी वे समस्याएं जानी, जिनको छात्राओं ने अपने घर वालों को भी नहीं बताया हुआ था और उन समस्याओं को जानकर तुरंत उनका समाधान किया। स्कूल की कुछ छात्राओं ने बताया कि स्कूल छुट्टी के समय पर कुछ शरारती तत्व उन्हें परेशान करते हैं, जिसके बारे महिला निरीक्षक ने संबंधित थाना प्रबंधक से बात करके स्कूल छुट्टी के समय पर पुलिस पेट्रोलिंग सुनिश्चित करवाई।

टीम द्वारा स्कूल छात्राओं को यह भी बताया गया कि महिला सुरक्षा के लिए जिला में दुर्गा शक्ति के नाम से टीम का गठन किया हुआ है, जो कि दुर्गा शक्ति टीम हमेशा सहायता के लिए तत्पर रहती है। टीम ने विपरीत परिस्थितियां आने पर स्कूल छात्राओं को दुर्गा शक्ति टीम से सहायता लेने बारे भी बताया ।

महिला निरीक्षक राजेश लता ने छात्राओं को पॉक्सो एक्ट के बारे भी विस्तार से बताया और महिला हेल्पलाइन नंबर 1091 और डॉयल 112 का प्रयोग कर आपातकालीन स्थिति में तुरंत पुलिस सहायता लेने बारे भी जागरूक किया।

# भोले बाबा की बारात देख डर गए लोग, देवताओं ने कराया विवाह संपन्न

**राजकुमार प्रिंस**
**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**

गांव सग्गा में चल रही श्री शिवमहापुराण कथा में आचार्य श्री सुशील शास्त्री जी ने पांचवे दिन शिव.पार्वती के विवाह से जुड़ा प्रसंग सुनाया।

शास्त्री जी ने कहा कि शिव जी जब माता पार्वती से विवाह रचाने के लिए पहुंचे तो अपने साथ भूत-प्रेत और चुड़ैलों की बाराती लेकर पहुंचे। इन्होंने ही शिवजी का श्रृंगार भी किया था। शादी के लिए शिवजी का भस्म से श्रृंगार किया गया और हड्डियों की माला पहनाई गई। जब ऐसी अनोखी बारात लेकर शिव



बारातियों के साथ पार्वती के द्वार पर पहुंचे तो सभी डर गए और हैरान रह गए।

पार्वती की माता मैनावती ने तो विवाह से इंकार कर दिया था, तब पार्वती ने शिव जी से प्रार्थना करते हुए कहा कि वह विवाह के रीति-रिवाजों के अनरूप तैयार हो जाएं। शिवजी मान गए और इसके बाद देवताओं द्वारा शिवजी को दूल्हे के रूप में तैयार किया गया। जब शिवजी दूल्हा बनकर तैयार हो गए तो उनका दिव्य रूप देखकर सभी चकित रह गए।

रानी मैनावती भी विवाह के लिए मान गई। इसके बाद बाराती-शराती, भूत-प्रेत, सभी देवता और सृष्टि के रचयिता ब्रह्मा जी की मौजूदगी में शिव-पार्वती का विवाह संपन्न हुआ।

## सीएम के कार्यकम के मद्देनजर ड्रोन को उड़ाने पर रहेगी पूर्णत: पाबंदी

**राजकुमार प्रिंस**
**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**

अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट अखिल पिलानी ने आपराधिक प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा-144 के तहत आदेश पारित कर मुख्यमंत्री मनोहर लाल के 6 मार्च को करनाल के विभिन्न क्षेत्रों में होने वाले दौरा कार्यक्रम के मद्देनजर निर्धारित क्षेत्र में ड्रोन को उड़ाए जाने पर पूर्णतः पाबंदी रहेगी।आदेशों के तहत मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न कार्यक्रम स्थलों व अपने विधानसभा क्षेत्र में अन्य कई स्थानों का दौरा किए जाने की संभावना है, में मुख्यमंत्री की सुरक्षा कारणों के मद्देनजर एक किलोमीटर की परिधि के क्षेत्र में ड्रोन की उडान प्रतिबंधित रहेगी।

# सौरभ सचदेवा एंटी करप्शन फाउंडेशन इंडिया के नैशनल डायरेक्टर नियुक्त



**राजकुमार प्रिंस**
**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**

**शपथ**

**8 सौरभ सचदेवा को नियुक्ति पत्र सौंपकर भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई**

एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने राष्ट्रीय टीम का विस्तार करते हुए युवा समाजसेवी सौरभ सचदेवा को नैशनल डायरेक्टर नियुक्त किया। नरेंद्र अरोड़ा एवं राष्ट्रीय महासचिव पवन शर्मा ने सौरभ सचदेवा को नियुक्ति पत्र सौंपकर पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर सौरभ सचदेवा ने कहा कि वह अपने पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य करेंगे और ज्यादा से ज्यादा लोगों को संगठन के उद्देश्यों के साथ जोड़ेंगे। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया सम्पूर्ण भारतवर्ष के सभी राज्यों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य कर रहा है। संगठन का प्रमुख उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगो को भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए जागरूक करना है।

उन्होंने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के मुख्य कार्यों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए शिक्षण संस्थानों व अन्य स्थानों पर सेमिनारों का आयोजन करना, हस्ताक्षर अभियान व शपथ ग्रहण अभियान चलाना, एंटी करप्शन से संबंधित प्रतियोगिताओं का आयोजन करना, अवाम में कानून का पालन करने का प्रचार प्रसार करना, पुलिस व प्रशासन विभाग के कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों को सम्मानित कर सच्चाई व ईमानदारी का प्रचार प्रसार करना आदि हैं। फाउंडेशन द्वारा समाजसेवा के प्रकल्पों के अंतर्गत जरुरतमंद विद्यार्थियों एवं लोगों की सहायता, गरीब कन्याओं की शादी में मदद करवाना आदि शामिल हैं।

# बाहरी गांव में एक व्यक्ति ने खुद को गोली मारकर की आत्महत्या

**राजकुमार प्रिंस**
**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**

**वारदात**

**8 उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के समय परिवार के अन्य सदस्य शादी में गए हुए थे।**

जिले के बाहरी गांव में एक व्यक्ति ने अपनी लाइसेंसी बंदूक से खुद को गोली मार ली। गोली कनपटी पर लगी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के समय परिवार के अन्य सदस्य शादी में गए हुए थे। गोली की आवाज सुनकर आस पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे और उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

गांव बाहरी निवासी नरेंद्र ने बताया कि उसका बड़ा भाई 50 वर्षीय बसंत कुमार मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। आज उनके चाचा के लडके और बसंत की साली की लडकी की शादी थी। परिवार के सभी सदस्य वहीं पर गए हुए थे। पीछे से बसंत घर पर अकेला था। नरेंद्र ने बताया कि बसंत ने अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से खुद को कनपटी में गोली मार ली। गोली की आवाज सुनते ही आसपास के लोग घर पहुंचे तो बसंत फर्श पर पड़ा था। उसे तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

नरेंद्र ने बताया कि बसंत का करीब 11 साल पहले एक्सीडेंट हुआ था। तब से ही बसंत अपसेट रहता था। बसंत के पास 3 बच्चे हैं, जिसमें दो लडके व एक लडकी है। बीती 31 जनवरी को ही उसके बेटे और बेटी की शादी हुई थी। बसंत का सबसे छोटा बेटा कनाडा गया हुआ है और बड़े वाला खेती करता है। उनकी मौत के बाद परिवार में मातम पसरा है।

उसने बताया कि बसंत को परिवार वालों ने भी कहा था कि शादी में चलो, लेकिन वह नहीं गया। उसने जाने से साफ मना कर दिया था। बोला था-तुम ही चले जाओ, मैं नहीं जाता। हमारे पास भी किसी पड़ोसी ने कॉल किया था और इसके बाद हम मौके पर पहुंचे थे। हम उसे गाड़ी में डालकर असंध अस्पताल में भी ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में उसने दम तोड़ दिया।

असंध थाना के प्रभारी महिपाल ने बताया कि मृतक का बसंत ने खुद को गोली मारी है। घर से रिवॉल्वर व गोली का खोल भी मिला है। क्राइम इन्वेस्टिगेशन टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। हर पहलू पर जांच की जा रही है। बताया जा रहा है परिवार में शादी भी थी।

# प्रधानमंत्री मोदी ने महिलाओं को बनाया है सशक्त और आत्मनिर्भर :भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

भाजपा महिला मोर्चा की ओर से मंगलवार को नारी शक्ति वंदन मैराथन का आयोजन विधानसभा स्तर पर प्रदेशभर में किया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को कुरूक्षेत्र रेलवे रोड स्थित छठी पातशाही गुरुद्वारा से महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष परमजीत कौर कश्यप के नेतृत्व में निकाली गई स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नायब सैनी ने कहा कि ह्लएक दौड़ राष्ट्र के नाम, एक दौड़ मोदी के नामह्ल के लक्ष्य को लेकर महिला शक्ति ने प्रदेश में नारी शक्ति वंदन मैराथन और स्कूटी-बाइक रैलियों का आयोजन किया और दौड़ लगाई। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण भाजपा की कार्य संस्कृति का हिस्सा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में महिलाएं सशक्त और आत्मनिर्भर हो रही हैं तथा अपना भाग्य खुद लिख रही हैं। मोदी सरकार में महिलाओं को मान-सम्मान मिल रहा है। नायब सैनी ने कहा कि 6 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोलकाता से नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत अपना संबोधन रखेंगे। पार्टी ने विधानसभा स्तर पर एलईडी का प्रबंधन किया है। उन्होंने प्रदेश की महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि वे अधिक से अधिक संख्या में प्रधानमंत्री का उद्बोधन सुनें।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि महिलाओं को सशक्त, शक्तिशाली, स्वावलंबी और रोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से प्रेरित करने के लिए यह मैराथन दौड़ आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि ह्लएक दौड़ राष्ट्र के नाम, एक दौड़ मोदी के नामह्ल थीम पर प्रदेश भर की बहनों ने दौड़ में भाग लिया है।



उन्होंने बताया कि इस आयोजन के तहत महिला मोर्चा की बहनें मोदी सरकार द्वारा बनाए गए कानूनों और महिलाओं के हितार्थ लिए गए निर्णयों की जानकारी महिलाओं को दे रही हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि देश और प्रदेश की महिलाएं किसी भी क्षेत्र में कम नहीं है। मोदी सरकार ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर लोकसभा और राज्यसभा में नेतृत्व का अधिकार दिया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व वाली सरकार में महिलाओं को अलग पहचान मिली है। प्रधानमंत्री मोदी ने पानीपत की धरती से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं का जो अभियान चलाया था उससे क्रांतिकारी बदलाव देश और प्रदेश में देखने को मिल रहे हैं। मोदी सरकार की नीतियो के कारण देश की करोड़ों महिलाएं ह्लह्ललखपति दीदीह्लह्ल बन गई हैं। ड्रोन के जरिए खेती में महिलाएं अपना कौशल दिखा रही हैं।

नायब सैनी ने कहा कि महिलाओं में आत्मविश्वास को बढ़ावा देना ही महिला सशक्तिकरण का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं समृद्ध होती हैं, तो दुनिया समृद्ध होती है। महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण विकास को बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 10 सालों में महिला सशक्तिकरण के लिए अनेकों योजनाएं चलाई जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में मातृ शक्ति सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि भाजपा इस बार हरियाणा में 10 की 10 सीटें जीतेंगी और देश में 400 पार के लक्ष्य को पूरा करेगी।

भाजपा जिला अध्यक्ष परमजीत कौर कश्यप ने कहा कि मोदी सरकार महिला हितैषी सरकार है। मोदी सरकार ने तीन तलाक को खत्म कर मुस्लिम बहनों को न्याय दिलाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस ह्लविकसित भारतह्ल की बात करते हैं, वह केवल ह्लनारी शक्तिह्ल के सशक्त और समृद्ध होने से ही संभव है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद से ही महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और भागीदारी पर सरकार का फोकस रहा है। मोदी और मनोहर सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं का असली उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना ही है। उन्होंने कहा कि महिलाएं पुरूषों के साथ मिलकर देश और प्रदेश को आगे बढ़ाने का काम कर रही है।

इस अवसर पर विधायक सुभाष सुधा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष परमजीत कौर कश्यप, उपाध्यक्ष उमा सुधा, प्रभारी अनु माल्यान, रविन्द्र सांगवान, रेणू खुंगर, केडीबीसदस्य डा. ऋषिपाल मथाना, सोहना रामगढ़, मंडल की अध्यक्ष हरीश अरोड़ा, मंडल अध्यक्ष दीपक चौहान, मंडल अध्यक्ष रमेश सैनी, मोर्चा की कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहीं।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



# 1.5 करोड़ किसानों को सरकार का होली गिफ्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** योगी सरकार ने प्रदेश के करोड़ों किसानों को होली से पहले ही बड़ा तोहफा प्रदान किया है। मंगलवार को सीएम योगी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में सरकार ने बड़ा निर्णय लेते हुए किसानों के निजी नलकूपों पर बिजली बिल में 100 प्रतिशत तक की छूट दे दी है। इस निर्णय से प्रदेश के 1.5 करोड़ किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। इस योजना के तहत किसानों को एक अप्रैल 2023 से निजी नलकूप पर कोई भी बिल देने की आवश्यकता नहीं होगी। यही नहीं, यदि इसके पहले का भी यदि कोई बिल बकाया है तो सरकार उसके लिए ब्याज रहित और आसान किस्तों में बिल चुकाने के लिए योजना लाएगी। इसके लिए योगी सरकार ने 2024-25 के बजट में भी 1800 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार ने चुनावों के समय ही किसानों से निजी नलकूप पर 100 प्रतिशत छूट देने का वादा किया था। अब सरकार ने मंगलवार को इस पर निर्णय लेकर अपना वादा पूरा कर दिया है।



**14.78 लाख ग्रामीण और शहरी नलकूपों पर लागू होगा निर्णयः** कैबिनेट की बैठक के बाद लोकभवन में ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने इस प्रस्ताव के अनुमोदन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने चुनावों के दौरान घोषणा की थी कि किसानों को उनके निजी नलकूपों पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी।

उसी घोषणा के अनुरूप मंत्रिपरिषद ने मंगलवार को अपना वादा निभाते हुए छूट से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। उन्होंने बताया कि राज्य में लगभग 14 लाख 73 हजार ग्रामीण नलकूप हैं, जबकि 5,188 शहरी नलकूप हैं। उन्होंने बताया कि हमारे ही कार्यकाल में लगभग 200 ग्राम पंचायतों को हमने नगर ग्राम पंचायतों में बदल दिया है, इसलिए हमने शहरी और ग्रामीण का फर्क खत्म करके इसे मर्ज कर दिया है। इस तरह दोनों ही प्रकार के कुल 14 लाख 78 हजार नलकूपों पर किसानों को बिजली बिल पर छूट का लाभ मिलेगा।

**प्रदेश के 6-7 करोड़ लोग होंगे लाभान्वित :** एके शर्मा ने बताया कि मेरे पास खुद भी ट्यूबवेल है और इसी आधार पर हम कह सकते हैं कि एक ट्यूबवेल से 8 से 10 किसान लाभान्वित होते हैं, जिसके खेत तक पानी पहुंचता है। इस तरह लगभग लगभग डेढ़ करोड़ किसानों को इस योजना से लाभ होने वाला है। प्रति किसान यदि 5 सदस्यों के परिवार की गणना करें तो लगभग 6-7 करोड़ लोग इस योजना से लाभान्वित हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि प्रस्ताव के तहत किसानों को 100 प्रतिशत छूट देने का निर्णय लिया गया है। किसानों को अब एक अप्रैल 2023 से कोई बिल देने की आवश्यकता नहीं होगी।

## एससीआर गठन के अध्यादेश को भी मिली मंजूरी

**योगी** सरकार ने उत्तर प्रदेश राज्य राजधानी क्षेत्र एवं अन्य क्षेत्रीय विकास प्राधिकरणों के गठन अध्यादेश से जुड़े प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान की है। काफी समय से नागरिकों की सुविधा की दृष्टि ये आवश्यकता महसूस की जा रही थी कि जो राज्य राजधानी क्षेत्र हैं खासतौर पर बाराबंकी, रायबरेली, हरदोई, सीतापुर और उन्नाव सहित वो जिले जो लखनऊ के पड़ोसी हैं वहां अनियोजित विकास न हो। इसका उद्देश्य ये है कि दिल्ली एनसीआर की तर्ज पर यहां नियोजित विकास किया जा सके। इस अध्यादेश के तहत सभी प्राधिकरणों के कोऑपरेशन और कोऑर्डिनेशन से विकास परियोजनाओं को आगे बढ़ाया जाएगा। किसी प्राधिकरण का मर्जर नहीं होगा, सभी का अस्तित्व बरकरार रहेगा।

**लखनऊ मेट्रो के फेज-1बी का होगा शुभारंभ :** योगी सरकार ने लखनऊ मेट्रो के फेज-1बी ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर के प्रस्ताव को भी हरी झंडी दिखा दी है। इसके तहत चारबाग से वसंतकुंज तक कुल 11.865 किमी. मेट्रो संचालित की जाएगी। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि इसके माध्यम से योगी सरकार लखनऊ में आवागमन को और सुगम व सुविधाजनक बनाएगी। इस पर लगभग 5801 करोड़ रुपए की लागत आएगी।

# वंदे भारत ट्रेन के निर्माण में उद्यमी भी करेंगे सहयोग

**टीम एक्शन इंडिया**

**जोधपुरः** जोधपुर इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा मंगलवार को उद्यमियों के लिए वंदे भारत ट्रेन के रखरखाव वर्कशॉप में एक औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस औद्योगिक भ्रमण में मंडल रेल प्रबंधक पंकज कुमार सिंह एवं उनकी टीम द्वारा उद्यमियों को वंदे भारत ट्रेन में उपयोग किए जाने वाले विभिन्न घटकों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। डीआरएम पंकज कुमार सिंह एवं उनकी टीम ने जोधपुर के उद्यमियों को चलचित्र के माध्यम से बताया कि वंदे भारत ट्रेन में उपयोग में होने वाले विभिन्न घटकों को स्थानीय उद्योग अनुसन्धान अभिकल्प एवं मानक संगठन के मानकों के अनुरूप तैयार कर रेलवे को आपूर्ति कर सकते है। इससे न सिर्फ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वोकल फॉर लोकल का सपना पूर्ण होगा बल्कि स्थानीय इकाइयों को भी अपने उत्पाद को आरडीएसओ के तय मानकों के अनुसार विकसित करने का मौका मिलेगा। साथ ही उनके उत्पाद भी विश्वस्तरीय गुणवत्ता के हो जाएंगे जिनसे उनको अपने उत्पादों को निर्यात करने में भी सहायता मिलेगी।



उन्होंने वंदे भारत ट्रेन में स्थानीय उद्योगों के लिए उपयोगी एवं आवश्यक घटकों गैंग वे डस्टप्रूफ सुरक्षा सुविधाओं, ग्लास स्टोन प्रूफ की हीट लोड गुणवत्ता, पैनल को लगाना एवं खोलने हेतु आसान बनाना, टच फ्री स्लाइडिंग डोर का निर्माण, कम्युनिकेशन इंप्रूवमेंट, रिक्लाइनिंग सीटें बेहतर डिजाइन करना व टॉयलेट बायो वैक्यूम चोकिंग आदि की जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि सिग्नलिंग सुविधाएं, लिथियम आयन बैटरी, डैम्पर्स, लचीले पाइप, स्प्रिंग्स, वाइपर असेंबली इंसुलेटर, जल गुणवत्ता फिल्टरिंग प्रणाली, धूल रहित एयर कंडीशनिंग, हर कोच में स्मोक डिटेक्शन सिस्टम एवं स्विच पुश बटन जैसे विभिन्न घटकों की आपूर्ति स्थानीय उद्योगों द्वारा की जा सकती है।

# अब डाकघरों में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लिए निशुल्क पंजीयन

**टीम एक्शन इंडिया**

वाराणसीः अब डाकघरों के माध्यम से भी पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लिए पंजीयन किया जा सकता है। इस योजना के पात्र लोगों का सर्वे केंद्र सरकार डाक विभाग के जरिए कर रही है। यह जानकारी मंगलवार को वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने दी। उन्होंने बताया कि डाक विभाग के पोस्टमैन और ग्रामीण डाक सेवक घर-घर जाकर पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ बताते हुए सर्वे कर रहे हैं। जिन आवासीय घरों में लोग सोलर रूफ टॉप लगवाना चाहते हैं,उनका नि:शुल्क पंजीयन मोबाइल एप के माध्यम से तत्काल कर रहे हैं।उन्होंने बताया कि पोस्टमैन घर-घर जाकर अपने मोबाइल पर एप्लीकेशन 'क्यूआरटी पीएम सूर्यघर' के द्वारा जानकारी जुटा रहे हैं। पंजीयन के लिए ग्राहक का मोबाइल नंबर,ग्राहक का नाम,राज्य,जिला,बिजली वितरण कंपनी,उपभोक्ता खाता संख्या, बिजली बिल की प्रति, घर के रूफटॉप की तस्वीर,सौर स्थापना के लिए उपलब्ध अनुमानित क्षेत्र इत्यादि जानकारी सम्बंधित साइट पर अपलोड कर सोलर रूफटॉप के लिए नि:शुल्क पंजीयन कर रहे हैं। गौरतलब हो कि इस योजना के अंतर्गत एक किलोवाट क्षमता वाले सोलर पैनल के लिए केंद्र सरकार द्वारा 30 हजार, दो किलोवाट क्षमता वाले सोलर पैनल के लिए 60 हजार,तीन या उससे अधिक किलोवाट क्षमता वाले सोलर पैनल के लिए 78 हजार की सब्सिडी दी जाएगी। जिससे क्रमश: औसतन 0-150, 150-300, 300 यूनिट से अधिक बिजली उत्पादन किया जा सकता है।



# खराब मौसम से प्रभावित नौ जिलों को जारी किए 23 करोड़

## अतिवृष्टि व ओलावृष्टि से फसलों को हुआ भारी नुकसान, सीएम योगी के निर्देश पर जालौन, ललितपुर, महोबा, सहारनपुर, बांदा, बस्ती, झांसी, शामली और चित्रकूट के लिए जारी किया मुआवजा



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले तीन दिनों में खराब मौसम से अन्नदाताओं की क्षतिग्रस्त फसलों के मुआवजे के लिए 23 करोड़ की धनराशि जारी कर दी है। यह धनराशि अतिवृष्टि और ओलावृष्टि से सर्वाधिक प्रभावित नौ जनपदों के लिए जारी की गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राहत विभाग को तत्काल अन्नदाताओं के खातों में धनराशि भेजने के निर्देश दिये हैं। इसके अलावा प्रदेश के अन्य जिलों में भी क्षतिग्रस्त फसलों का सर्वे कार्य लगभग पूरा हो गया है। सर्वे की रिपोर्ट के अनुसार किसानों को मुआवजा देने की प्रक्रिया चल रही है।

**फसलों के नुकसान की सर्वे रिपोर्ट देखते ही सीएम योगी ने स्वीकृत की धनराशिः** प्रमुख सचिव राजस्व पी. गुरु प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर खराब मौसम से क्षतिग्रस्त फसलों के सर्वे के लिए प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को खेतों में स्थलीय आकलन के लिए भेजा गया था। इस पर प्रदेश के नौ जिलों से अतिवृष्टि और ओलावृष्टि से क्षतिग्रस्त फसलों की रिपोर्ट विभाग को भेजी गयी थी। इस रिपोर्ट को मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इसी क्रम में उन्होंने नौ जिलों के लिए 23 करोड़ रुपये की धनराशि जारी कर दी। राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि जालौन के लिए सबसे ज्यादा पांच करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए। वहीं ललितपुर, महोबा, सहारनपुर के लिए 3-3 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसी तरह बांदा, बस्ती, झांसी और शामली के लिए दो-दो करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसके अलावा चित्रकूट के लिए 1 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। इन जिलों के प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की प्रक्रिया चल रही है। राहत आयुक्त ने बताया कि खराब मौसम की वजह से प्रदेश के नौ जिलों में अतिवृष्टि और ओलावृष्टि से फसलों को सर्वाधिक नुकसान हुआ था। इसी को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन जिलों को तत्काल मुआवजा देने का आदेश दिया है।

**मुआवजा**

**8 मुख्यमंत्री योगी ने राहत विभाग को तत्काल अन्नदाताओं के खातों में धनराशि भेजने के निर्देश दिये**

